वर्ष : 16 अंक : 165 लखनऊ सोमवार, 17 जून 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 05:12
सूर्यास्त : 07:02
अधिकतम : 45:00°
न्यूनतम : 34:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **

10 स्टार्स के प्रति फैन की दीवानगी को लेकर सोनाली हुईं चिंतित

हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मिलेगी... 2 | चुनाव परिणाम पर झूठे नैरेटिव गढ़ने... 6 | नयी तबादला नीति में दिव्यांगों को राहत 12

आतंक की कमर तोड़ने की तैयारी

हाईलेवल मीटिंग में शाह ने कहा–आतंकियों की मदद करने वालों को भी कुचलें

● जीरो टेरर प्लान लागू करने का गृहमंत्री ने दिया निर्देश

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। केन्द्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में आतंक की कमर तोड़ने की तैयारी कर ली है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसके लिए एक खास प्लान बनाया है। उन्होंने आतंकी गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाने की नीति जीरो टेरर प्लान लागू करने का निर्देश दिया है। अमित शाह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें। सुरक्षा एजेंसियों को सफलता हासिल करने के लिए उन्होंने कश्मीर की तर्ज पर जम्मू संभाग में भी आतंकियों के खिलाफ ऐक्शन पर जोर दिया। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी नीत सरकार नए तरीकों से आतंकवादियों पर नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर शाह ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इसमें गृह मंत्री ने अधिकारियों से ये बातें कहीं। शाह ने 29 जून से शुरू होने जा रही वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की।

शाह ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में सभी तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ाई जाए। 21 जून को योग दिवस के कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को श्रीनगर जा रहे हैं। 29 जून से अमरनाथ यात्रा भी शुरू हो रही है। इसे देखते हुए शाह ने अधिकारियों से यात्रा रूट और नेशनल हाईवे पर अतिरिक्त बलों की तैनाती करने कहा है। मीटिंग के दौरान गृह मंत्री शाह का पूरा फोकस अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा। पिछले साल 4.28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा पर आए थे। इस बार यह आंकड़ा पांच लाख तक जा सकता है। यह कहा जा रहा है कि इस बार सभी तीर्थयात्रियों को स्पेशल कार्ड दिए जा सकते हैं, ताकि उनकी असली लोकेशन का पता लगाया जा सके। इसके अलावा सभी को 5 लाख रुपए का बीमा कवर दिया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि तीर्थयात्रियों को ले जाने वाले प्रत्येक जानवर के लिए 50 हजार का बीमा कवर भी होगा। शाह ने एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन से बेस कैंप तक सभी तीर्थयात्रियों की सुरक्षा पर जोर दिया है।

अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। इस बार अमरनाथ यात्रा 52 दिन की होगी। यात्रा से पहले केंद्र ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्रीय सुरक्षाबलों की 500 कंपनियों को घाटी में तैनात करने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीबी और सीआईएसएफ समेत केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल की 500 कंपनियों को अमरनाथ यात्रा के रूट पर तैनात किया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आने वाले दिनों में सुरक्षाबल वहां आतंकवाद रोधी अभियान तेज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार चलाया जाएगा। शाह ने यहां नॉर्थ ब्लॉक में उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इससे तीन दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसी मुद्दे पर एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था।

सूत्रों ने बताया कि पिछले शुक्रवार को हुई एक बैठक में शाह को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति, अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों की तैनाती, घुसपैठ की कोशिशों, आतंकवाद रोधी अभियानों की स्थिति और केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में जानकारी दी गई थी। आतंकवादियों ने पिछले 4 दिनों में जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए। इनमें 9 तीर्थयात्रियों और सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई व 7 सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए। कठुआ जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ।

गृह मंत्री ने एजेंसियों को जम्मू में 'एरिया डॉमिनेशन प्लान और 'ज़ीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नये तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया। शाह ने कहा, 'जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है। हाल ही में हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सीमित होने के लिए मजबूर हो गया है लेकिन हम इसको भी जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं।' गृह मंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय पर जोर देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और उनकी सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान देने पर ज़ोर दिया।

गृह मंत्री ने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को केन्द्र सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

श्रीनगर में रविवार को जम्मू कश्मीर के उच्च अधिकारियों की बैठक लेते केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

शिक्षा मंत्री ने माना नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी

एनटीए में सुधार की जरूरत, किसी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा

विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी

संबलपुर/नयी दिल्ली। नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली बार गड़बड़ी की बात मानी है। उन्होंने रविवार 16 जून को कहा कि नीट के रिजल्ट में कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। जो भी बड़े अधिकारी इसमें शामिल पाए जाएंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने माना कि परीक्षा लेने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में सुधार की जरूरत है।

प्रधान ने कहा कि नीट के संबंध में दो तरह की अव्यवस्था का विषय सामने आया है। पहला- शुरुआती जानकारी थी कि कुछ स्टूडेंट्स को कम समय मिलने के कारण ग्रेस नंबर दिए गए। दूसरा- दो जगहों पर कुछ अनियमितताएं सामने आई हैं। मैं छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त करता हूं कि इसे भी सरकार ने गंभीरता के साथ लिया है। नीट की

परीक्षा इसी साल 5 मई को हुई थी। इसमें 23 लाख 30 हजार स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। इस दौरान लोकसभा के चुनाव भी हो रहे थे। 4 जून को लोकसभा के साथ नीट के भी रिजल्ट जारी किए गए। इसमें 67 स्टूडेंट्स को पूरे 720 मार्क्स दिए गए। नीट की परीक्षा के इतिहास में पहली बार इतने छात्र टॉप स्कोरर रहे। इस पर कई स्टूडेंट्स ने सवाल उठाए।

परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट समेत सात हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर हुई हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट एक साथ जोड़कर आठ जुलाई को सुनवाई करेगा। इनमें नीट पेपर लीक और सीबीआई जांच की मांग वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। इससे पहले 13 जून को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच में तीन याचिकाओं पर सुनवाई हुई थी। इस दौरान एनटीए ने कोर्ट को तीन बातें कहीं थीं। इसके मुताबिक नीट-यूजी परीक्षा में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1,563 उम्मीदवारों के स्कोरकार्ड रद किए जाएंगे। इन उम्मीदवारों को 23 जून को फिर से परीक्षा देनी होगी। रिजल्ट 30 जून से पहले जारी किए जाएंगे। 1,563 से ज्यादा उम्मीदवारों के परिणामों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई है।

वाहन पर पत्थर लगने से परिवार के तीन लोग मरे

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में श्रीनगर-लद्दाख राजमार्ग पर जोजिला दर्रे पर रविवार को एक वाहन पर पत्थर लगने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना पानीमाथा में हुई जब कारगिल से पर्यटक स्थल सोनमर्ग की ओर जा रहे एक वाहन पर एक पत्थर लग गया। मृतकों की पहचान द्रास निवासी गुलाम मोहदीन शेख (40), उनकी पत्नी सदा बेगम (38) और बेटे जीशान महदीन (14) के रूप में हुई है। शेख की 16 वर्षीय बेटी राबिया महदीन दुर्घटना में घायल हो गई। दो अन्य घायल व्यक्तियों की पहचान अब्दुल मजीद भट और साहिल अहमद भट के रूप में की गई है। दोनों मतयान द्रास के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनमर्ग ले जाया गया।

बाबरी मस्जिद नहीं, तीन गुम्बद वाला ढांचा

एनसीईआरटी की नयी पुस्तक में बदलाव, अयोध्या विवाद को दिया अयोध्या विषय नाम

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। एनसीईआरटी की किताब से बाबरी मस्जिद, भगवान राम, श्रीराम, रथ यात्रा, कारसेवा और विध्वंस के बाद की हिंसा की जानकारी हटा ली गई है। देश की टॉप एजुकेशन बॉडी ने 12वीं की पॉलिटिकल साइंस की किताब से ये शब्द हटा लिए हैं। वहीं बुक में बाबरी मस्जिद नाम के बजाय इसे तीन गुंबद वाला ढांचा और अयोध्या विवाद को अयोध्या विषय के नाम से पढ़ाया जाएगा। चार पेज के टॉपिक को भी दो पेज का कर दिया गया है।

बाबरी मस्जिद विध्वंस या उसके बाद हुई सांप्रदायिक हिंसा का संदर्भ क्यों हटा दिया गया? इस सवाल पर एनसीईआरटी के डायरेक्टर दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा- हमें स्कूल में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम पॉजिटिव नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि वॉयलेंट और डिप्रेस्ड। 2014 के बाद से एनसीईआरटी की टेक्स्ट बुक में संशोधन का यह चौथा दौर है। 2017 में पहले दौर में

एनसीईआरटी ने हाल की घटनाओं को दर्शाने के लिए संशोधन की जरूरत का हवाला दिया था। 2018 में सिलेबस के बोझ को कम करने के लिए संशोधन किए गए। 2021 में भी सिलेबस के बोझ को कम करने और छात्रों को कोविड के कारण पढ़ाई में दिक्कत से उबरने में मदद के लिए संशोधन किए गए।

एनसीईआरटी की पुरानी किताब में बाबरी मस्जिद का जिक्र 16वीं शताब्दी की मस्जिद के रूप में किया गया था। इसे मुगल सम्राट बाबर के सेनापति मीर बाकी ने बनवाया था। नई बुक में इसे तीन-गुंबद वाला स्ट्रक्चर लिखा गया है। इसमें बताया गया है कि तीन गुंबद वाली इमारत को 1528 में श्रीराम के जन्मस्थान पर बनाया गया था। इसके भीतरी और बाहरी स्ट्रक्चर में हिंदू प्रतीक और अवशेष स्पष्ट रूप से नजर आ रहे थे।

सकलानी ने स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि टेक्स्ट बुक में बदलाव सालाना संशोधन का हिस्सा है। उन्होंने कहा- क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह पढ़ाना चाहिए कि वे ऑफेंसिव हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार हों? क्या यही शिक्षा का उद्देश्य है? क्या हमें ऐसे छोटे बच्चों को दंगों के बारे में पढ़ाना चाहिए? जब वे बड़े हो जाएंगे तो वे इसके बारे में जान सकते हैं।

नयी बुक में इन तीन चीजों को हटाया गया है। एनसीईआरटी की पुरानी किताब में सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस एमएन वेंकटचलैया और जस्टिस जीएन रे ने मोहम्मद असलम बनाम भारत संघ मामले में 24 अक्टूबर 1994 को दिए गए फैसले में टिप्पणियों का अंश था। इसमें कल्याण सिंह (बाबरी ढहाए जाने के दौरान यूपी के मुख्यमंत्री) को कानून की गरिमा को बनाए रखने में विफल रहने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया गया था।

खड़गे से मिले रिजिजु

नयी दिल्ली। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू होने पहले संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू रविवार शाम अचानक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने उनके आवास पर पहुंचे।

ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं

ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं अभिकर्ताओं को 'विश्ववार्ता' परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

–सम्पादक

अवकाश सूचना

ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर सोमवार 17 जून 2024 को 'विश्ववार्ता' कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक एक दिन बाद बुधवार 19 जून 2024 को प्रकाशित होगा।

–महाप्रबंधक

गुजरात में अटका मानसून, यूपी में हीट वेव जारी

» वाराणसी में विदेशी महिला पर्यटक समेत तीन लोगों की मौत

विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी

नयी दिल्ली। मध्य प्रदेश, राजस्थान में प्री-मानसून एक्टिविटी जारी है। वहीं गुजरात में चार दिन पहले एंट्री लेने के बाद मानसून रुक गया है। बीते दो दिनों में एमपी-राजस्थान के 10 जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, 10-14 जून के बाद से मानसून कमजोर हुआ है, जिसके चलते मध्यप्रदेश में मानसून आने में देरी हो रही है। एमपी और अन्य राज्यों में इसकी 18-19 जून तक एंट्री होने की संभावना है।

पश्चिम बंगाल समेत नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों (नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मेघालय, सिक्किम) में आज यानी 16 जून से 19 जून तक बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में 64 से 115 मिमी बारिश हो सकती है। साथ ही 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। गरज के साथ बिजली के चमकने का भी अनुमान है। उधर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में हीटवेव का दौर जारी है। वाराणसी में गर्मी से महिला पर्यटक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पंजाब के अबोहर में शनिवार को पारा 47.1 सेल्सियस और दिल्ली में पारा 46 डिग्री रहा। आईएमडी के मुताबिक इन राज्यों समेत बिहार और झारखंड में 18 जून तक सीवियर हीटवेव का असर बना रहेगा। वहीं, एमपी, यूपी, राजस्थान, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल में भी 17 जून तक हीटवेव चलेगी।

अमूमन गुजरात में 15 से 20 जून के बीच मानसून दस्तक देता है, लेकिन इस बार 11 जून को ही गुजरात के नवसारी में मानसून वाली बारिश हुई। अहमदाबाद मौसम केंद्र के वैज्ञानिक रामाश्रय यादव ने कहा कि साउथ-वेस्ट डिस्टरबेंस के चलते मानसून आगे नहीं बढ़ पाया है। यह 20 जून तक अहमदाबाद और सौराष्ट्र के कुछ इलाकों सहित अन्य हिस्सों में आगे बढ़ता है। 25 जून तक सौराष्ट्र के अधिकांश हिस्सों को कवर करता है। 30 जून तक पूरे गुजरात को कवर करता है। आईएमडी के मुताबिक अगले 5 दिन में गुजरात के कई जिलों में आंधी चल सकती है। वलसाड, दमन, दादरा और नगर हवेली में 19 जून को भारी बारिश होने की संभावना है।

सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग ने शनिवार को मंगन में तेज बारिश के बाद बिगड़ी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मंगन में 6 लोगों के मारे जाने पर दुख जताया। माजुवा में भी लैंडस्लाइड के कारण 3 लोग मारे गए और कई घायल हुए। कई घर भी क्षतिग्रस्त हुए, 67 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। सीएम ने कहा कि हमने केंद्र सरकार से मदद मांगी है।

संसद भवन परिसर में प्रेरणास्थल का उद्घाटन

नई दिल्ली। संसद भवन की भव्यता को और बढ़ाने के लिए लोकसभा सचिवालय ने संसद भवन परिसर में 'प्रेरणा स्थल' का निर्माण किया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा-स्थल का उद्घाटन किया। प्रेरणा-स्थल का निर्माण आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जो संसद भवन के अंदर एक ही स्थान पर महान नेताओं की प्रतिमाओं को देख सकेंगे और श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि संसद भवन परिसर में हमारे देश के सभी महान लोगों, क्रांतिकारियों, अध्यात्मवादियों, सांस्कृतिक नेताओं, जिन्होंने नई चेतना जगाई, उनकी प्रतिमाएं अलग-अलग स्थानों पर स्थापित की गई हैं। जिस पर लोकसभा ने फैसला किया है किए इन सभी महान विभूतियों की मूर्तियों को सम्मानपूर्वक एक जगह पर स्थापित किया जाएगा।

डिप्टी स्पीकर पद नहीं मिला तो लड़ेंगे स्पीकर का चुनाव

इंडिया अलायंस ने कहा– विपक्ष को यह पद दिये जाने की है परम्परा

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र अगले हफ्ते यानी 24 जून से शुरू होने वाला है। यह सत्र 9 दिन यानी 3 जुलाई तक चलेगा। 26 जून से लोकसभा स्पीकर के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। ऐसी खबरें हैं कि भाजपा ओम बिड़ला को दूसरी बार स्पीकर बना सकती है, वहीं चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और नीतीश कुमार की जदयू स्पीकर पद मांग सकती हैं। इधर विपक्षी खेमा इंडिया गुट भी लोकसभा में मजबूत स्थिति में है। ऐसे में उसे उम्मीद है कि डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष के किसी सांसद को मिलेगा। हालांकि सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अगर विपक्ष के सांसद को डिप्टी स्पीकर पद नहीं मिलता है तो विपक्षी खेमा स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतारेगा।

डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को देने की परम्परा रही है। 16वीं लोकसभा में एनडीए में शामिल रहे अन्नाद्रमुक के थंबीदुरई को यह पद दिया गया था, जबकि 17वीं लोकसभा में किसी को भी डिप्टी स्पीकर नहीं बनाया गया था।

स्पीकर का पद सत्ताधारी पार्टी या गठबंधन की ताकत का प्रतीक होता है। वहीं लोकसभा के कामकाज पर स्पीकर का ही कंट्रोल होता है। संविधान में स्पीकर के साथ डिप्टी स्पीकर के चुनाव का भी प्रावधान है, जो स्पीकर की गैर-मौजूदगी में उसकी ड्यूटी पूरी करता है। माना जा रहा है कि ओम बिड़ला को स्पीकर बनाने के साथ भाजपा की आंध्र प्रदेश अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी को लोकसभा उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है। पुरंदेश्वरी चंद्रबाबू नायडू की पत्नी नारा भुवनेश्वरी की बहन हैं। उन्होंने नायडू का उस वक्त समर्थन किया था, जब उनकी अपने ससुर एनटी रामाराव का तख्तापलट करने पर आलोचना हो रही थी। ऐसे में उन्हें डिप्टी स्पीकर बनाया जाता है तो नायडू पर सॉफ्ट प्रेशर रहेगा। उनकी पार्टी पुरंदेश्वरी का विरोध नहीं कर पाएगी।

संविधान के आर्टिकल 93 और 178 में संसद के दोनों सदनों और विधानसभा अध्यक्ष पद का जिक्र है। आमतौर पर लोकसभा में नई सरकार बनते ही स्पीकर चुनने की परंपरा रही है। पीएम पद की शपथ लेने के तीन दिन के अंदर इनकी नियुक्ति होती है। स्पीकर लोकसभा का प्रमुख और पीठासीन अधिकारी है। कुल मिलाकर लोकसभा कैसे चलेगी, इसकी पूरी जिम्मेदारी स्पीकर की होती है। वो संविधान के अनुच्छेद 108 के तहत संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करता है। लोकसभा में विपक्ष के नेता को मान्यता देने का भी फैसला करता है।

एक जुलाई से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को कहा कि तीन नए आपराधिक कानून 'भारतीय न्याय संहिता','भारत सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' एक जुलाई 2024 से लागू होंगे। ये कानून पिछले साल 25 दिसंबर को अधिसूचित किए गए थे।

मेघवाल ने कहा, भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) बदल रहे हैं। उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए और भारत के विधि आयोग की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए तीनों को कानूनों को बदला गया है। उन्होंने कहा, एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नाम से तीन कानून लागू किए जाएंगे। इन तीन नए कानूनों के लिए सभी राज्यों में प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

मस्क के ट्वीट पर ईवीएम को लेकर फिर विवाद, आयोग ने कहा- हैक नहीं हो सकती

अखिलेश ने कहा– पता नहीं क्यों जिद पर अड़ी है भाजपा, राहुल ने बताया ब्लैक बॉक्स जिसकी किसी को जांच की इजाजत नहीं

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद एक बार फिर ईवीएम को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। तमाम विपक्षी पार्टियों ने एक बार फिर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिये कराने की मांग की। इस पर अब चुनाव आयोग ने अपनी सफाई पेश की है। मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट की निर्वाचन अधिकारी वंदना सूर्यवंशी ने कहा कि ईवीएम 'स्टैंडअलोन' (स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाली) प्रणाली है, इसे अनलॉक करने के लिए ओटीपी की जरूरत नहीं है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्यवंशी ने कहा, 'आज जो खबर आई उस को लेकर कुछ लोगों ने ट्वीट किए। ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता है। ईवीएम डिवाइस किसी से कनेक्ट नहीं रहता, अखबार द्वारा पूरी तरह से गलत खबर चलाई गई है। ईवीएम स्टैंडअलोन सिस्टम है। खबर पूरी तरह से गलत है हमने पेपर को नोटिस इशू किया है। 499 आईपीसी के तहत मानहानि का केस भी किया गया है।

दरअसल दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन एलन मस्क ने 15 जून को लिखा- ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। इसे इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का खतरा है। हालांकि ये खतरा कम है, फिर भी बहुत ज्यादा है। अमेरिका में इससे वोटिंग नहीं करवानी चाहिए। मस्क के इसी बयान को लेकर सपा प्रमुख यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा,

'टेक्नोलॉजी' समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।' यादव ने इसी पोस्ट में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, 'आज जब विश्व के कई चुनावों में ईवीएम को लेकर गड़बड़ी की आशंका जाहिर की जा रही है और दुनिया के जाने-माने प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ (टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स) ईवीएम में हेराफेरी के खतरे की ओर खुलेआम लिख रहे हैं, तो फिर ईवीएम के इस्तेमाल की जिद के पीछे की वजह क्या है, ये बात भाजपाई साफ करें।' उन्होंने कहा, 'आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर (मतपत्र) से कराने की अपनी मांग को हम फिर दोहराते हैं।'

एलन मस्क हमसे लें ट्यूटोरियल : चंद्रशेखर

नयी दिल्ली। अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन एलन मस्क ने कहा है कि ईवीएम से वोटिंग नहीं करवानी चाहिए। इसे इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का खतरा है। हालांकि ये खतरा कम है, फिर भी बहुत ज्यादा है। अमेरिका में इससे वोटिंग नहीं करवानी चाहिए। इस पर भाजपा नेता और पूर्व आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा– मस्क के मुताबिक कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता, ये गलत है। उनका बयान अमेरिका और अन्य स्थानों पर लागू हो सकता है – जहां वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए नियमित कंप्यूट प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। भारतीय ईवीएम सुरक्षित हैं और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं। कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट नहीं। यानी कोई रास्ता नहीं है। फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर जिन्हें दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। ईवीएम को ठीक उसी तरह डिजाइन किया जा सकता है जैसा कि भारत ने किया है। हमें इसका ट्यूटोरियल देने पर खुशी होगी, एलन।

वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एक ब्लैक बॉक्स है, जिसकी जांच करने की किसी को इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर 'गंभीर चिंताएं' जताई जा रही हैं। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा,'जब संस्थाओं में जवाबदेही ही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बन कर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है।' इस पोस्ट के साथ गांधी ने एक खबर भी साझा कि जिसमें दावा किया गया कि मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से 48 वोट से जीत दर्ज करने वाले शिवसेना के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक ऐसा फोन है जिससे ईवीएम में छेड़छाड़ संभव थी।

डीआरडीओ ने तैयार की कम दूरी वाली स्वदेशी मिसाइल

नई दिल्ली। भारतीय सेना में कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइलों की बड़े पैमाने पर आवश्यकता है। इस बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने कंधे से दागी जाने वाली और कम दूरी की मारक क्षमता वाली स्वदेशी मिसाइल को तैयार किया है। इस मिसाइल को भारतीय सेना को सौंपने से पहले डीआरडीओ इसका परीक्षण करने की तैयारियों में है। मिसाइल का परीक्षण उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में होगा। बता दें कि भारतीय सेना की मांग पर डीआरडीओ ने कम दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइल को तैयार किया है। इन मिसाइलों को अपने बेड़े में शामिल करने से वायु सेना को भी मदद मिलेगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में तेज गति से चलने वाले ड्रोन, लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर जैसे हवाई लक्ष्यों से निपटने के लिए भारतीय वायु सेना को भी ऐसी मिसाइलों की आवश्यकता है।

हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मिलेगी भरपूर आर्थिक मदद

जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 350 लोगों की समस्याएं

विश्ववार्ता ब्यूरो

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता प्रभावी रहने के चलते मार्च माह से स्थगित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनोपयोगी जनता दर्शन कार्यक्रम एक बार फिर प्रारंभ हो गया है। इसकी शुरुआत गत दिनों लखनऊ स्थित

- मुख्यमंत्री योगी ने सबको दिया भरोसा, हर व्यक्ति की पीड़ा को दूर करने के लिए संकल्पित है सरकार

मुख्यमंत्री के सरकारी आवास से हुई। शनिवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गोरखपुर में पिछला जनता दर्शन लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व 9 मार्च को हुआ था। रविवार सुबह जनता दर्शन में काफी संख्या ऐसे लोगों को थी जो गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने के लिए तत्पर है। हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के मेडिकल इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कर शासन को जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिन पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं

गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में पहुंची एक महिला ने मुख्यमंत्री से इलाज में मदद की गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने उससे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने बताया कि आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में जो भी खर्च आना है, अस्पताल से इस्टीमेट बनाकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को उक्त महिला का आयुष्मान कार्ड बनवाने का भी निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जो भी जरूरतमंद आयुष्मान हेल्थ कार्ड से वंचित रह गए हैं, उनके कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनवाए जाएं।

जनता दर्शन में पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी ने भी लापरवाही की तो उसे दंड का भागी बनना पड़ेगा। इसलिए अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाया। गोशाला का भ्रमण कर सीएम योगी ने गोवंश को उनके विभिन्न नामों से पुकारा। सीएम योगी की आवाज सुनते ही गोवंश उनके पास आ गए। सीएम योगी ने उन्हें दुलारकर अपने हाथों से उन्हें गुड़-रोटी खिलायी।

मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य और पोषण की जानकारी ली।

प्रदेश में हो रही निर्बाध विद्युत आपूर्ति

भीषण गर्मी व लू में उपभोक्ताओं को नहीं हुई परेशानी

» बिना किसी भेदभाव के मिल रही 24 घंटे विद्युत आपूर्ति

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी व लू के कारण तथा बिजली के घरेलू उपयोग बढ़ने से बिजली की अप्रत्याशित मांग बढ़ी है। इस बढ़ी हुई मांग को सभी विद्युत कार्मिक, यूपीपीसीएल और डिस्कॉम के प्रबंधन ने अपने पूर्ण कौशल और कर्तव्यपरायणता का परिचय देते सकुशल पूरा किया और पूरे प्रदेश में 24 घंटे में विद्युत की निर्बाध आपूर्ति कर रहे जिससे भीषण गर्मी व लू से होने वाली परेशानियों से प्रदेशवासियों को राहत मिली है। स्थानीय दोषों, आंधी व तूफान या अन्य किसी कारण से आपूर्ति बाधित होने के अलावा बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश को रोस्टर मुक्त करके 24 घंटे बिजली दी जा रही है। फिर भी कुछ लोगों द्वारा बिजली नहीं आने का दुष्प्रचार किया जा रहा है जो कि घोर निन्दनीय व द्वेषपूर्ण है। उप्र के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को अपने 14 कालीदास, लखनऊ स्थित आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर प्रदेश की विद्युत आपूर्ति एवं व्यवस्था की जानकारी दी।

ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि उप्र में 30,618 मेगावाट विद्युत की अधिकतम मांग को सकुशल पूरा किया गया और पूरे देश में सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गयी। वर्तमान में उप्र पूरे देश में सभी राज्यों को पीछे छोड़ते हुए महाराष्ट्र से भी 4000 से 5000 मेगावाट अधिक की आपूर्ति कर रिकार्ड बना रहा है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष प्रदेश में 28,284 मेगावाट सर्वाधिक मांग थी। जो कि इस वर्ष 28,284 मेगावाट से गर्मी की शुरुआत हुई और यह अब तक 30,618 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। आगे अभी भीषण गर्मी से राहत न मिली तो 31 हजार मेगावाट से भी अधिक विद्युत मांग बढ़ेगी। कहा कि वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पहले से ही तैयारी की गयी और उन राज्यों से तापीय और जल विद्युत दोनों प्रकार के विद्युत खरीद का अनुबंध किया गया जहां पर विद्युत अधिक थी। प्राइवेट एजेंसियों तथा एक्सचेंज से भी बिजली खरीद की गयी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 से अब तक लगभग 50 वर्षों से प्रदेश की बदहाल विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने व पटरी पर लाने के लिए विगत 02 वर्षों में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा। इसमें आरडीएसएस योजना अंतर्गत 17 हजार करोड़ रूपये, बिजनेस प्लान के तहत 05 हजार करोड़ रूपये तथा नगरीय निकायों में विद्युत तंत्र के विकास हेतु 01 हजार करोड़ रूपये के अनुरक्षण कार्य कराये गये। इसके अंतर्गत पूरे प्रदेश में जर्जर व झूलते हुए तारों को हटाया गया तथा 01 लाख किमी तक एबी केबल में बदला गया। जर्जर व झुके हुए पोल को हटाकर 19 लाख नये खम्भे लगाये गये तथा 06 लाख ट्रांसफार्मर पर कार्य हुआ, इसमें नये ट्रांसफार्मर लगाये गये, क्षमता वृद्धि और मरम्मत का कार्य हुआ। ट्रांसफार्मर जलने पर कार्मिकों की जवाबदेही तय की गयी है। ट्रांसफार्मर के टम्प्रेचर को नार्मल बनाये रखने के लिए पहली बार कूलिंग की भी व्यवस्था की गयी है। इन सभी कार्यों से विद्युत की इस अप्रत्याशित मांग को सकुशल पूरा किया जा रहा जो कि इसके पहले विद्युत की इतनी आपूर्ति कभी नहीं की गयी।

प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति का मुख्यमंत्री का दावा खोखला

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में अपनी हार से बौखलाई भाजपा सरकार प्रदेश के मतदाताओं को हर तरह से परेशान करके बदला लेने पर उतारू हो गई है। भीषण गर्मी से तपते माहौल में 24 घंटे बिजली आपूर्ति का मुख्यमंत्री का दावा महज खोखला है। लोगों का पसीना बह रहा है। बिजली पानी का संकट गहराता जा रहा है। लाखों परिवार बिलख रहे हैं। भाजपा सरकार इसके बाद भी बिजली दरें दोगुनी कर रही है। गांव-शहर की बिजली दरें भी अलग-अलग करके जनता की कमर तोड़ने की साज़शि है। श्री यादव ने कहा कि देश में विद्युत उपभोक्ता कानून 2020 लागू होने से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति पाने का हर उपभोक्ता अधिकारी हो गया है। ऐसे में ग्रामीण और शहरी आपूर्ति की दरों में बढ़ोरी नियम संगत कैसे हो सकती है? वैसे भी कानून के तहत ग्रामीण फीडर के शहरी फीडर में परिवर्तन की घोषणा का अधिकार मुख्यमंत्री जी का है। पावर कारपोरेशन ने क्या मुख्यमंत्री जी का अधिकार भी अधिग्रहित कर लिया है? श्री यादव ने कहा कि राज्य के ग्रामीण इलाकों को मिलने वाली बिजली को महंगी करने की साजिश के तहत ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर में बदलने से उपभोक्ताओं को दो रुपये प्रति यूनिट बिजली महंगी मिलेगी। इस फैसले से करीब 2 करोड़ 85 लाख उपभोक्ता प्रभावित होंगे। ग्रामीण इलाकों में घरेलू उपभोक्ताओं को 3 .35 रूपये यूनिट की दर से बिजली की कीमत चुकानी होती है जबकि शहरी इलाकों में यह कीमत 5 .50 रूपए प्रतियूनिट है। जनता के साथ यह धोखा है। अखिलेश यादव ने कहा कि सच तो यही है कि भाजपा को गांव-गरीब से कोई सहानुभूति नहीं है। वह पूंजी घरानों की हितचिंतक है। उसकी नीतियां सम्पन्न वर्ग को और सम्पन्न तथा गरीब को और गरीब बनाती है। भाजपा ने जनसामान्य की जिंदगी दूभर कर दी है। भीषण गर्मी के दिनों में लोगों का जीना हराम हो गया है।

1857 के क्रांतिकारियों व शहीदों को किया गया नमन

प्रयागराज। भारत भाग्य विधाता के तत्वावधान में 1857 की क्रांतिकारी को शहीदों को नमन किया गया। उनकी याद में दीप जलाए गए। इस अवसर पर बोलते हुए असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी जितेन कुमार ने कहा कि अपने पूर्वजों के गौरवशाली इतिहास को समझना हमारी पीढ़ी की जिम्मेदारी है। आज वह समय है जब हमें 1857 के क्रांतिकारी शहीदों की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाना है जिससे राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत हो।

शहीद वॉल पर आयोजित एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम में बोलते हुए जितेंद्र कुमार ने कहा कि शहीद वॉल एक ऐसा पवित्र स्थान है जहां पर हमारे पूर्वजों के गौरवशाली इतिहास का बोध होता है। आने वाले दिनों में यह नई कहानी रचेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंडित रामनरेश त्रिपाठी उर्फ पिण्डीवासा ने कहा कि आधुनिक भारत में स्वतंत्रता आंदोलन का साक्षी है शहीद वॉल जहां शहीदों की दास्तान के अलावा स्वतंत्रता संग्राम की पूरी कहानी दिखेगी। शहीद वॉल के संस्थापक कार्यक्रम संयोजक वीरेन्द्र पाठक ने 1857 की क्रांति पर प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह हिंदू मुस्लिम मिलकर लियाकत अली और सरदार रामचंद्र की अगुआई में लड़े। जनविद्रोह ने तब के इलाहाबाद को आजाद कर लिया। यह आजादी 7 जून से 16 जून तक थी। कार्यक्रम में अनिल त्रिपाठी पूर्व डीपीआरओ, जवाहर श्रीवास्तव, अरविंद मालवीय, काली शंकर, मोतीलाल, राहुल दुबे, टीके पांडे, प्रमोद शुक्ला, विनय वर्मा, कादिर भाई, मोहम्मद लईक, नाजिम, उत्कर्ष मालवीय, सलमान, आमिर, आरव भरद्वाज, मनीष, गोविन्द प्रमुख रूप से थे।

सूचना

मैं DAYA SHANKER VERMA पुत्र भाई लाल वर्मा ग्रा.व पो. मऊ गोरपुर का निवासी हूं। ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश मेरा नाम DAYA SHANKER BERMA दर्ज हो गया है। शैक्षिक अभिलेखों के अनुसार मुझे DAYA SHANKER VERMA नाम से ही जाना पहचाना जाए।

हत्या की जांच करने पहुंचा सपा प्रतिनिधिमण्डल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का एक 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल दिनांक 15 जून 2024 को ग्राम सोनपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ निवासी मौलाना फारूक की दबंग लोगों द्वारा की गई हत्या की जांच करने पहुंचा।

समाजवादी पार्टी की जांच कमेटी में एसपी सिंह पटेल सांसद, कमाल अख्तर विधायक/पूर्वमंत्री, नफीस अहमद विधायक, डॉ. आर.के. वर्मा विधायक, रामसिंह पटेल विधायक, मोहम्मद शकील नदवी प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा उप्र, उदयवीर सिंह पूर्व एमएलसी, नागेन्द्र सिंह मुन्ना यादव पूर्व विधायक, गुलशन यादव कार्यवाहक जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी और अब्दुल कादिर जिलानी जिला महासचिव समाजवादी पार्टी शामिल थे। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल के सदस्य तथा समाजवादी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ उप्र के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने बताया है कि प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ तथा पुलिस कप्तान से मिलकर घटना की निष्पक्ष जांच पर जोर दिया।

वेदना में लगाया आर्थिक मदद व संवेदना का मरहम

कुवैत अग्नि हादसे में मृत दो कामगारों के परिजन को दी 5-5 लाख की आर्थिक सहायता

विश्ववार्ता ब्यूरो

गोरखपुर। दुख और विपदा की घड़ी में हर व्यक्ति के साथ एक अभिभावक जैसे खड़े रहना, उसकी वेदना में संवेदना के साथ भरपूर मदद करना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की विशिष्ट पहचान है। पीड़ितों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और आत्मीयता का सजीव दर्शन रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में एक बार फिर देखने को मिला। बीते दिनों कुवैत में हुए एक अग्नि हादसे में जान गवाने वाले गोरखपुर के दो कामगारों के परिजनों और जम्मू के शिवखोड़ी में आतंकी हमले में घायल श्रद्धालुओं से मिलकर सीएम योगी ने न केवल उनकी पीड़ा पर संवेदना का मरहम लगाया बल्कि आर्थिक सहायता देकर उन्हें आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

गत दिनों कुवैत में एक बहुमंजिला भवन में आग लगने से करीब चार दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। इनमें गोरखपुर के सदर तहसील क्षेत्र के जटेपुर उत्तरी निवासी अंगद गुप्ता और कैम्पियरगंज तहसील क्षेत्र के भम्मौर निवासी जयराम गुप्ता भी शामिल थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विदेश मंत्रालय और कुवैत में भारतीय दूतावास से संपर्क कर उनके शव को सम्मानपूर्वक उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था कराई। शनिवार को दोनों मृतकों के शव घर आए और ससम्मान अंतिम संस्कार किया गया। रविवार सुबह मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में दोनों मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की और ढांढस बंधाते हुए उन्हें आत्मीय संबल प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने अंगद गुप्ता की पत्नी रीता देवी और जयराम गुप्ता की पत्नी सुनीता को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक भी प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने दोनों परिवारों से कहा कि दुख की इस घड़ी में वह उनके साथ खड़े हैं। सीएम योगी ने जम्मू के शिवखोड़ी में पिछले दिनों आतंकी हमले में घायल गोरखपुर के पुर्दिलपुरनिवासी राजेश, रिकसोना, भैरोपुर निवासी गायत्री और सोनी को भी एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया। रिकसोना की आर्थिक सहायता का चेक उनके पति राजेश ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इन सभी घायलों के स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली और कहा कि सरकार इलाज में कोई कमी नहीं आने देगी। उल्लेखनीय है कि शिवखोड़ी में हुए आतंकी हमले की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की टीम को घायलों के इलाज और वहां फंसे श्रद्धालुओं को सकुशल उनके घर वापस लाने के लिए लगाया था।

कार्यालय ग्राम पंचायत जमुही वि.ख. भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व SLWM व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, आरआरसी केंद्र निर्माण, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 02 बजे तक दिनांक 20.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 21/06/2024 को अपराहन 04 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम प्रधान — सचिव
नीरज — नरेंद्र सिंह पटेल

कार्यालय ग्राम पंचायत रामापुर बरकतपुर वि.ख. भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व SLWM व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, आरआरसी केंद्र निर्माण, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 02 बजे तक दिनांक 20.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 21/06/2024 को अपराहन 02 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम प्रधान — सचिव
शालिनी सिंह — नरेंद्र सिंह पटेल

विकास व जनकल्याण के कार्यों की सतत निगरानी करें एमपी-एमएलए : मुख्यमंत्री योगी

गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों संग सीएम ने किया संवाद

विश्ववार्ता ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसद, विधायक समेत सभी जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया है कि वे विकास और जन कल्याण के कार्यों की सतत निगरानी करें। सभी

- आमजन का विश्वास जीतने के साथ विश्वास की डोर और मजबूत करें
- लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन पर विधानसभावार चर्चा की सीएम योगी ने

जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में पात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को तत्पर रहें, विकास कार्यों के नए प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। सुरक्षित माहौल में विकास और जनकल्याण सरकार की प्रतिबद्धता है।

सीएम योगी रविवार को एनेक्सी भवन में गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे। अनौपचारिक अंदाज में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और लोकसभा चुनाव में पूरे मनोयोग से परिश्रम करने वाले विधायकगण को साधुवाद दिया। उन्होंने संवाद के लिए आहुत इस बैठक में उपस्थित सभी विधायकों से उनके क्षेत्र में जारी विकास कार्यों, जनकल्याण के कार्यक्रमों की उपलब्धियों की जानकारी ली। कहा कि विकास सतत चलने वाली प्रक्रिया है। क्षेत्र में विकास की जितनी भी गुंजाइश है, सभी जनप्रतिनिधि उस पर प्रस्ताव तैयार कराएं। साथ ही ऐसे पात्र लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ें जिन्हें किन्हीं कारणवश किसी योजना का लाभ न मिल पाया हो।

सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है कि वह जनता की समस्याएं और उनकी अपेक्षाएं सुनें तथा उसके अनुरूप विकास और जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाए। आमजन की संतुष्टि ही किसी जनप्रतिनिधि के काम का मानक है, इसलिए आम आदमी का विश्वास जीतें और इस विश्वास की डोर को और मजबूत करते रहें। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने हालिया संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी के विधानसभावार प्रदर्शन पर भी चर्चा की और सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अभी से आगामी लक्ष्य के संधान में जुट जाएं।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, सांसद रविकिशन, विजय दूबे, शशांक मणि, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायकगण फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेन्द्रपाल सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, जयप्रकाश निषाद, शलभ मणि त्रिपाठी, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, प्रेम सागर पटेल, ऋषि त्रिपाठी समेत कई विधायक, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, रतनपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत सहजापुर वि.ख. भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व SLWM व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, आरआरसी केंद्र निर्माण, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 02 बजे तक दिनांक 20.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 21/06/2024 को अपराहन 04 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम प्रधान — सचिव
कुसुम देवी — अमित कुमार पटेल

कार्यालय ग्राम पंचायत नौसिया वि.ख. भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व SLWM व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, आरआरसी केंद्र निर्माण, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 02 बजे तक दिनांक 20.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 21/06/2024 को अपराहन 02 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम प्रधान — सचिव
इतेंद्र पाल सिंह — अमित कुमार पटेल

विश्ववार्ता

लखनऊ, सोमवार, 17 जून 2024

एक नजर

ताइक्वांडो में संवारें अपना भविष्य

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर नगर के राजकीय उद्यान पार्क में युवतियों को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें युवतियों से अपील की गई कि वे ताइक्वांडो में पूरी तरह से निपुण हों जिससे कि वे इसका बेहतर ढंग से प्रयोग आत्मरक्षा के लिए कर सकें। प्रशिक्षक संध्या राजभर ने कहा कि ताइक्वांडो एक ऐसी कला है जिसका प्रयोग न सिर्फ युवतियां आत्मरक्षा के लिए कर सकती हैं बल्कि इसके माध्यम से अपना भविष्य भी संवार सकती हैं। उन्होंने ताइक्वांडो के अलग-अलग आयाम के बारे में बताया।

साथ रहने को राजी हुए तीन जोड़े

अम्बेडकरनगर। शादी-विवाह गुड्डे गुड़िया का खेल नहीं है। जिसे जब चाहा तोड़ दिया। यह एक पवित्र बंधन है। थोड़ी सी कहासुनी और गलतफहमी में पति-पत्नी के रिश्ते को मत तोड़ें। उक्त बातें महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय ने परिवार परामर्श केंद्र पर पहुंचे दंपतियों से कहीं। तीन जोड़ों को समझा-बुझाकर एक साथ रहने के लिए राजी कर घर भेज दिया गया।

शॉर्ट सर्किट से छप्पर में लगी आग

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर तहसील क्षेत्र के लालापुर सरैया निवासी अंकित वर्मा के छप्पर में दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। धीरे-धीरे आग सुलगते हुए समूचे छप्पर में फैल गई। आग की लपटें देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। हल्ला गुहार पर पहुंचे ग्रामीणों ने मामले की सूचना दमकल कर्मियों को देने के साथ ही आग को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया। कुछ ही देर में दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक छप्पर में रखा गया भूसा व अनाज जल चुका था। पीड़ित के अनुसार घटना से उसे करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ा पीआरवी वाहन

अम्बेडकरनगर। थाना क्षेत्र के महरुआ कस्बा स्थित पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से डायल 112 टीम की वाहन भिड़ गई। इसमें वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसमें बैठे कर्मी बाल-बाल बच गए। पुलिस टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली को अभिरक्षा में ले लिया। महरुआ थाना अंतर्गत 112 टीम रात महरुआ कस्बे में गश्त कर रही थी। इसी बीच कस्बा स्थित पेट्रोल पंप के निकट सड़क किनारे गिट्टी लादकर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से पीआरवी वाहन पीछे से टकरा गया। इससे वाहन का अगला शीशा व गेट आदि क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि चालक मनोज सिंह जबकि उसमें बैठे सिपाही सुमित राजभर व कांस्टेबल दानिश अली सुरक्षित बच गए।

टांडा में सभासदों के हंगामे की भेंट चढ़ी बोर्ड बैठक

टांडा, अम्बेडकरनगर। वर्ष 2024-25 में विकास कर्यों को लेकर हुई नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक सभासदों के हंगामे की भेंट चढ़ गई। इससे बगैर बजट की मंजूरी के ही बैठक समाप्त हो गई। बहुप्रतीक्षित नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक चेयरमैन शबाना नाज की अध्यक्षता में शुरू। शुरू हुई। अधिशासी अधिकारी डॉ. आशीष के संचालन में विकास कार्यों को लेकर बजट की प्रस्तुति की गई। सभासदों इस पर हंगामा कर दिया। सभासदों का कहना था कि पहले पिछली बैठक में मिले विकास कार्यों की मंजूरी की प्रगति के बारे में जानकारी दी जाए। इस संबंध में जो रिपोर्ट प्रस्तुत की गई उसमें ज्यादातर कार्य लंबित पाए गए। इसके अलावा टैक्सी स्टैंड की नीलामी के बगैर ठेकेदार से वसूली किए जाने को लेकर भी सभासदों ने हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि पहले पूर्व के कार्यों को पूरा किया जाए और टैक्सी स्टैंड की नीलामी की जाए। इसके बाद ही नए बजट को मंजूरी प्रदान की जाएगी। सभासदों के हंगामें को देखते हुए बाद में बैठक को बगैर बजट को मंजूरी मिले स्थगित कर दी गई।

चौराहों पर लगी सैनिकों की प्रतीकात्मक मूर्ति

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर नगर के दो प्रमुख चौराहों के सुंदरीकरण के बाद सैनिकों की प्रतीकात्मक मूर्ति लगाई जा रही है। कटरिया याकूबपुर चौराहे पर जहां तीन मूर्तियां स्थापित कर दी गई हैं तो वहीं गौहन्ना चौराहे पर लगाए जाने की तैयारी है। अकबरपुर नगर के प्रमुख चौराहों के सुंदरीकरण को लेकर लगातार जिला प्रशासन की ओर से ठोस कदम उठाया जा रहा है। बीते दिनों ही फव्वारा तिराहा पर भगवान राम की प्रतिमा स्थापित की गई थी तो जिला अस्पताल व जनपद न्यायालय के बीच विकास को पंख लगाते सात घोड़े लगाए गए थे। इसी क्रम में अब कटरिया याकूबपुर व गौहन्ना चौराहे का सुंदरीकरण किया जा रहा है। डीएम अविनाश सिंह की पहल पर कटरिया याकूबपुर चौराहे पर सैनिकों की प्रतीकात्मक तीन मूर्तियां स्थापित कर दी गईं। अकबरपुर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी बीना सिंह ने बताया कि गौहन्ना चौराहे पर भी एक मूर्ति स्थापित की जाएगी।

अलग-अलग दुर्घटना में एक मौत, तीन घायल

बीकापुर, अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्थान पर हुई दुर्घटना में तीन लोग जहां चोटहिल हुए वहीं एक की घटनास्थल पर मौत हो गई। रविवार को किन्ना देवी पत्नी श्रीराम निषाद उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी तारापुर एमीघाट थाना महाराजगंज ने पिपरी निवासी अपने दामाद को देखने आई थी जिनको सांप काट लेने की जानकारी मिली थी दामाद के स्वस्थ होने पर साथ में आई देवरानी संवारी देवी आदि परिवार के लोगों के साथ जा रही थी कि सड़क क्रॉस करते समय सुल्तानपुर की तरफ से जा रही स्विफ्ट गाड़ी संख्या यूपी 44 बी एम 4785 की चपेट में आने में घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उक्त घटना दिन में लगभग दो बजे होने पर तत्काल सी एच सी बीकापुर लाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर अनुराग गुप्ता ने जांच में मृत घोषित करके मेमो पुलिस के पास भेज दिया। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। और पोस्टमार्टम के लिए लिखा पढ़ी करके भेज दिया है। दूसरी घटना क्षेत्र के चमैला गांव के पास बाइक से घर आ रहे दो व्यक्ति मित्रसेन यादव पुत्र राम जग यादव उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी कर ईश्वरपुर एवं विकास यादव पुत्र राम धीरज उम्र लगभग 17 वर्ष निवासी सिंधु तारा की बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से रविवार की बीती रात लगभग 9 :00 बजे गंभीर चोट आने पर सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर जाने दिया गया है। बीती रात लगभग 10 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लगभग 26 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को गंभीर चोट आने पर एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ही जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष चंद्रकेश रावत ने ठोकी दावेदारी

मिल्कीपुर, अयोध्या। लोकसभा सीट पर सपा की जीत के बाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मिल्कीपुर सुरक्षित सीट होने के कारण अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं भाजपा नेता चंद्रकेश रावत ने भी अपनी दावेदारी मजबूत की हैं , क्षेत्र में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के रूप में जनसंपर्क शुरू कर दिया है, चंद्रकेश रावत अमानीगंज ब्लाक अंतर्गत गड़ौली गांव के निवासी है, एवं प्रतिष्ठित व्यापारी भी हैं। क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं, और लोगों के सामने अपने विचार भी रख रहे हैं, वहीं उनको अपार जन समर्थन भी लोगों द्वारा मिल रहा है। क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं इससे साफ दिखाई दे रहा है कि उपचुनाव में अपनी प्रबल देवदारी रख रहे हैं। चंद्रकेश रावत जब से क्षेत्र में जनसम्पर्क कर रहे हैं नेताओं में खलबली मच गई है।

कृषि विवि के सहायक प्राध्यापक की पत्नी की मौत

मिल्कीपुर, अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज स्थित पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अनूप कुमार सिंह की पत्नी नेहा कुमारी (25) का शव उसके कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में बीती रात लगभग 10 :00 बजे फांसी पर लटका मिला। घटना की जानकारी के बाद पति ने अपने सहयोगियों के साथ आनन-फानन में इलाज के लिए सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किए जाने से पहले ही प्रोफेसर पति अपनी पत्नी को लेकर जिला अस्पताल चला गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वह कृषि विश्वविद्यालय के मकान संख्या बी - 87 में परिवार के साथ रहते थे। बीते शनिवार की रात करीब 9 :00 बजे उनकी पत्नी नेहा कुमारी दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक गई थी। थोड़ी देर बाद पति ने जब देखा, तब उन्होंने किसी तरह से नेहा को फंदे से नीचे उतारा और पड़ोस में ही स्थित संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए। अस्पताल के डॉक्टर अमित ने महिला को इमरजेंसी कक्ष में लाने की बात कहते हुए हालत नाजुक बताई। इतने में कार में सवार तीनों लोग महिला को जिला अस्पताल ले जाने की बात कहते हुए लेकर चले गए थे। घटना के दूसरे दिन क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज रतन सिंह एवं फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी डॉ एस पी सिंह की मौजूदगी में सहायक प्राध्यापक के बंद कमरे का ताला तुड़वाकर गहन छानबीन की। अस्पताल के सूत्रों का कहना है कि जिस कार से महिला को लेकर आए थे उसमें सवार तीनों लोग शराब के नशे में धुत थे और उनसे बार-बार कहा गया कि महिला को कार से उतार कर इमरजेंसी कक्ष में ले आइए, किंतु उन लोगों ने एक भी नहीं सुनी थी। फिलहाल मामले में अभी कोई भी तहरीर पुलिस को नहीं मिली है अलबत्ता पुलिस घटना की गहन छानबीन में जुटी है।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर जल्द फर्राटा भरेंगे वाहन

जिले में 1250 करोड़ रुपये से बनकर तैयार है एक्सप्रेस वे

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। लगभग 5876 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर शीघ्र ही वाहन फर्राटा भरते नजर आएंगे। अंबेडकरनगर जनपद में लगभग 1250 करोड़ रुपये की लागत से लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। गोरखपुर जनपद में शीघ्र ही निर्माण पूर हो जाएगा। इसके बाद आवागमन शुरू हो जाएगा। इससे गोरखपुर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ समेत कई जनपदों की दूरियां कम हो जाएंगी।

जिले के जलालपुर तहसील क्षेत्र के सेहरे गांव से निकला गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे जिले की दो तहसील जलालपुर व आलापुर के कुल 37 गांव से होकर गुजरा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाले गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण 5887 करोड़ रुपये की लागत से होना है। इसमें अंबेडकरनगर जनपद में लगभग 43 किमी एक्सप्रेस वे का निर्माण 1250 करोड़ रुपये की लागत से होना था।

फेज टू के तहत जिले में निर्मित होने वाले गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस के निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था दिलीप विल्डकॉन को सौंपी गई। इस बीच गत दिवस ही फेज टू का निर्माण कार्य पूरा हो गया। इसकी जानकारी यूपीडा को दे दी गई।

अंबेडकरनगर आजमगढ़ बॉर्डर पर बनकर तैयार हुआ टोल प्लाजा

बताया जाता है कि गोरखपुर जनपद में फेज एक के तहत हो रहा निर्माण भी लगभग पूरा होने को है। माना जा रहा है कि जुलाई के पहले पखवाड़े तक उसका भी निर्माण पूरा हो जाएगा। ऐसे में जुलाई के अंतिम सप्ताह तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर वाहन फर्राटा भरने लगेंगे।

तहसील क्षेत्र जलालपुर के 19 गांव खानपुर हुसैनाबाद, मसोढ़ा, दुल्हूपुर, चौदहपरास, महगीपुर, पर्वतपुर, खालिसपुर गोदाम, अजमलपुर, हाफिजपुर, नत्थूपुर खुर्द, नूरपुर कला, मुस्कराई, सबरगाह, महमूदपुर ओदरपुर, सेहरी, शाहपुर, अंबरपुर, शिवपाल व ढाका से होकर एक्सप्रेस वे गुजरा है। इसी प्रकार तहसील क्षेत्र आलापुर के 18 गांव जैनपुर, बभनपुरा, सुल्तानपुर तप्पा हवेली, डड़वा, मदैनिया, सिकरौरा, कम्हरिया, सदौली, अहिरौली रानीमऊ, खरुवइयां, शंकरपुर तप्पा हवेली, चोरमरा कमाल, फुलवरिया, नसरुद्दीनपट्टी, टड़वा जलाल, तेंदुआई कला व तेंदुआई खुर्द से एक्सप्रेस वे गुजरा है।

> फेज टू में जिले में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस संबंधित जरूरी पत्रावलियां यूपीडा को उपलब्ध करा दी गई है।
> **संतोष सिंह, सीनियर मैनेजर, दिलीप बिल्डकॉन**

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर वाहनों के फर्राटा भरने से गोरखपुर, संतकबीरनगर, आजमगढ़, बस्ती, सिद्धार्थनगर, लखनऊ की दूरियां कम हो जाएंगी। इसके साथ ही पड़ोसी देश नेपाल की यात्रा भी आसान हो जाएगी। इससे व्यापार में भी वृद्धि होगी। संतकबीरनगर जनपद में कपड़ा उद्योग का बड़ा बाजार है। ऐसे में माना जा रहा है कि टांडा कपड़ा उद्योग को भी इस लिंक एक्सप्रेस के संचालन से व्यापक लाभ मिलेगा।

उच्च न्यायालय के आदेश पर दो वर्ष बाद दर्ज हत्या का मुकदमा

विश्ववार्ता संवाददाता

कुमारगंज, अयोध्या। थाना पूरा कलंदर अंतर्गत ग्राम दौलतपुर में विगत 24 जून 2022 को हुए एक हत्या में अधिवक्ता दिनेश कुमार तिवारी की पैरवी पर उच्च न्यायालय के आदेश पर 2 साल बाद तीन अभियुक्तों के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत हुआ। थाना कुमारगंज अंतर्गत ग्राम रसूलपुर लिलहा निवासी मृतक रामस्वरूप (35) जो कि थाना पूरा कलन्दर के ग्राम दौलतपुर में रहकर राजगीर का कार्य करता था को पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए गांव के ही दलगंजन यादव, हनुमंत यादव पुत्रगण गंगाराम तथा लाल जी पुत्र अमरनाथ ने मिलकर धारदार हथियार और लाठी डंडे से मार कर पेड़ से लटका दिया था। मृतका की पत्नी श्रीमती रामादेवी ने उक्त हत्याकांड की सूचना स्थानीय पुलिस पूराकलन्दर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या तथा जिलाधिकारी अयोध्या से प्रार्थना पत्र देकर न्याय दिलाए जाने की बहुत याचना किया परंतु अभियुक्त गण के प्रभाव में प्रथम सूचना रिपोर्ट ही नहीं अंकित की गई। रंजिश का मुख्य कारण विपक्षी अभियुक्त लाल जी यादव की पुत्री रानी जो कि रामादेवी के देवर जितेंद्र के साथ भाग गई थी। नतीजतन अभियुक्त गणों ने रामस्वरूप की नृशंस हत्या कर बदला लिया। विवश होकर रामादेवी ने जिला जज अयोध्या के यहां रिपोर्ट अंकित कराए जाने के लिए धारा 156/3 में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय ने प्रथम सूचना प्रथम दृश्य घटना गंभीर और संघीय अपराध पाए हुए प्रभारी थाना पूरा केंद्र को सूचना अंकित का विवेचना करने का आदेश दिया परंतु तब भी पूरा कलंदर थाना प्रभारी ने प्राथमिक की दर्ज नहीं की।

थक हारकर पीड़ति रामादेवी ने अधिवक्ता दिनेश कुमार तिवारी की पैरवी पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में रिट याचिका दायर किया तब मुकदमा अपराध संख्या 194/ 2024 धारा 302 आईपीसी व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना की कार्यवाही तो हो पाई परंतु अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई।

धूमधाम से मनाया गया गंगा दशहरा

जहांगीरगंज, अम्बेडकरनगर। जेष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अवसर पर पड़ने वाला गंगा दशहरा पर्व धूम-धाम से मनाया गया । इस मौके पर आलापुर तहसील क्षेत्र में पावन सलिला मां सरयू के विभिन्न नदी घाटों पर बड़ी संख्या में लोगों ने पूजन अर्चन के साथ ही आस्था के गोते लगाए। मान्यताओं व पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी तिथि में पृथ्वी पर मां गंगा अवतरित हुईं और उन्होंने राजा भगीरथ के पूर्वजों का उद्धार किया था, तभी से यह गंगा दशहरा पर्व धरती पर मां गंगा के आगमन की खुशी में सनातन धर्मावलंबियों द्वारा मनाया जाता है , मान्यता है कि इसमें मां गंगा की पूजा व गंगा स्नान करने का विशेष महत्व है। इसी अवसर पर यहां मां सरयू के चहोड़ा घाट, बिड़हर, मंसूरगंज, रामबाग, चांडी पुर व कम्हरिया आदि प्रमुख व अन्य छोटे घाटों पर श्रद्धालुओं विशेषकर महिलाओं व उनके स्वजनों द्वारा स्नान कर मां सरयू का दर्शन पूजन कर आरती उतार कर पुण्य लाभ अर्जित किया गया तथा मन्नतें भी मांगी गईं, घाटों पर स्थित देव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर पकवान (कड़ाही) चढ़ाने की रस्म अदायगी भी की गई इसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग शामिल रहे।

भाकियू की चेतावनी : सर्किल रेट बढ़ाकर मुआवजा नहीं दिया गया तो लगाएंगे राष्ट्रीय पंचायत

किसानों की जो भूमि अधिग्रहित की गई है उन्हें ऐरियर का भूगतान किया जाए

विश्ववार्ता संवाददाता

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस करके प्रशासन से मुआवजे की मांग की। कहा कि अयोध्या जनपद का सर्किल रेट बढ़ाकर मुआवजे का भुगतान तथा जिनकी भूमि ले ली गई है उन्हें एरियर सहित भुगतान किया जाए। भाकियू की मांग है कि वर्षों से अयोध्या धाम के निकटवर्ती राजस्व ग्रामो में किसानो के भूमि का व्यावसायिक उपयोग में अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही है जिसके सापेक्ष में समय-समय पर जनपद के किसानो द्वारा सर्किल रेट बढ़ाकर मुआवजा देने की मांग की जाती रही है किंतु प्रशासन मांगो को दर किनार कर बल पूर्वक किसानो से औने पौने दाम पर जमीन ले ली गई। आरोप लगाया कि जो किसान देने से आना कानी किए उनपर फर्जी मुकदमे भी दर्ज कराए गए हैं। किसानो ने वर्ष 2017 से सर्किल रेट न बढ़ाने के कारण प्रशासन व शासन से कई बार लिखित रूप से मांग भी की है।

> » एक माह में पूरी करें मांगे वरना सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी : अरविन्द यादव

किसान नेताओं ने कहा कि मौजा शहनेवाजपुर में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा 51,25,526 रुपये प्रति विस्वा जमीन खरीदी गई। लोढ़ा कम्पनी ने मांझा तिहुरा में लगभग 6 लाख विस्वा जमीन खरीदी गई जिसके सापेक्ष में आवास विकास परिषद द्वारा शहनेवाजपुर के किसानो को 6 लाख रुपये मुआवजा दिया गया।

मांझा तिहुरा में रेट लगभग 50 हजार रुपये विस्वा मुआवजा दिया जा रहा है जो बेहद ही कम रेट है। इसी तरह एयरपोर्ट के विस्तारीकरण में मुआवजा बहुत ही कम दिया गया। सर्किल रेट 2017 से बढ़ाया गया होता तो जनपद के सभी किसान प्राप्त मुआवजे का ज्यादा तीन गुना मुआवजा पाते तो किसी भी किसान को सरकार के प्रति कोई नराजगी नहीं होती। किसान नेताओं ने प्रेसकांफ्रेन्स में आरोप लगाया कि जिला प्रशासन एयरोसिटी बनाये जाने के लिए सम्बंधित गांवों के सामने अधिग्रहण करने का बोर्ड लगाकर जनता में भय को माहौल बनाया है। इसी प्रकार आवास विकास परिषद एयरपोर्ट विस्तारीकरण, रिंग रोड निर्माण व रामपथ पचकोसी, 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण आदि में जा रहे सैकड़ो ग्राम सभा के किसानो का मुआवजा सर्किल रेट न बढ़ाकर किसानो पर अन्याय किया है।

हमारी मांगों है कि श्रीराम जन्म भूमि क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा खरीदी गई 51,25,526.00 रू० विस्वा और लोढ़ा का कम्पनी द्वारा तिहुरा मांझा में खरीद रेट 6 लाख रुपये विस्वा के अनुसार मुआवजा दिया जाए। उक्त मांगे प्रशासन द्वारा 1 माह में पूरी नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक राष्ट्रीय पंचायत अयोध्या में आयोजित करने को बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।इस मौके पर राजमणि यादव ,जे पी किसान, राम प्यारे धुरिया मौजूद थे।

पिताश्री सम्मान से नवाजे गये हरिकृष्ण अरोड़ा व डॉ . जावेद अख्तर

फादर्स डे पर अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित हुए सम्मान समारोह

विश्ववार्ता संवाददाता

अयोध्या। फादर्स डे के अवसर पर अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शहर के मोतीबाग स्थित आभा होटल के सभागार में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य मिथलेश नन्दिनी शरण हनुमत सदन अयोध्या द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके शुभारम्भ किया गया।

फादर्स डे के अवसर पर आयोयजित सम्मान समारोह

इस अवसर पर मुख्य अतिथि आचार्य मिथलेश नन्दिनी शरण का ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेन्द्रा, ट्रस्ट की उपाध्यक्ष भारती सिंह , उपाध्यक्ष मंजूर खान, कोषाध्यक्ष एकता टण्डन ने पटका पहनाकर, माल्यार्पण करके व स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत व अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि आचार्य मिथलेश नन्दिनी शरण ने पत्रकारिता के क्षेत्र में हरिकृष्ण अरोड़ा का पटका व साफा बाँधकर तथा स्मृति चिन्ह देकर पिताश्री सम्मान से सम्मानित किया। बीमार होने के कारण पिताश्री सम्मान लेने वरिष्ठ चिकित्सक डा. जावेद अख्तर नहीं उपस्थित हो पाये उनका सम्मान ट्रस्ट उनके घर ले जाकर देगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर स्वागत व अभिनन्दन किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आचार्य मिथलेश नन्दिनी शरण जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पिता का स्थान प्रभु से बड़ा है पिता का त्याग, तपस्या, प्यार अनमोल है। दुनिया में पिता ही एक ऐसा है जो चाहता है कि मेरा पुत्र मुझसे ज्यादा कामयाब हो। इसलिये पिता का स्थान जीवन में अहम होता है जिसने अपने पिता की सेवा व सम्मान नहीं किया वह जीवन में सफलता के रास्ते पर कभी बढ़ नहीं सकता। पिता की सेवा में ही भगवान बसता है। अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेन्द्रा ने कहा कि पिता से अच्छा मार्गदर्शक और कोई नहीं हो सकता। इसको जानते हुए भी लोग अपने पिता का सम्मान नहीं करते यह एक सोचनीय विषय है। पुत्र को अपने पिता की सेवा निस्वार्थ धर्म समझकर करना चाहिए। कार्यक्रम में कवियत्री अर्चना द्विवेदी व सुनीता पाठक ने अपने रचनाओं से लोगों का मन मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ट्रस्ट के संरक्षक प्रीतम सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता वर्तमान में अत्यन्त जरूरी है। बड़ी संख्या में पिता अपने पुत्रों से कठिन समय में अलग जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करने वालों में साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. सीताराम अग्रवाल, ट्रस्ट के संरक्षक राम बहल जी, ब्रह्मकुमारी संस्था की वी.के. अलका, प्रो. कृष्ण मुरारी सिंह ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ. सीताराम अग्रवाल, राम बहल जी, उपाध्यक्ष कवीन्द्र साहनी, कोषाध्यक्ष एकता टण्डन, उपाध्यक्ष मंजूर खान, उमेश चन्द्र इंजीनियर, अवधेश कुमार शुक्ला, राजन अरोड़ा, विनोद कुमार शर्मा, श्रीमती गुड़िया मौर्या, श्रीमती मीना श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा विश्वकर्मा, कंचन राठौर, दीप्ती सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष कार्यक्रम में उपस्थित थे।

खोजे जाएंगे स्कूल न आने वाले बच्चे, मिलेगा दाखिला

विश्ववार्ता संवाददाता

आलापुर, अम्बेडकरनगर। आलापुर (अंबेडकरनगर)। झुग्गी झोपड़ियों, ईंट भट्ठों, कारखानों, होटलों, मौसमी पलायन से प्रभावित परिवारों के छह से 17 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा देने के लिए चिह्नित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसे बच्चों के नामांकन के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद अभियान चलाएगा। चिह्नित बच्चों का नजदीक के विद्यालयों में दाखिला कराया जाएगा।

गरीब परिवारों के तमाम बच्चे किसी न किसी वजह से विद्यालय नहीं जा पाते। जो जाते भी हैं वह बीच में पढ़ाई को छोड़ परिवार के साथ जीविकोपार्जन में लग जाते हैं। ऐसे बच्चों को शारदा अभियान के तहत शासन ने शिक्षा से जोड़ने का निर्णय लिया है। बच्चों के नामांकन के लिए दो चरणों में अभियान चलाकर उन्हें चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। प्रथम चरण का शुभारंभ ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद होना है, जो 15 जुलाई तक चलेगा। जबकि दूसरा चरण एक अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगा। चिह्नित बच्चों को नजदीकी परिषदीय विद्यालयों में दाखिला कराया जाएगा।

> » शारदा अभियान के तहत आउट ऑफ स्कूल बच्चों का होगा चिह्नीकरण

बता दें कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में आलापुर क्षेत्र में 1378 आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिह्नित कर परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराए गए थे। इसमें जहांगीरगंज में 908 और रामनगर में 470 बच्चे चिह्नित किए गए थे।

खंड शिक्षा अधिकारी जहांगीरगंज संतोष कुमार पांडेय व रामनगर शैलजा मिश्रा ने बताया कि बच्चों को चिह्नित कर उन्हें आयु संगत कक्षा में दाखिला दिलाया जाएगा। बच्चों के नामांकन के लिए प्रधानाध्यापक, अध्यापक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, बीटीसी प्रशिक्षु, स्वयंसेवी संस्थाएं व अन्य विभागों के कर्मी घर-घर जाकर परिवार का सर्वेक्षण करेंगे। प्रथम चरण के परिवार सर्वेक्षण प्रपत्रों का विवरण 31 जुलाई तक व दूसरे चरण के प्रपत्रों का विवरण 30 अगस्त तक प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

इलाज़ के दौरान जच्चा बच्चा की मौत से नाराज़ परिजनों ने हंगामा करते हुए डॉक्टर को गिरफ्तार करने की किया मांग

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। इलाज़ के दौरान जच्चा बच्चा दोनों की मौत से नाराज़ परिजनों संग ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और मुख्य मार्ग जाम कर डॉक्टर के खिलाफ लिख कर तत्काल गिरफ्तार करने की मांग किया। मौके पर भारी पुलिस बल के साथ पहुँचे सीओ सिटी व थानाध्यक्ष ने मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन देते हुए आक्रोशित भीड़ को समझा बुझा कर शान्त कराया। का है जहां 24 वर्षीय प्रसूता रीना देवी पत्नी राजन निवासी हरनी डीह थाना हंसवर को बच्चा डिलेवरी के लिए भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल की घोर लापरवाही के कारण प्रसूता रीना देवी व नवजात बच्ची की मौत हो गई।

जच्चा बच्चा की मौत की खबर से अस्पताल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई जहां से डॉक्टर व स्टाफ नदारत हो गए। आक्रोशित भीड़ नेदोनों शवों को बसखारी अकबरपुर मुख्य पर रख कर मार्ग जाम करते हुए जमकर हंगामा किया। बसखारी थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच कर भीड़ को समझने में जुटे नज़र आए। सूचना पर सीओ सिटी भी पहुंच कर ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों ने डॉक्टर व स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर डॉक्टर की तत्काल गिरफ्तारी की मांग किया। सीओ सिटी ने नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही का आश्वासन देते हुए मार्ग पर आवागमन शुरू कराया।

> **सतर्कता** 450 मस्जिदों और ईदगाहों में अदा होगी नमाज, कमेटियों की तैयारी पूरी

बकरीद आज, इस बार ड्रोन से रखी जाएगी नजर

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले के साढ़े चार सौ से अधिक मस्जिदों और ईदगाहों में आज सोमवार को ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा होगी। इसे लेकर मस्जिद व ईदगाह कमेटियों ने जरूरी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। इस बीच पर्व को उल्लास से मनाने के लिए लोगों ने बढ़ चढ़कर खरीदारी की। उधर पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं।

कुर्बानी के रूप में मनाए जाने वाले इंद उल अजहा पर्व को लेकर जिले में हर तरफ उल्लास का माहौल दिखने लगा है। पर्व के मौके पर अदा की जाने वाली ईद की विशेष नमाज को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। अकबरपुर नगर के मौरानपुर स्थित शिया जामा मस्जिद में सुबह 10 बजे मौलाना अकबर अली वॉयज ईद की विशेष नमाज अदा कराएंगे। ईदगाह कमेटी के सचिव मेराज अय्यूबी ने बताया कि ईदगाह में हाफिज शकील अख्तर, कादिरी मस्जिद शहजहांपुर में मौलाना सईदुज्जमा, मदीना मस्जिद शहजादपुर में मौलाना मोहम्मद अहमद बरकाती, रजा मस्जिद शहजहांपुर में मौलाना सुहैल अहमद, चौक जामा मस्जिद शहजादपुर में कारी असफर, मस्जिदे यूनिसिया में मौलाना अबुल फायक के अलावा जलालपुर, टांडा, हजपुरा, बसखारी, भीटी, मिझौड़ा, महरुआ, कटेहरी, हजपुरा, कजपुरा, रसूलपुर, लोरपुर, सिझौली, दहियावर, खासपुर समेत कई अन्य क्षेत्रों में ईद की विशेष नमाज अदा होगी।

अकबरपुर मीरानपुर मस्जिद में नमाज को लेकर तैयारी पूरी

इस बीच पर्व को लेकर लोगों ने संबंधित बाजारों में पहुंचकर बढ़-चढ़कर खरीदारी की। भीषण गर्मी को देखते हुए लोग खरीदारी के लिए सुबह व देर शाम बाजारों में पहुंच रहे हैं। शहजादपुर के कपड़ा व्यवसायी इम्तियाज हुसैन व अनुराग ने कहा कि सुबह व शाम ही लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। दिन में लगभग सन्नाटा पसरा रहता है।

एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए सुरक्षा के कड़े कदम उठाए गए हैं। साढ़े चार सौ मस्जिदों व ईदगाहों के आसपास नमाज अदा किए जाने के दौरान पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। जिन 86 संवेदनशील स्थानों को चिह्नित किया गया है वहां ड्रोन कैमरे से निगाह रखी जाएगी।

इसके साथ ही छह सौ ऐसे लोगों को चिह्नित किया गया है जो प्रतिबंधित पशुओं के कारोबार में लिप्त रह चुके हैं। इसके साथ ही प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।

एक नजर

डीएम,एसएसपी ने किया ईदगाह स्थल का निरीक्षण

सहारनपुर। ईद-उल जुहा (बकरीद) को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी डा.दिनेश चंद्रा, एसएसपी डा.विपिन ताडा सहित आला अधिकारियों ने आज प्रातः अम्बाला रोड स्थित ईदगाह स्थल का निरीक्षण किया तथा ईद की नमाज की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा.दिनेश चंद्रा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार ईदउल जुहा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। एसएसपी डा.विपिन ताडा ने कहा कि ईदगाह स्थल पर नमाजियों के लिए उचित व्यवस्था की गयी है। बकरीद पर पुलिस की चाक चौबन्द व्यवस्था, शांतिपूर्ण तरीके से की गयी है, ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी आम नागरिकों को नहीं है।

नाबालिग का अपहरणकर्ता गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने नाबालिग के अपहरण में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना रामपुर पर दिनांक 20 मई 2024 को वादी ने एक लिखित तहरीर अभिषेक पुत्र प्रेमचन्द निवासी ग्राम सालियर थाना तितरो खिलाफ दर्ज करायी जिस पर मु.अ.स. 152/24 दर्ज कर लिया गया। एसएसपी के निर्देशन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत अपहर्ता की बरामदगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी को थाना रामपुर पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर अभिषेक को नातौता चुंगी कस्बा रामपुर मनिहारान से गिरफ्तार कर लिया तथा अपहर्ता को सकुशल बरामद कर लिया। अभियोग में पीडिता के धारा 161 सीआरपीसी बयान के आधार पर 386 भादवि व 3/4 पोक्सो अधिनियम की वृद्धि की गयी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी प्रवेन्द्र कुमार शामिल रहे।

शिवालिक की पहाड़ियों में लगा जाम

सहारनपुर। बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र मे दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर शिवालिक की पहाड़ियों में लगा सवेरे से लगा हुआ है कई किलोमीटर लंबा जाम। जाम इतना बढ़ता जा रहा है की बिहारीगढ़ होते हुए जाम छुटमलपुर की ओर बढ़ रहा है। जाम मे फंसे लोग भीषण गर्मी में उठानी पड़ रही है भारी परेशानी-पहाड़ियों में रेग रेग कर चल रहे हैं सड़क के दोनों और वाहन। स्थानीय पुलिस जाम खुलवाने में सवेरे से ही लगी हुये है। रविवार और सोमवार की छुटी होने के चलते हाईवे पर टूरिस्ट वाहनों की संख्या अधिक बढ़ जाने से जाम की स्थिति भयंकर हुई है।

दबंग दुकानदार के खिलाफ एक जुट हुए व्यापारी

सहारनपुर। दिव्यांग दुकानदार के साथ हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मारपीट का आरोप पड़ोस के ही एक दबंग दुकानदार पर है, जिसके विरुद्ध कार्रवाई को लेकर गंगोह के मोहल्ला टाँकान के दर्जनों दुकानदारों ने एक जुटता दिखाते हुए दबंग दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन किया। दुकानदारों का आरोप है कि विकलांग दुकानदार का बचाव करने गये एक अन्य व्यापारियों के साथ भी दबंग दुकानदार द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है,जिससे दुकानदारों में भारी रोष व्याप्त है। मोके पर पहुँचे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी और पूर्व चेयरमैन काज़ी नोमान मसूद ने व्यापारियों को समझा बुझाकर शांत करते हुये इंसाफ का भरोसा दिलाया है।

नगर आयुक्त ने साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र के नेतृत्व में उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, मुख्य अभियंता निर्माण एस.के. अम्बेडकर व अन्य कर्मचारियों द्वारा हॉकी क्लब में उगी घास व झाड़ियों की सफाई कर श्रमदान किया व स्वच्छता के प्रति सन्देश दिया। इस मौके पर नगर आयुक्त द्वारा महानगर को साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु सभी महानगर वासियो से अपने घर के आस-पास व मोहल्ले में विशेष साफ-सफाई रखने का अनुरोध किया एवं कचरे को इधर-उधर न फेककर कचरे को एक उचित स्थान पर डालने की अपील की। इसके अतिरिक्त ईद-उल-अजहा के दृष्टिगत नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने प्रातः काल बड़ी ईदगाह, छोटी ईदगाह, जामा मस्जिद एवं अन्य क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों का निरीक्षण कर साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था देखी। सफाई व्यवस्था को दुरस्त रखने के साथ-साथ चूना छिड़काव के कार्य हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बंधित को दिए। साथ ही आमजन को शुद्ध पेयजलापूर्ति हेतु सम्बंधित को दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के समय उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, मुख्य अभियंता सिविल एस.के. अम्बेडकर, अवर अभियंता निर्माण मनोज कुमार एवं क्षेत्रीय सफाई एवं खादय निरीक्षकगण उपस्थित रहे।

मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी: सुरेश

» वीआईपी ग्रुप के मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में बोले वित्तमंत्री

» जिले भर के पांच सौ से अधिक मेधावियों का किया सम्मान

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। बच्चों को अपनी मंजिल हासिल करने के लिए इन दो बातों को जीवन में उतारना ज़रूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत देश मेधा की खान है तथा हमारा देश महान, विश्व का एक अद्वितीय गर्व का स्रोत और सबके लिए समर्पित है। उन्होंने पूरब पश्चिम फ़ल्मि का गाना भी अपने मोबाइल से बजाया। अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में वीआईपी वाट्सएप्प ग्रुप की ओर से आयोजित मेधावियों बच्चों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि श्री खन्ना ने सभी बच्चों का हौसला बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि विपरीत हालात में भी बच्चों को अपना आपा नहीं खोना चाहिए। हालात को अनुकूल बनाने के लिए और अधिक मेहनत करनी चाहिए। सपने उन्हीं के पूरे होते हैं, जो जागृत रहते हैं। वित्तमंत्री ने ग्रुप के सामाजिक कार्यों की सराहना की। वित्तमंत्री ने जिले भर से विभिन्न स्कूल-कॉलेज से आए हाईस्कूल के 462 तथा पीएचडी, आईआईटी, मेडिकल व अन्य प्रतियोगी 50 टापर्स छात्र-छात्राओं को मेडल, सर्टिफिकेट व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

फ्यूचर ग्रुप के सहयोग से आयोजित समारोह का संचालन डॉ सुरेश मिश्रा ने किया। आयोजकों ने वित्तमंत्री का स्वागत किया। ग्रुप की अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रभारी अनुजदेव गुप्ता व डॉ. दीपा दीक्षित, अभिनय गुप्ता, सचिन बॉथम, महासचिव शाहनवाज खां, संरक्षक डॉ. दीपा सक्सेना, ज्योति गुप्ता, रिधि बहल, नुज़हत अंजुम, तराना जमाल , अल्पना श्रीवास्तव, डॉ. हेमेंद्र वर्मा, चन्द्रमनि गुप्ता, विजय मिश्रा चुकन्नी, हेमा अग्रवाल, निधि बहल, संजय अग्रवाल, रजनी गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, हर्ष राज सिंह कुश्वाहा, मुकेश गुप्ता आदि का सहयोग रहा तथा कार्यक्रम में आरती अभिनय गुप्ता, टीना अग्रवाल, डॉ. गौरव कौशल, हरिशरण बाजपेयी, धर्मेंद्र प्रताप सिंह राठौर, दीपमाला रस्तोगी, वर्षा अग्रवाल, दीपक शर्मा, जसवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, अमित शर्मा, दिव्यांग सिंघल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेश चंद्र मिश्रा ने किया।

दिवंगत पत्रकार के परिवार की मदद

शाहजहांपुर। उप्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (पंजीकृत) की ओर से वित्तमंत्री को एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में दिवंगत मान्यता प्राप्त पत्रकार शैलेंद्र वाजपेयी के परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद दिलाने की मांग की गई। इसके साथ मौके पर ही वीआईपी ग्रुप की ओर से 11 हज़ार की धनराशि धनराशि मंत्री के हाथों स्व.शैलेन्द्र वाजपेयी के परिजनों को भेंट कराए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष अभिनय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री रमेश शंकर पाण्डेय, स्वदेश शुक्ला, शान मोहम्मद आदि पत्रकार शामिल रहे।

दादा ने किया पोते का सम्मान –प्रतिभा सम्मान समारोह में माहौल उस समय हर्ष का हो गया जब माननीय मन्त्री जी के द्वारा अपने पौत्र, मेधावी ओम शेखर खन्ना पुत्र श्री चन्द्र शेखर खन्ना धीरु खन्ना को जेई मेंस एडवांस को क्लीफाई करने पर उनके हाथों सम्मानित किया।

लड़की को भगा ले जाने वाले युवक पर मुकदमा

बरेली। बहेड़ी अपनी नानी के यहाँ रुकने गई एक लड़की को युवक अपने साथ बहलाफुसलाकर भगा ले गया। लड़की को काफ़ी खोजने के बाद जब वह नही मिली तो उसकी मां थाने पहुँच गई और एक युवक के खिलाफ नामज़द तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम बैकरनंदा निवासी एक महिला का कहना है कि उसकी माँ की आँखों का ऑपरेशन हुआ था जिस वजह से वह अपनी पुत्री को मां की देखभाल के लिये ढाई माह पूर्व ग्राम कठर्रा छोड़ आयी थी। महिला का कहना है कि इसके दो दिन बाद ही उसकी पुत्री को ग्राम महेशपुर शिव सिंह थाना भोजीपुरा का सुरेश यादव पुत्र रघुवीर सिंह बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। जानकरी लगने पर जब उसने लडके को फोन किया तो युवक ने उसके साथ गाली गलोच की और कहा कि अगर लड़की के बारे में उससे पूछा तो उसे जान से मार देगा।

कैदियों को कराया योग

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के तत्वाधान में डॉ. अपराजिता सिंह, मुख्य विकास अधिकारी

के कुशल नेतृत्व में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अंतर्गत सामूहिक योग सप्ताह की श्रृंखला में डॉ. सिराज अहमद अंसारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, कृष्णमुरारी गुप्त, जेल अधीक्षक एवं सुभाष यादव, डिप्टी जेलर के दिशा निर्देशन में योग प्रशिक्षक मृदुल कुमार गुप्ता एवं अभिनव शुक्ला के द्वारा जिला कारागार में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम एवं योग के प्रति जागरुक किया।

योग सप्ताह के आयोजन में समस्त जनपद में तहसील एवं ब्लॉक स्तर अलग अलग स्थानों पर योगाभ्यास कराया गया। 15 से 21 तक इसी प्रकार अधिकांश मुख्यालयों पर प्रातः 6 से 7 योग सत्रों का संचालन किया जाएगा। योग सत्र में विशेष रूप से कामन योग प्रोटोकॉल को अभ्यास कराया जाएगा।

कानूनगो पर गलत तूदाबन्दी करने का आरोप

बहेड़ी। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरा नानकार मे स्थित शिवजी महाराज के नाम दर्ज ज़मीन की तूदाबन्दी को लेकर कानूनगो पर दस हजार रुपये रिशवत लेने और बीस हजार की और डिमांड पुरी न करने पर गलत तूदाबन्दी करने का आरोप लगा है। और जांच कर कार्रवाई की मांग की गयी है। शिवालय के पुजारी बाबा जगन्ननाथ द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस मे दिये गये । शिकायती पत्र मे आरोप लगाया गया कि शिवालय की भूमि को आसपास के किसानों ने अपने खेतों मे मिला लिया है । शिकायत पर भूमि की तूदाबन्दी के लिए कानूनगो मौके पर पहुंचे। आरोप है कि कटनूनगो ने दस हजार रुपये मांगे पुजारी ने चन्दा करके उसे दे दिये । और कानूनगो रकवा पूरा हो जाने की बात कहकर चला गया। आरोप है कि इसके कुछ दिनों बाद आरोपी कानूनगो फिर आया और बीस हजार रुपये की और डिमांड की।

बिना भेदभाव के होगा जनपद का विकास

विश्ववार्ता संवाददाता

सहारनपुर। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि बिना भेदभाव के जनपद का विकास कराया जाएगा उन्होंने सभी लोगों से आपसी सौहार्द को मजबूत बनाए जाने का भी आवाहन किया।

सांसद इमरान मसूद का आज इलाहीपुरा में प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष लियाकत अली के आवास पर स्वागत किया गया। सांसद इमरान मसूद ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रत्येक मतदाता की जीत है और जनपद का विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने जनपद के विकास की परियोजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनपद को जाम से निजात दिला जाने के लिए अंबाला रोड पीएनटी सेंटर से देहरादून रोड स्थित रिमांउट डिपो के मैदान तक फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाने की योजना प्रस्तावित है जिसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। सांसद इमरान मसूद ने

सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीत में अति उत्साहित होकर कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि आपसी सौहार्द खराब होता हो उन्होंने सभी लोगों से कहा कि एकता अखंडता को मजबूत बनाएं और आपसी भाईचारा कायम रखें। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष लियाकत अली एडवोकेट ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों से त्रस्त होकर जनता ने इंडिया गठबंधन को विजयी बनाया। उन्होने सांसद इमरान मसूद से आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वह जनपद के विकास को सर्वोपरि मानकर कार्य करेंगे। सपा विधान परिषद सदस्य शाहनवाज खान ने कहा कि गठबंधन धर्म पुरी मजबूती के साथ निभाया जाएगा और सांसद इमरान मसूद के नेतृत्व में जनपद का विकास कराया जाएगा। इस दौरान बबलू भैया, आलम राणा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता युसूफ चौरसिया, अरविंद पाठक इटावा, वरिष्ठ पत्रकार अनीश सिद्दीकी, कारी उस्मान, हाजी कलीम अहमद, राव आबिद, हाजी रियासत, रियाज अहमद, धर्मेंद्र, हाजी दिलशाद, औरंगज़ेब,शहजाद इदरीसी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने की आत्महत्या

बरेली। बहेड़ी नगर के मोहल्ला कानूनगोयान में रेलवे लाइन किनारे की बस्ती स्थित एक मकान में गृह क्लेश से आजिज एक युवक ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। परिजनों को जानकारी हुई तो घर में हाहाकार मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला कानूनगोयान निवासी स्व. विशंभर दयाल के सबसे छोटे बेटे सुधीर उर्फ़ मोनू का अपनी पत्नी से कुछ क्लेश चल रहा था। उसकी पत्नी वट अमावस्या पर्व से तीन दिन पहले रूद्रपुर में रह रहे अपने माँ बाप के साथ चली गई थी। परिजनों के मुताबिक, शनिवार रात करीब 11 बजे घर के सभी सदस्य खाना खाकर छत पर सोने चले गए और मोनू की माँ कमरे में सो गयीं। रात में किसी समय मोनू फंदे से लटककर झूल गया। रविवार सुबह घर के लोग छत से उतरे तो मोनू को नीचे न पाकर उसके कमरे की तरफ गये।

एनसीसी का 10 दिवसीय योगाभ्यास शिविर

विश्ववार्ता संवाददाता

सहारनपुर। शोभित विश्वविद्यालय गंगोह में मेरठ ग्रुप मुख्यालय के तहत 86 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित 10-दिवसीय इंटर यूनिट थल सैनिक शिविर में आज विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।

कर्नल आर. के.चौहान के कुशल निर्देशन में संचालित एनसीसी शिविर के अंतर्गत थल सेना कैम्प के लिए विभिन्न एनसीसी बटालियन से चयनित कैडेटों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु 72 बटालियन मेरठ से आए ट्रेनिंग अफसर कर्नल अभिषेक पवार ने अपने दिशा निर्देश प्रदान किया और कैडेटों को बेस्ट कैडेट चयन तथा ड्रिल टेस्ट, लिखित परीक्षा तथा प्रयोगात्मक प्रदर्शन का आयोजन कराया। इसअवसर पर कैप्टन अखिलेश श्रीवास्तव ने फायरिंग का अभ्यास कराया। फर्स्ट ऑफिसर राजीव कंबोज ने कैडेट्स को

एनसीसी के संगठनात्मक विश्लेषण को विस्तार पूर्वक समझाया एवं थर्ड ऑफिसर अमित कुमार ने जेडी कैडेट्स को एनसीसी के उद्देश्य से परिचित कराया।

आज शिविर के दूसरे दिन प्रातः सभी कैडेट्स को व्यायाम तथा योग के द्वारा अभ्यास कराया गया। इस कैंप के संचालन में सूबेदार गंगा प्रसाद देउपा, सूबेदार निशांन सिंह नायक, सूबेदार जसपाल सिंह तथा अन्य बटालियन से आए प्रशिक्षकों का विशेष योगदान रहा। कैंप के कार्यक्रमों के संचालन हेतु कार्यक्रम बनाने में ऑफिस स्टाफ नवीन गुप्ता, सोहेल अहमद का विशेष योगदान रहा।

शोभायात्रा का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। बाबा तपेश्वर नाथ मंदिर से भगवान चित्रगुप्त जी की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष में कायस्थ समाज द्वारा सुभाष नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। ज्ञात रहे की बाबा तपेश्वर नाथ में गत वर्ष भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति स्थापना की गई थी।

तपेश्वर नाथ मंदिर से निकली शोभा यात्रा का स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कई स्थानों पर शरबत वितरण भी किया गया। क्षेत्र में भ्रमण करती हुई बदायूं रोड से होती हुई यह शोभायात्रा बाबा तपेश्वर नाथ मंदिर में जाकर समाप्त हुई। सुभाष नगर गुरुद्वारा के अध्यक्ष मनजीत सिंह नागपाल द्वारा शरबत वितरण कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। भव्य शोभा यात्रा में महामंडलेश्वर सच्चिदानंद महाराज का भी माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में कायस्थ सेना के आलोक प्रधान श्याम दीप सक्सेना कायस्थ चेतना मंच के अध्यक्ष संजय सक्सेना अमित सक्सेना बिंदु सुशील सक्सेना संजीव सक्सेना पवन सक्सेना निर्भय सक्सैना एक के श्रीवास्तव मनोज सक्सेना रचना सक्सेना अनुराधा सक्सेना आम्रपाली सक्सेना भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर सीपीएस चौहान सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी शामिल रहे।

योग सप्ताह के द्वितीय दिवस पर किया योग

» नगर आयुक्त समेत अनेक लोगों ने किया प्रतिभाग

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। जिला प्रशासन, नगर निगम व आयुष विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अन्तर्गत चल रहे योग सप्ताह के द्वितीय दिवस टाउनहाल हाकी मैदान में योग विज्ञान संस्थान के जिला प्रधान डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया गया। आसनों का मंच पर प्रदर्शन महिला योग प्रमुख ज्योति गुप्ता व राजेश दीक्षित द्वारा किया गया।

इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने कहा कि ₹स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग का महत्वपूर्ण स्थान है इससे जीवन मे सकारात्मकता का विकास होता है।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन में अधिक से अधिक लोगों को प्रतिभाग भी

करना चाहिए और अन्य लोगों को प्रेरित भी करना चाहिए। आज की कक्षा में उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सफाई आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, मुख्य अभियंता नगर निगम एस.के. आंबेडकर, ललित मोहन, रचना चांदना, अर्चना दीक्षित, अशोक रस्तोगी, आशाराम गुप्ता, दपिन्दर कौर, मधु सक्सेना, रामपाल सक्सेना, आलोक दुबे, तेजवीर गुप्ता, पायल, मीनाक्षी, डॉ. सारिका अग्रवाल, सरोज कुशवाहा, सुनील दीक्षित, निमिषा मिश्रा, संध्या गुप्ता, प्रमोद पाण्डेय, राजवीर सिंह, तराना जमाल समेत काफी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया।

संचालन करते हुए कवि डॉ इन्दु अजनबी ने बताया कि इस स्थान पर योग की नियमित कक्षा 20 जून 2024 तक प्रातः 5.30 बजे से 6.30 बजे तक चलेगी। 21 जून को योग का बृहद आयोजन जीएफ कॉलेज मैदान पर होना प्रस्तावित है।

डीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान के साथ संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज (प्रारंभिक) विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर हो रही परीक्षा का निरीक्षण किया।

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 की लिखित परीक्षा आज दो पालियों (प्रथम पाली पूर्वान्ह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक व द्वितीय पाली अपरान्ह 02.30 बजे से 04.30 बजे तक जनपद में 41 परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित हुई।

प्रथम पाली की परीक्षा में बरेली इंटर कॉलेज, मनोहर भूषण इंटर कॉलेज, गुलाब राय इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल में बनाये गए केंद्रो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने बरेली कॉलेज बनाए गए परीक्षा केंद्र ब्लॉक ई व ए में परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों से भी बात की और पेपर के बारे में जानकारी ली।

उक्त के उपरांत द्वितीय पाली की परीक्षा में जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, श्री पीसी आजाद इंटर कॉलेज एवं कांति कपूर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में बनाये गए परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने घर जाकर धन्यवाद प्रेषित किया

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। कांग्रेस पार्टी की मतदाता धन्यवाद यात्रा के अंतर्गत तिलहर विधानसभा के ग्राम ऊनखुर्द, हरदयाल नगर, कटरा विधानसभा के ग्राम खिरिया, खुदागंज समेत कटरा नगर पंचायत में जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना के नेतृत्व में भ्रमण कर मतदाताओ को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना ने कहा कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष मे हुये मतदान के लिए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करती है, आप सभी ने हमको मजबूत किया। इसलिए कांग्रेस आपकी लड़ाई और मजबूती से लड़ेगी। महानगर अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आपने उखाड़ फेंकने का काम किया है। लेकिन जैसे तैसे ये सरकार बनी है जो अब ज्यादा दिन चलने वाली नही है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी ने

कहा कि इंडिया गठबंधन का आप सभी मतदाताओं ने जो साथ दिया है उसके लिए हम सभी आपके आभारी है और आपको भरोषा दिलाते है कि आपकी आवाज को दबने नही दिया जायेगा। जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी ने कहा कि राहुल की सोच और मेहनत से लोगो मे परिवर्तन हो रहा है जो कांग्रेस के लिए एक खुशी का माहौल है।

धन्यवाद एवं आभार यात्रा में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला, कटरा पूर्व चेयरमैन शमी उश्शान खान, कटरा चेयरमैन मुख्तार अहमद, जिला सचिव फरमान खान, प्रत्युष मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव, अयान खान, निगोही ब्लॉक अध्यक्ष हसमुद्दीन सिद्दिकी, अदनान, यूथ कांग्रेस कटरा विधानसभा अध्यक्ष फिरोज खान, अच्छन खान आदि तमाम कांग्रेस जन मौजुद रहे।

रामगंगा में डूबकर दो युवकों की मौत

विश्ववार्ता संवाददाता

गढ़िया रंगीन/शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के धुबला करीमनगर रामगंगा घाट पर गंगा स्नान करने गए दो दोस्तों की डूब कर मौत हो गई। शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर लोगों ने दोनों युवकों को बाहर निकाल कर पुलिस के साथ परिजनों को सूचना दी। गढ़िया रंगीन निवासी विपिन कुमार (17) पुत्र घासीराम, विवेक यादव (16) रविवार सुबह करीब आठ बजे दशहरा के उपलक्ष में धुबला करीमनगर रामगंगा घाट पर गंगा स्नान के लिए गए थे। घाट से करीब 200 मीटर दूर पर नहाते समय विपिन गहरे पानी में चला गया उसे डूबता देख विपिन ने उसे बचाने के लिए आगे बढ़ा और वह भी गहरे पानी में चला गया जिससे वो भी डूब गया। आवाज सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों गंगा नदी में कूदकर दोनो दोस्तों को बचाने का प्रयास किया। लेकिन विवेक और विपिन की मौत हो चुकी थी। दोनों के शवों को बाहर निकाल कर पुलिस व

परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही दोनो परिवारों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। विपिन दो भाई बहन में अकेला था। वही विवेक आठ भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। दोनो की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

अपील बंदियों ने सिर्फ 21 जून का योगदिवस न मनाकर हर दिन को योग दिन बनाने का संकल्प लिया

जब 1331 बंदियों से योग गुरु ने पांच संकल्पों में मांगी भिक्षा

विश्ववार्ता संवाददाता

सहारनपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सहारनपुर जेल में कैद करीब साढ़े तेरह सौ बंदियों के लिए वरदान बन गया, जहां उन्हे दो दिन अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण के सीधे मार्गदर्शन में मोक्षायतन के प्रशिक्षकों से योग सीखने का मौका मिला। भाव विभोर बंदियों ने कहा कि हमे जीवन की राह मिली है, कुछ बोले कि जाने अंजाने अपराध किया था अब उसी शिद्दत से योग करेंगे। यहां जब 1331 बंदियों से योग गुरु ने झोली फैलाकर उनसे पांच संकल्पों मांगी भिक्षा तो बड़ा भावुक दृश्य हो गया और उनसे सूर्योदय से पहले जगकर मातापिता गुरु को प्रणाम, नित्य योगाभ्यास, सात्विक भोजन, स्वाध्याय और हर रोज कुछ पढ़ने के संकल्प की भिक्षा गुरु जी से स्वीकार की। भाव विभोर बंदियों ने अपराधिक जीवन से मुंह मोड़ने का संकल्प लेते हुए कहा कि उन्हें आज जीवन की राह मिली है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम श्रृंखला में भारतयोग का संदेश लेकर योग और स्वास्थ्य में नित नए प्रयोग का इतिहास रचने वाले योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण ने आज जिला कारागार पहुंचकर ऐसी अलख जगाई कि बंदियों ने सिर्फ 21 जून का योगदिवस न मनाकर हर दिन को योग दिन बनाने का संकल्प लिया। स्वामी भारत भूषण ने कहा ने योग से इंसान भगवान तक को पाने की राह खोज लेता है, लेकिन इससे पहले आदमी से इंसान बनने की लड़ाई उसे खुद ही लड़नी

होगी। उन्होंने कहा कि सेहत, दौलत, शोहरत और खूबसूरत जिंदगी कोई भी चीज ऐसी नहीं को योग से ना मिलती हो। योग गुरु ने छोटी मोटी चोरी चकारी न करके बड़ी चोरी करने के भी अनोखे टिप्स दिए और कहा कि चोर नहीं कृष्ण की तरह चित चोर बन जाओ और भक्ति और ध्यान की शक्ति से सब कुछ पा लो, हमेशा के लिए!

उन्होंने बंदी जीवन की शर्मिंदगी में डूबने के बजाय बंदगी जुड़ने और बंदा बनने का अवसर के रूप में देखने का आवाहन किया। योग गुरु ने कहा कि मथुरा में कंस की जेल, यरवदा की जेल, अफ्रीका के रोबिन आइलैंड की सेलुलर जेल और अंडमान की कालापानी जेल ने योगेश्वर कृष्ण, गांधी, सावरकर और मंडेला जैसे योगी और देशप्रेमी दिए हैं। स्वामी भारत भूषण ने योग को रूहानियत में जीने और पूरी दुनिया को करीब लाने का सबसे बड़ा जरिया बताया और कहा कि भारतयोग का ये जरिया जीने का ऐसा नया नजरिया देने की ताकत रखता है जो हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन दे देता है। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि संस्थान के भारत योग की प्रशिक्षण टीम के एन के शर्मा, यश राणा और केशव वर्मा के अलावा महिला शिक्षकों भारत योगी सीमा गुप्ता और भारत योगी आस्था वर्मा ने कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों के लिए अलग से योगसत्र संचालित करके उन्हें योग की रौशनी में जीने की राह सुझाई। कारागार अधीक्षक अमिता दुबे ने इसे बंदियों की सोच में बदलाव लाने वाला कारगर प्रयोग बताया।

एक नजर

गड्ढों का पानी ग्रामीण बच्चों के लिए बना वाटर पार्क

भरुआ सुमेरपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर पार्क स्विमिंग पूल आदि का अभाव होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे गर्मी वाटर पार्क का लुफ्त गड्ढों में मवेशियों के लिए भरे गए पानी में ही नहाकर आनंद उठा रहे हैं। ऐसा ही नजारा रविवार को सुबह 10 बजे बिदोखर पलरा मार्ग में नहर के समीप भरे गड्ढे के पानी में दिखाई दिया। जहां आधा दर्जन से अधिक बच्चे उछलकूद में मशगूल थे। शहर कस्बों की तरह गांव में वाटर पार्क स्विमिंग पूल नहीं है। भीषण गर्मी में बच्चे गड्ढों में भरे पानी में ही तैरकर इसका लुफ्त उठाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में निजी नलकूप मालिकों ने बेसहारा गोवंश आदि की प्यास बुझाने के लिए सड़क किनारे के गड्ढों को पानी से भर दिया है। उन्ही गड्ढों को गांवों के नौनिहाल वाटर पार्क एवं स्विमिंग पुल मानकर गर्मी में लुफ्त उठा रहे हैं। रविवार को एक ऐसा दृश्य बिदोखर पलरा मार्ग में नहर किनारे बने गड्ढे में निजी नलकूप मलिक नंदकिशोर मिश्रा के द्वारा भरे गए पानी में दिखाई दिया। यहां बिदोखर मेदनी के आधा दर्जन से ज्यादा किशोर छाई छप्प करके गर्मी शांत करने में मशगूल थे।

सुबह सात बजे अदा होगी ईदुल अजहा की नमाज

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे में ईदगाह सहित तीन अन्य मस्जिदों में सुबह 7 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा करके कुर्बानी दी जायेगी। इसी तरह इंगोहटा, बिदोखर, पलरा, नदेहरा, चन्द्रपुरवा बुजुर्ग, टेढ़ा, मुंडेरा, पत्योरा आदि गांवों की मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज होगी। कस्बे के पेश इमाम हाफिज सैफुल्लाह ने बताया कि कस्बे की ईदगाह में सुबह 7 बजे ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज अदा होगी। इसके अलावा कस्बा की आयशा मस्जिद, मक्का मस्जिद, नरही मार्ग स्थित मस्जिद में नमाज अदा होगी। पुलिस ने सभी मस्जिदों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराए हैं।

वृद्ध की लू की चपेट में आने से मौत

भरुआ सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम बिदोखर पुरई में लू की चपेट में आकर शनिवार को देर शाम एक वृद्ध ने दम तोड़ दिया। मृतक खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करता था। बिदोखर पुरई निवासी दरबारी यादव 70 वर्ष शनिवार को सुबह खेतों की ओर गया था। दोपहर में यह घर वापस लौटा। शाम को इसकी घर पर ही हालत बिगड़ जाने से मौत हो गई। मृतक के पुत्र जयकरण यादव ने बताया कि पिता की मौत लू की चपेट में आकर हुई है। रविवार को सुबह गांव में ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति, पूर्व प्रधान राधेश्याम सिंह, राजकुमार द्विवेदी आदि ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

आरएसएस की संस्था गंगा समग्र ने बांटा शर्बत

भरुआ सुमेरपुर। गंगा दशहरा पर गंगा समग्र ने कस्बे के मैथिलीशरण गुप्त मार्ग में स्टाल लगाकर राहगीरों को ठंडे शर्बत का वितरण कराया। इसी तरह नेहा चौराहा में समाजसेवियों ने ठंडे शर्बत का वितरण कराया। गंगा मां के अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर कस्बे के मैथिलीशरण गुप्त मार्ग पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संस्था गंगा समग्र ने राहगीरों को ठंडे शर्बत का वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता आदित्य अवस्थी, रोहित शिवहरे, एम खान, बउवा ओमर, कल्लू ओमर, सभासद अनीस बाल्मीकि, सोनू कुशवाहा, योगेश योगी आदि ने मौजूद रहकर सहयोग प्रदान किया। इसी तरह नेहा चौराहे में समाजसेवियों ने स्टाल लगाकर राहगीरों को ठंडा शर्बत वितरित किया।

पुलिस ने अवैध तमंचा के साथ किया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में शनिवार की रात्रि को थाना पैलानी पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम निवाईच से एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचे व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। बरामदगी में 1 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर है। गिरफ्तार अभियुक्त में अमित द्विवेदी उर्फ नंगू पुत्र हनुमान द्विवेदी निवासी निवाईच थाना पैलानी के खिलाफ मु0अ0सं0 130/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना पैलानी जनपद बांदा अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में राजेश कुमार मिश्र चौकी प्रभारी खप्टिहाकलां, हे0कां0 रामचन्द्र यादव, कां0 महेन्द्र कुमार शामिल है।

गर्मी और तपिश की लू ने बुजुर्ग की ले ली जान

बांदा। खेत जा रहे बुजुर्ग को लू ने अपनी चपेट में ले लिया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम केलिए भेज दिया। बबेरू कस्बा निवासी 75 वर्षीय गया प्रसाद उर्फ बया प्रजापति पुत्र वृन्दा शनिवार को खेत जा रहा था। तभी लू लगने से उसकी हालत बिगड़ गई। घरवालो ने उसे नजदीक स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

चिकित्सक के गुर्गों ने की युवक की धुनाई

» पिटाई से बदहवाश युवक के परिजनों का हंगामा देख मौके पर पहुंचे सीएमएस

विश्ववार्ता संवाददाता

बांदा। गले में फंदा लगाकर आत्महत्या प्रयास करने वाली महिला को बबेरू सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। शनिवार की शाम जिला अस्पताल में महिला को भर्ती किया गया और चिकित्सक ने उपचार शुरू कर दिया। महिला का देवर बार-बार चिकित्सक से बेहतर उपचार के लिए मनुहार कर रहा था। इसी बात को लेकर महिला के देवर और ट्रामा सेंटर में तैनात चिकित्सक के बीच तकरार हो गई। इस पर चिकित्सक के गुर्गे वहां पहुंचे और युवक को घसीटकर ट्रामा सेंटर कैंपस में बनी चौकी में ले गए। वहां पर उसके साथ बेरहमी के साथ मारपीट की। ट्रामा सेंटर में हंगामे की स्थिति बन गई। खबर पाकर सीएमएस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पीड़ति ने कोतवाली में तहरीर दी है।

बबेरू कस्बा निवासी मोहन की 40 वर्षीय पत्नी कमलिया ने शनिवार को घर में अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगाकर जान देने का प्रयास किया। परिजनों ने देखा तो उसे फंदा काटकर सीएचसी बबेरू ले गए, वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सीएचसी से महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन महिला को लेकर जिला अस्पताल आए। वहां पर भर्ती करने के बाद महिला कमलिया का उपचार शुरू कर दिया। कमलिया की हालत देखकर उसका देवर शिवशंकर घबरा रहा था। वह ट्रामा सेंटर में तैनात चिकित्सक डा. प्रदीप के पास पहुंचकर बार-बार मरीज को देख लेने की बात कह रहा था। इसी बात को लेकर डाक्टर और शिवशंकर के बीच कहासुनी हो गई। तेज आवाज में बातें होने लगी। इस पर पहले ट्रामा सेंटर में शिवशंकर के साथ चिकित्सक की मौजूदगी में उनके गुर्गों ने मारपीट की। इसके बाद गुर्गे शिवशंकर को पकड़कर ट्रामा सेंटर के बगल में बनी चौकी में ले गए और वहां उसके साथ जमकर मारपीट की। शिवशंकर बदहवास हो गया। ट्रामा सेंटर में हंगामा होने की खबर पाकर प्रभारी सीएमएस डा. आरके गुप्ता मौके पर पहुंच गए। सीएमओ के भी मौके पर पहुंचने की खबर है। किसी तरह से मामले को शांत किया गया। इधर, पीड़ति शिवशंकर की ओर से नगर कोतवाली में तहरीर दी गई है। नगर कोतवाल अनूप दुबे का कहना है कि मामले की जांच करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

मारपीट का वायरल वीडियो देख हटाए गए इमरजेंसी से डा0 प्रदीप

बांदा। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एके श्रीवास्तव ने बताया कि मारपीट की घटना के बाद से फौरी तौर पर ट्रामा सेंटर के ईएमओ डा. प्रदीप गुप्ता को इमरजेंसी से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दोषी मिलने पर चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि सीएमओ मारपीट जैसी घटना पर गोलमोल जवाब देते रहे।

खाली पड़ी चौकी बनी मारपीट का अड्डा

बांदा। शनिवार की शाम को जिस तरह से महिला कमलिया के तीमारदार देवर शिवशंकर के साथ बेरहमी के साथ अस्पताल में डाक्टर के गुर्गों ने मारपीट की, इससे चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों की संवेदनहीनता स्पष्ट नजर आती है। मालुम हो कि ट्रामा सेंटर में चौकी इसलिए खोली गई थी कि अस्पताल में होने वाले किसी भी विवाद या मारपीट जैसी घटना को रोका जा सके।

गर्मी में बिजली कटौती से लोगों का बुरा हाल

विश्ववार्ता संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर। आसमान से बरस रही आग की तपन से विद्युत उपकरण साथ नहीं दे पा रहे हैं। विद्युत उपकरणों के फुंकने से लोगों को भीषण गर्मी में घंटों बगैर बिजली के रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।

तापमान 45 डिग्री के आस पास घूम रहा है। रात और दिन में गर्म हवाओं से लोग परेशान है। ऐसे में विद्युत उपकरण साथ नहीं दे रहे हैं। बीती रात कस्बे में बड़ी पुलिया के समीप केबिल फूंक जाने से एक बड़ा हिस्सा विद्युत आपूर्ति से बाधित हो गया। इसी तरह इमिलिया थोक में 400 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर में खराबी आने से मिश्राना मुहाल, संस्कृत विद्यालय एरिया और प्राथमिक विद्यालय के आसपास का इलाका विद्युत आपूर्ति से घंटो प्रभावित रहा। इसी तरह कमलेश तिराहा एवं पुराना स्टेट बैंक का एरिया 630 केवीए ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से आपूर्ति बाधित हुई। वहीं विदोखर विद्युत सब स्टेशन में रात में कई बार घंटों आपूर्ति ठप की गई। विद्युत कर्मियों के अनुसार मशीने गर्म होने से आपूर्ति

» गर्मी के चलते फूंक रहे विद्युत सप्लाई उपकरण

ठप करनी पड़ी। वहीं रविवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक कस्बे की आपूर्ति ठप होने से कस्बे में हाहाकार मच गया। भीषण गर्मी में बच्चे बूढ़े बिलबिलाते नजर आए। विद्युत विभाग के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि रात में जली केबिल को बदलने तथा वार्ड संख्या 16 में लगे नए नलकूप को कनेक्शन देने के लिए आपूर्ति ठप की गई थी। 2 बजे के बाद आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की महसूस की है।

डीएम एसपी का औचक निरीक्षण

विश्ववार्ता संवाददाता

जालौन उरई। डीएम व एसपी ने नगर में बने ईदगाह का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ईदगाह के आसपास साफ सफाई की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

डीएम राजेश कुमार पांडेय व एसपी डॉ. ईरज राजा ने बकरीद के पर्व को लेकर तकिया मोहल्ला मैदान के पास स्थित ईदगाह व बड़ी ईदगाह का निरीक्षण किया। और पैदल भ्रमण करते हुए ईदगाह पहुंचे डीएम व एसपी ने कहा कि बकरीद की नमाज शांतिपूर्वक अदा करें। कुर्बानी में खास ध्यान रखें कि किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें। साथ ही त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार से शांतिभंग करने की कोशिश न करें। उन्होंने इस दौरान पालिका कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बकरीद के पर्व पर ईदगाह व आसपास साफ सफाई व्यवस्था सही रखें। लोगों को रास्ते में आने जाने में किसी को दिक्कत न हो इसका भी ध्यान रखें।

ससुराल में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

बांदा। युवती ने बास की बल्ली में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मृतका के भाई ने ससुराली जनो पर उत्पीडन का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मर्का थाना क्षेत्र के मऊ गांव के मजरा कुरेहा पुरवा निवासी 23 वर्षीय अल्पना पत्नी शिवबहादुर शनिवार की दोपहर घर में अकेली थी। सूना मौका देख उसने कमरे के अंदर बास की बल्ली पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची सास सुमित्रा ने शव देखा तो चीख पड़ी। शोर गुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के ससुर रामस्वरूप ने बताया कि शिवबहादुर दिल्ली में रहता है। शनिवार को सभी लोग अपने अपने कमरे थे। उसकी जेठानी राजकुमारी बास काटने खेत चली गई थी।

डीएम ने की सौंदर्यीकरण की समीक्षा बैठक

» उरई क्लब में 74 दुकानें आवंटित है जिसमे 9 दुकानों का समय से किराया जमा न करने पर नोटिस जारी किये , 9 दुकानों को आवंटित करने के निर्देश दिए

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई। जिलाधिकारी/अध्यक्ष उरई क्लब राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में उरई क्लब व टॉउन हाल की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उरई क्लब मार्केट की दुकानों की स्थिति एवं टाउन हॉल में चल रहे सौंदरीयकरण का कार्य की समीक्षा की। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि उरई क्लब मार्केट में वर्तमान में 74 दुकान है, जिसमें नौ दुकान रिक्त हैं कुछ आवंटी समय से किराया जमा नहीं कर रहे हैं ऐसे आवंटियों को नोटिस भी दिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त दुकानों के आवंटी समय से किराया जमा करें, माह मई तक का किराया प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के अंदर जमा कराना सुनिश्चित करें, यदि निर्धारित समय पर किराया जमा न किए जाने पर दुकान निरस्त किए जाने हेतु नोटिस निर्गत किया जाए। 09 निरस्त दुकानों को तत्काल पगड़ी नीलामी द्वारा आवंटित किया जाए। उन्होंने कहा कि टाउन हॉल उरई के सुपर मार्केट में जिन 18 दुकानदारों की नीलामी स्वीकृत हुई है उनके द्वारा अनुबंध करके दुकानें संचालित नहीं की गई हैं, ऐसे दुकानदारों को अंतिम नोटिस देते हुए निर्देशित किया गया कि यदि वह तीन दिवस के अंदर अनुबंध पत्र निष्पादित नहीं करते हैं तो दुकानदारों का आवंटन निरस्त कर धनराशि जब्त की जाए।

बूंद बूंद पानी को तरस रहे वार्ड दो के वाशिंदे

भरुआ सुमेरपुर। नगर पंचायत के प्रयास के बाद जलापूर्ति के लिए लगाए गए नलकूप में कनेक्शन न होने से लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। विद्युत विभाग वादे पर वादे कर रहा है लेकिन लाइन बनाकर कनेक्शन नहीं दे रहा है।

कस्बे के वार्ड संख्या 2 में पेयजल संकट के समाधान के लिए नगर पंचायत के बजट पर जल संस्थान ने नलकूप का निर्माण कराया है। इसमें विद्युत कनेक्शन के कार्य बाकी है। विद्युत विभाग लाइन बनने के लिए विद्युत पोल, तार, ट्रांसफार्मर मुहैय्या करा चुका है लेकिन लाइन बनाने के लिए तारीख पर तारीख दे रहा है। वहीं वार्डवासी महेन्द्र सोनी, राम खिलावन, लालदिवान आदि ने बताया कि भीषण गर्मी में बूंद बूंद पानी के लिए परेशान है। नगर पंचायत कभी कभार टैंकरों से आपूर्ति कर रहा है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही लाइन बनाने का कार्य किया जाएगा।

हाथरस हत्याकांड पर ब्राह्मण समाज आक्रोशित

» अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वाधान में शोकसभा में दी गई श्रद्धाजलि

विश्ववार्ता संवाददाता

हमीरपुर। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद हाथरस के जिलाध्यक्ष पंडित योगेश उपाध्याय की हत्या के विरोध में हमीरपुर के ब्राह्मण समाज आकोशित है। रविवार को यहां ब्राह्मण समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने हत्याकांड की निंदा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देकर कहा कि यदि सरकार ने इस कांड के आरोपियों पर और सख्त कार्रवाई नहीं की तो पूरे प्रदेश का ब्राह्मण सड़कों पर उतरेगा।

हमीरपुर शहर में नगर पालिका परिषद के अम्बेडकर पार्क पर आज तपती धूप के बीच अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वाधान में

शोकसभा का आयोजन किया गया। परिषद के प्रमुख दीपक मिश्रा, रमाकांत शुक्ला, युगांक मिश्रा, मोहित द्विवेदी, पंकज द्विवेदी, पंकज मिश्रा, विवेक मिश्रा, आशुतोष त्रिपाठी, आशुतोष शुक्ला, योगेश मिश्रा, बृजेश शुक्ला, बृजेश बादल, बाल जी पांडेय, अंकराज त्रिवेदी, आशीष द्विवेदी, कपिल तिवारी, कृष्ण कुमार शुक्ला, सब्बल तिवारी, संदीप बाजपेई, भक्ति शंकर तिवारी, विशावंक मिश्रा, मनी तिवारी, गोपाल त्रिपाठी , सोनू पाठक, हेमंत बाजपेई, प्रशांत तिवारी समेत तमाम ब्राह्मणों ने हाथरस हयाकांड की निंदा करते हुए शोक व्यक्त किया। ब्राह्मण समाज के हाथरस जिलाध्यक्ष योगेश उपाध्याय को शोकसभा में सभी ने श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा। शोकसभा में दीपक मिश्रा ने कहा कि हाथरस में ब्राह्मण समाज के प्रमुख नेता की हत्या से यहां हमीरपुर में ब्राह्मण समाज आक्रोशित है।

शिकायतों के निस्तारण का सख्त निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कल देर शाम को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित पेयजल व विधुत विभाग के कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर शिकायतों और उनके निस्तारण के बारे में जानकारी ली तथा अधिकारियों को उपभोक्ताओं की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जनपद के आमजन को पेयजल व निर्बाध रूप से विधुत आपूर्ति के सम्बंध में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित है जो 24 घंटे संचालित है, जिसका मोबाइल नंबर 730756477 व दूरभाष नंबर 05162-257090 है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन द्वारा पेयजल व विधुत सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का ससमय निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि विधुत आपूर्ति, बिल सम्बंधित समय से निस्तारण व क्षेत्र में जहां भी ट्रांसफार्मर जलने की जानकारी मिले वहां 72 घंटे के अंदर बदलना सुनिश्चित करें। कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली समस्याओं निराकरण कर शिकायतकर्ता से पुनः फीडबैक लेने की भी निर्देश दिए। कंट्रोल रूम प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का रजिस्टर में अंकन कर उनका अतिशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

प्रमोद तिवारी ने जनसमस्याओं की सुनवाई की

विश्ववार्ता संवाददाता

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश में पावर कारपोरेशन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति की दरों मे दो रूपये प्रति यूनिट की वृद्धि के मसौदे को जनता पर मंहगाई की एक और असहनीय सरकारी वार करार दिया है। उन्होने कहा कि इस समय भीषण गर्मी तथा लू के चलते प्रदेश की जनता बिजली आपूर्ति में खामियों के कारण त्राहि त्राहि कर रही है। उन्होने तंज कसा कि सरकारी भाषणों मे सरकार बिजली गिरा तो रही है पर बिजली बनाने का उसे जरा सा भी फिक्र नही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रदेश भर में अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ गरीब उपभोक्ताओं के भीषण गर्मी में बेरहमी से बिजली के कनेक्शन काट दिये जा रहे हैं। वहीं उन्होने ट्रांसफार्मर क्षमता के साथ सरकार के स्टाक में उपलब्ध नही होने के कारण ओवरलोडिंग के



चलते इनके जल उठने को भी सरकारी कुप्रबन्धन की विफलता कहा है। रविवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ नहरों में पानी नही है। उन्होने कहा कि सिंचाई के लिए बिजली भी उपलब्ध नही है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि नहरों मे पानी न आने तथा कमजोर विद्युत आपूर्ति के कारण किसान धान की नर्सरी तैयार नही कर पा रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में सिंचाई के कुप्रबंधन का सीधा दुष्परिणाम किसान को फसल उत्पादन में अपनी गाढ़ी कमाई खो देने की चिन्ता साल रही है। उन्होने बिजली दरों को ग्रामीण उपभोक्ताओं को मंहगे दर पर किये जाने के पावर कारपोरेशन के फैसले को प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारे पर जनता पर बोझ करार दिया है। उन्होनें तंज कसा कि यूपी में लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा के खिलाफ गये हैं इससे लगता है कि सरकार मंहगाई को थोपकर अपने प्रतिशोध की खींझ में आ गयी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकार को सुझाव दिया कि वह जनहित में नेशनल पावर ग्रिड और पूर्वोत्तर राज्यों में जहां अतिरिक्त बिजली उपलब्ध है वहां से प्रदेश की जरूरत के हिसाब से फौरन बिजली खरीदे। उन्होनें कहा कि मांग के अनुरूप सरकार बिजली की उपलब्धता बढ़ाये ताकि किसानों के साथ आम मध्यम वर्ग को बिजली संकट से शहरी एवं ग्रामीण दोनों सेक्टरो मे निजात मिल सके।

सरकारी राशन लेने गयी वृद्धा की ट्रक से कुचलकर मौत

विश्ववार्ता संवाददाता

हमीरपुर। राशन लेने कोटे की दुकान में गई वृद्धा की ट्रक की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया है। ट्रक को थाने में खड़ा करा दिया गया है।

मुस्करा कस्बा के चार थोक शीतला माता मंदिर निवासी जागेश्वर पुत्र हल्कू प्रसाद साहू ने बताया कि वह पांच भाई हैं। उसके वृद्ध माता पिता अलग रहते हैं। आज रविवार को दिन में करीब 11 बजे माता पिता दोनों राशन लेने बिलगांव रोड स्थित सरकारी राशन वितरण केंद्र गए थे। वहीं राशन की दुकान में चावल आदि खाद्यान आदि लेकर ट्रक आया था। ट्रक राशन खाली कर वापस जा रहा था। तभी उसकी मां मंझली 68 वर्ष ट्रक के पहिए के नीचे आ गई और ट्रक का पहिया उसकी मां के ऊपर से निकल जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ड्राइवर मौका पाकर वहां से ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना प्रभारी शशि पांडे ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंझली की मौत पर उसके वृद्ध पति हल्कू का बुरा हाल हो गया है। उसने रोते-रोते बताया कि वह राशन लेने गए थे राशन तो मिल गया, लेकिन खिलाने वाली चली गई। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक कस्बे के ही एक ट्रांसपोर्ट कंपनी का है और ड्राइवर भी कस्बे का निवासी है।

कांग्रेसियों ने राज्यसभा का स्वागत किया

विश्ववार्ता संवाददाता

लालगंज, प्रतापगढ़। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का रविवार को उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने जगह जगह जोरदार स्वागत किया। लालगंज नगर के संगम चौराहे पर ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज तथा ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र की अगुवाई में कार्यकर्ता सांसद प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण कर स्वागत में मगन दिखे। विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पहुंचने पर भी सांसद प्रमोद तिवारी का अधिवक्ताओं व व्यापारियों तथा नगर के लोगों के द्वारा भव्य स्वागत हुआ दिखा। क्षेत्र के अमावां, बाबा घुइसरनाथ धाम, सांगीपुर, अठेहा व उदयपुर बाजार में भी राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी का कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने शानदार

स्वागत किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लोकसभा चुनाव में जिले में इण्डिया गठबंधन की जीत को लेकर कार्यकर्ताओं की मेहनत को सराहा। स्वागत करने वालों में सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, केडी मिश्र, प्रभात ओझा, त्रिभु तिवारी, रामबोध शुक्ल, राजू मिश्र, जीतलाल पटेल, रामप्रकाश प्रजापति, बंटी जायसवाल, पवन शुक्ल, शिवभीख सिंह, महेन्द्र सिंह, रिंकू सिंह परिहार, लल्लन सिंह, अशोकधर द्विवेदी, गुडडू सिंह, डॉ. अमिताभ शुक्ल, रविप्रकाश श्रीवास्तव, अरविन्द मिश्र आदि रहे।

2 एक्साईड बैटरी बरामद 2 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। थाना फतनपुर के उ0नि0 शेषनाथ यादव मय हमराह उ0नि0 प्रभात कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 118/2024 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित चोरी की 02 अदद बैटरी एक्साईड के साथ 01 अभियुक्त विशाल गौतम पुत्र गुलाबचन्द्र गौतम नि0ग्राम सुवंसा पक्का तालाब थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ व 01 बाल अपचारी अभियुक्त को थानाक्षेत्र फतनपुर के सुवंसा के पास पक्का तालाब के पास गिरफ्तार कर उक्त अभियोग से सम्बन्धित चोरी की बैटरी को बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध मे अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 08.06.2024 को राजेश कुमार मौर्या के दरवाजे पर खड़ी कूड़ा गाड़ी यूपी 72 एटी 1220 टाटा ऐश व ट्रैक्टर से यही बरामद बैटरी चोरी की थी आज इसे बेचने के लिए जा रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

सख्ती डीएम ने वरासत दर्ज करने में लापरवाही बरतने पर लेखपाल दिनेश मिश्रा को निलम्बित करने का दिया निर्देश

शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें

विश्ववार्ता संवाददाता

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। रानीगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 260 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 11 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 260 शिकायतों में से 108 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 84, विकास विभाग से 27, समाज कल्याण से 06 एवं 35 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा सुना गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता साबिरा पत्नी स्व0 इन्सान अली ने शिकायत किया कि प्रार्थिनी के पूर्वजों की भूमि ग्राम पूरेहिरामन की गाटा संख्या 409 है, प्रार्थिनी के पति इन्सान अली सुत मो0 हनीफ के नाम भूमि है, प्रार्थिनी का पति इन्सान अली ग्राम पूरेहिरामन तहसील रानीगंज का रहने वाला था जिसकी मृत्यु दिनांक 13.06.2023 को हो चुकी है। प्रार्थिनी व उसके दो पुत्र शेर अली व शमसाद अली उपरोक्त पते पर ननिहाल/माइके में रहते है जो कि दो बार वरासत के लिये

आनलाइन करा चुके है लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल दिनेश मिश्रा के द्वारा बगैर जांच किये निरस्त कर दिया जाता है और लेखपाल कहते है कि जाओ तहसीलदार के यहां से करा लो, इस प्रकरण को जिलाधिकारी ने गम्भीरता से लेते हुये क्षेत्रीय लेखपाल दिनेश मिश्रा को निलम्बित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया और तहसीलदार रानीगंज को शिकायतकर्ता की वरासत दर्ज कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये एवं शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये जमीनी विवादों के शिकायतों को राजस्व और पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। उन्होने उपस्थित अधिकारियां से कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता को देखें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित गति से किया जाये।

ट्रेन में युवक की हालत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

बांदा। ट्रेन में सफर के दौरान युवक की हालत बिगड़ गई। परिजनो ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिहार के खरसान निवासी 28 वर्षीय विश्वासी पुत्र रामा माझी बड़ोदरा गुजरात मे रहता था। वह ट्रेन में बैठकर गांव जा रहा था। शनिवार की शाम उसकी ट्रेन में हालत खराब हो गई। छोटे भाई रामजानी ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के भाई रामजानी ने बताया कि विश्वासी के दाहिने हाथ के कंधे के नीचे चोट लग गई थी। वह उसे लेकर गांव जा रहा था। तभी ट्रेन में उसकी हालत बिगड़ गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

संपादकीय

पानी पर सियासी जंग

देश की राजधानी दिल्ली में पिछले कई दिनों से पानी की भारी किल्लत के चलते आम लोगों में त्राहि-त्राहि मची है, लेकिन यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस समस्या का समाधान ढूंढने के बजाय इस पर राजनीति हो रही है। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार और केन्द्र सरकार के बीच इसे लेकर खींचतान जारी है जबकि आम आदमी की दिक्कतों से किसी को कोई सरोकार नहीं दिखता। इस रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच राजधानी में कई दिन जल संकट गहराया हुआ है जिसके मद्देनजर दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने पुलिस आयुक्त को एक पत्र लिखा है। पत्र में आतिशी ने पुलिस आयुक्त से कई प्रमुख पाइप लाइन की सुरक्षा और गश्त करने के लिए अगले 15 दिन तक पुलिस कर्मियों को तैनात करने का अनुरोध किया है। इस मुद्दे पर बात करते हुए दिल्ली की जल मंत्री ने कहा कि अभी दिल्ली में गंभीर हीटवेव भी चल रही है और पानी की कमी भी हो रही है। इस सब के दौरान ऐसा लग रहा है कि कुछ लोग पानी की पाइप लाइन तोड़ कर इस पानी की कमी को और बदतर बनाने का षड्यंत्र रच रहे हैं। आतिशी ने आगे कहा कि कल साउथ दिल्ली की सप्लाई पाइप लाइन में बहुत बड़ा लीकेज हुआ। जब हमारी टीम को पता चला तो रिपेयर के लिए टीम भेजी गई तो वहां यह पाया गया कि बहुत बड़े-बड़े बोल्ट को काट कर छेद किया गया है। मैंने इसी संदर्भ में आज पुलिस कमिश्नर को लिखा है कि हमारी मुख्य पाइप लाइन को पुलिस द्वारा सुरक्षा दी जाए। जल मंत्री के बयान पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रतिक्रिया दी है। मनोज तिवारी ने इस मुद्दे पर कहा कि हर साल यह जल संकट होता है। दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी किसे धोखा दे रही हैं ? आतिशी श्वेत पत्र लेकर आएं कि 10 साल में कहां-कहां पाइप बदला गया। ये कामचोर लोग हैं, इनकी न तो काम करने की नीति है और न नीयत, ये बस खजाने को लूटना चाहते हैं जिसके कारण इन्हें सज़ा भी मिल रही है। मैं आतिशी से कहना चाहता हूं कि झूठ बोलने की भी एक सीमा होती है। जरूरत से ज्यादा पानी दिया जा रहा है लेकिन क्या उनके पास पानी पहुंचाने का सिस्टम है ? दिल्ली के लोग अब इन्हें सज़ा देंगे, दिल्ली को ये लोग नहीं चाहिए जो बहाने बनाएं, दिल्ली को वे लोग चाहिए जो समस्या को दूर करें। आतिशी के बयान पर वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि 10 साल से इनकी सरकार हैं, आतिशी बता दें अगर उन्होंने किसी पर कोई कार्रवाई की हो, वे बताएं कि पिछले 10 सालों में इन्होंने क्या काम किया ? दिल्ली में जो जल संकट है, वह अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी और उनके भ्रष्ट मंत्रियों और विधायकों की वजह से है। दिल्ली के जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी पर भाजपा लगातार हमला बोल रही हैं। भाजपा की जिला इकाई ने जल संकट के खिलाफ अपने-अपने जिलों के प्रमुख स्थानों पर मटका फोड़ प्रदर्शन किया। इस दौरान साउथ दिल्ली के छतरपुर स्थित दिल्ली जल बोर्ड के फीलिंग पॉइंट पर महिलाओं द्वारा पथराव करने की खबर भी सामने आयी। महिलाओं ने गुस्से में दिल्ली जल बोर्ड ऑफिस पर पथराव किया और उसके शीशे तोड़ दिए। साउथ दिल्ली के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में ये प्रदर्शन किया जा रहा था। इससे पहले भाजपा नेताओं ने जल संकट को लेकर दिल्ली के विभिन्न इलाकों में आम आदमी पार्टी की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। दिल्ली सरकार भाजपा शासित हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगा रही है। उधर, कांग्रेस ने भी राष्ट्रीय राजधानी में पानी की भारी किल्लत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। इन प्रदर्शनों के बीच दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर दिल्ली जल बोर्ड के कार्यालय में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। भारद्वाज ने इसे सरकार के खिलाफ साजिश करार देते हुए एक वीडियो साझा किया। वीडियो में कुछ लोग एक कार्यालय पर पथराव और मटके फेंककर उसकी खिड़कियां तोड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

कटाक्ष ▶ हसन जैदी

चुनाव परिणाम पर झूठे नैरेटिव गढ़ने में जुटा है विपक्ष

डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

वर्ष 1962 के बाद यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री नेहरू के बाद मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। कोई शक नहीं कि इंडी गठबंधन ने इस चुनाव में सफलता अर्जित की और कांग्रेस सबसे बड़े दल के रूप में उभर कर आयी, लेकिन यह सफलता कांग्रेस को 26 अन्य दलों की बैसाखियों के सहारे मिली है। वैसे यह एक तथ्य है कि इस चुनाव में नीतीश कुमार के उस गुणा भाग को समर्थन मिला जिसमें कहा गया था कि विपक्ष के सारे दल यदि एक हो जाएं तो गठबंधन 51 फ़ीसदी वोट पाकर भाजपा को 49 फीसदी पर रोककर सफलता अर्जित कर सकता है।

यदि हम उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणामों को ही देखें तो स्पष्ट होता है कि बसपा के वोटो के बंटवारे से सबसे ज्यादा फायदा इंडी गठबंधन को हुआ। यदि बसपा इंडी का हिस्सा होती तो इस गठबंधन को और अधिक सफलता मिलती। बसपा को खुद तो कोई फायदा नहीं हुआ लेकिन उसने कहीं भाजपा को फायदा पहुंचाया तो कहीं इंडी गठबंधन को। उत्तर प्रदेश में एनडीए गठबंधन को जो 36 सीटें मिली हैं, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इनमें 16 ऐसी हैं जिनमें भाजपा को जो जीत मिली, उनमें बसपा के वोट इंडी गठबंधन से जीत के अंतर से ज्यादा हैं। निश्चित ही यदि बसपा के वोट कम हो जाते और वह इंडी गठबंधन की ओर खिसक जाते तो बीजेपी लगभग 12 से 13 सीटें और हार सकती थी। स्पष्ट है कि बसपा से गठबंधन नहीं होने से इंडी गठबंधन को बढ़त नहीं मिली। जो भी हो, इन परिणामों से भविष्य की यह इबारत पढ़ी जा सकती है कि इंडी गठबंधन की वर्तमान सफलता से बसपा अगले विधानसभा चुनावों तक संभव है इंडी का साथ गवारा कर ले।

लेकिन अभी बात केवल उत्तर प्रदेश की नहीं बल्कि इंडी गठबंधन के उसे नैरेटिव पर होनी चाहिए जो जान बूझकर एनडीए को हारा हुआ बताने की कोशिश कर रहा है। सच्चाई तो यह है कि वह उन स्थितियों को उजागर नहीं होने देना चाहता जो एनडीए की सफलता की कहानी कहती हैं। 4 जून के बाद इंडी गठबंधन के किसी नेता की जुबान पर यह नहीं आया कि भाजपा से उड़ीसा में लोकसभा और विधानसभा दोनों में उसे करारी हार मिली है। 147 सदस्यों वाली विधानसभा में बीजेपी को 78 बीजेडी को 51 और कांग्रेस को मात्र 14 सीटें मिली हैं। वहीं लोकसभा में बीजेपी को 21 में से 20 सीट मिली तो बीजेडी को शून्य और कांग्रेस को मात्र एक सीट मिली। उसकी जुबान पर यह भी नहीं आया कि तेलंगाना में भाजपा को दो गुनी सफलता अर्जित करने से इंडी भाजपा को नहीं रोक पाई।

तेलंगाना में भाजपा ने 2019 में जीती 4 सीटों के मुकाबले इस बार 8 सीटों पर सफलता अर्जित की। उसकी जुबान पर यह भी नहीं आया कि आंध्र प्रदेश में टीडीपी और भाजपा गठबंधन ने कांग्रेस को शून्य पर धकेल दिया। उसकी जुबान पर यह भी नहीं आया कि अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 60 में से 46 सीटें जीतकर इतिहास बनाया है जबकि कांग्रेस मात्र एक सीट ही जीत पाई। और लोकसभा की दोनों सीटें भाजपा को मिली हैं। इंडी गठबंधन झूठे नैरेटिव गढ़कर यह प्रचारित करने में लगा हुआ है कि उसके गठबंधन की जीत चमकीली है जबकि भाजपा चुनाव हार गई है। यही नहीं वह भाजपा को मिली 240 सीटों से प्रधानमंत्री मोदी की नैतिक हार की बात करता है लेकिन भूल जाता है कि भाजपा ने 7 राज्यों में (पांच राज्य तथा दो केंद्र शासित प्रदेश) क्लीन स्वीप किया है। तथा केरल में 70 साल के सूखे को खत्म करते हुए एक सीट पर कमल खिलाया है। वस्तुतः इन सब बातों का जिक्र करना उसे सूट नहीं करता।

मध्य प्रदेश में सभी 29 सीटें जीतकर भाजपा ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। यही नहीं उत्तराखंड, हिमाचल, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा की सभी लोकसभा सीटों पर जीत हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया है। केंद्र शासित दिल्ली में सभी 7 सीटों और अंडमान निकोबार की एक सीट जीतकर भी भाजपा ने इंडी गठबंधन को उसकी हैसियत दिखाई है। इसमें कोई शक नहीं कि भाजपा 2019 के अपने 303 सीटों के परिणाम प्रदर्शन को दोहराने में सफल नहीं हुई किंतु उसने आज की स्थिति में भी इंडी गठबंधन की कुल 233 के मुकाबले 240 सीट पाने में सफलता अर्जित की है। इसी तरह एनडीए की कुल सीटों में भी भाजपा को 2019 के 353 के मुकाबले 293 सीटें मिली हैं। जबकि उसने लक्ष्य 400 पार का रखा था। निश्चित ही लक्ष्य के मुकाबले अर्जित परिणाम बेहद निराशाजनक है किंतु यह 10 साल की एंटी इनकंबेंसी के रहते किसी भी दशा में असम्मानजनक नहीं है।

इस बात को सभी को स्वीकार करना पड़ेगा कि एक तरफ जब इंडी गठबंधन सभी विपक्षी दलों को साथ लेकर मोदी को तानाशाह बता रहा था, यह कहकर कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म कर देगी, यदि मोदी आए तो संविधान खत्म कर देंगे, यदि मोदी आए तो नागरिक अधिकार खत्म हो जाएंगे, यदि मोदी फिर प्रधानमंत्री बने तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा जैसे भ्रामक प्रचार से जनता को प्रभावित कर अपने पक्ष में करने की पूरी कोशिश की किंतु भारत की जनता ने उन्हें सत्ता की कुर्सी तक पहुंचाने से परहेज किया। वहीं दूसरी ओर देश की अधिकांश जनता इस बात को जानती है कि बीते 10 सालों में भाजपा नीत एनडीए ने देश के सम्मान को विश्व पटल पर बढ़ाने में काफी सफलता पाई है। यही नहीं, वह जानती है कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना या तीन तलाक जैसी कुरीति खत्म करना तथा स्वतंत्र विदेश नीति के तहत विश्व के सभी देशों से (पाकिस्तान को छोड़कर) बेहतर संबंध बनाने में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व सफलता अर्जित की। यही नहीं, अर्थव्यवस्था को पांचवें स्थान पर लाना भी मोदी के अच्छे कामों की लिस्ट में है। इस सब के बावजूद देश का विपक्ष अर्थात इंडी गठबंधन यह प्रचारित करने में लगा हुआ है कि इन चुनावों में जनता ने बीजेपी / मोदी को नकार दिया है। इस नैरेटिव को कांग्रेस का हर नेता हर मंच से प्रचारित करता नजर आता है। जैसे कि उसने 99 सीटें पाकर भाजपा को सरकार बनाने से रोक दिया हो। जो भी हो, भाजपा को मिली 240 सीटें कांग्रेस को मिली 99 सीटों की तुलना में 141 ज्यादा हैं, इस बात को कांग्रेस समझना ही नहीं चाहती। कांग्रेस को जो सफलता मिली है, उसने उसमें इतना जोश भर दिया कि वह वस्तुस्थिति को जानबूझकर इग्नोर कर रही है और लगातार मोदी पर हमला कर रही है। मोदी की जीत 2019 के चुनाव में वाराणसी से मिले वोटो की तुलना में इस बार हालांकि कम मतों की है किंतु जीत तो जीत है, भले ही वह एक वोट की ही क्यों न हो। यदि इंडी गठबंधन ने 272 सीटों का जादुई आंकड़ा पार कर लिया होता तो क्या मोदी सरकार बना सकते थे।

आज स्थिति यह है कि विपक्ष का कोई नेता यह स्वीकार करने को तैयार ही नहीं है कि मोदी ने प्रधानमंत्री की शपथ ले ली है और एनडीए की 272 सीटों से 21 अधिक 293 सीटें हैं। कांग्रेस के बड़े नेता लगातार यह प्रचारित कर रहे हैं कि जनता ने मोदी को नकार दिया है। राहुल गांधी ने तो रायबरेली और वायनाड में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यदि बहिन प्रियंका वाड्रा वाराणसी में चुनाव लड़ी होतीं तो वह मोदी को दो या तीन लाख के वोटों से हरा देतीं। कुल मिलाकर कांग्रेस ऐसे नैरेटिव सेट करने की कोशिश कर रही है कि मोदी का जादू पूरी तरह से खत्म हो गया जबकि आज की स्थिति में भाजपा को जो 240 सीटें मिलीं हैं, वह मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर जनता के भरोसे का परिणाम हैं। लेकिन क्योंकि राहुल को अपनी साख बढ़ाना है तो मोदी की आलोचना करना और मोदी को कमतर बताना आवश्यक है। लेकिन इस एक तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि इंडी गठबंधन को मिली 233 सीटें राहुल गांधी की लोकप्रियता का परिणाम नहीं है बल्कि जनता में विपक्ष के संयुक्त भ्रामक प्रचार का परिणाम हैं जिसमें उन्होंने बढ़त हासिल कर ली। भाजपा की कम सीटें आने का एक और कारण भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता रही जिसने सोच लिया था कि भाजपा तो 400 पार कर ही रही है तो फिर ज्यादा प्रयास करने की जरूरत ही क्या है। तो वहीं उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जाति समीकरण साधने में पार्टी नाकाम रही। विपक्ष अपनी हार से ज्यादा भाजपा की जीत को हार में तब्दील करना चाहता है। ऐसा करने के पीछे उसका मंतव्य केवल यह है कि वह जनता में प्रचारित करना चाहता है कि मोदी की लोकप्रियता ढलान पर है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

महंगाई और बेरोजगारी पर खास फोकस करे सरकार

प्रेम शर्मा

मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू हो चुका है। पिछले दो कार्यकालों में मोदी सरकार द्वारा सबसे ज्यादा उपेक्षा महंगाई और बेरोजगारी की हुई जिसका परिणाम यह रहा कि भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। यह अलग बात है कि कुछ नेता इसके लिए हिन्दू समुदाय को कोस रहे हैं। लेकिन इसके ठीक इतर वह इस बात से अनजान नहीं हैं कि देश की आधी आबादी को सरकार स्वयं निःशुल्क राशन उपलब्ध कराकर यह सिद्ध करती रही है कि देश की आधी आबादी दो जून की रोटी के लिए मोहताज है, ऐसे में उसका विश्व की बड़ी आर्थिक शक्ति, विकास के नए आयाम गढ़ने और तरह तरह के दावे निःशुल्क अन्न वितरण के सामने बौने लगते हैं।

लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली धांधली, पर्चा लीक होने तथा सरकारी सेवाओं में आउटसोर्सिंग के मायाजाल ने युवा वर्ग को भाजपा से दूर करना शुरू कर दिया है। ठेका प्रणाली वाली नौकरियों से सरकारी संस्थानों की विश्वसनीयता कम हो रही है। भ्रष्टचार बढ़ रहा है। चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। गैर जिम्मेदारी बढ़ रही है। सरकार अगर इससे अंजान बनी रहेगी तो इसके बहुत गम्भीर परिणाम सामने आएंगी। महंगार्इ्र चरम सीमा पर है। खुदरा बाजार सरकारों के नियंत्रण से बाहर हो चुका है। ऐसे में अगर गठबंधन का नेतृत्व कर रही भाजपा ने महंगाई और बेरोजगारी को तीसरे कार्यकाल में फोकस नही किया तो अगले कुछ समय में होने वाले कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसे इसका खमियाजा भुगतना पड़ सकता है। मतदाताओं ने आज फिर केंद्र में गठबंधन सरकार को चुना है। ऐसा लगता है कि मतदाताओं द्वारा मनमाने ढंग से सरकार चलाने से प्रभावित नहीं हुए। पार्टी के शीर्ष नेता लोगों की समस्याओं जैसे डेढ़ साल से अधिक समय तक चले किसान आंदोलनॉ महिला पहलवानों द्वारा महीनों तक विरोध प्रदर्शनॉ बेरोजगारी और महंगाई के प्रति पूरी तरह से असंवदेनशील रहे। पार्टी नेतृत्व का अहंकार सभी को दिखाई दे रहा हैं जिसमें उनके अपने कार्यकर्ता भी शामिल हैं। मौजूदा एनडीए सरकार के सामने कई चुनौतियां हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व गठबंधन की प्रथाओं का आदी नहीं है। वे हमेशा एकतरफा नेतृत्व में विश्वास करते रहे हैं जिसमें सहमति और संवेदनशील राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है।

इसलिए सत्तारूढ़ दल के लिए सामूहिक नेतृत्व प्रदान करना बड़ी चुनौती होगी जो गठबंधन सरकार के लिए एक शर्त है। यद्यपि गठबंधन सरकारें लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में अधिक प्रभावी हो सकती हैं लेकिन चुनौतियों और कठिनाइयों को एक ऐसे नेता द्वारा दूर किया जा सकता है। गठबंधन का एक धर्म होता है। इस धर्म को जब तक निभाया जाता है, तब तक तो गठबंधन की सरकार ठीक चलती रहती है। जैसे ही गठबंधन के दल इसका पालन करना बंद कर देते हैं, समस्याएं पैदा होना शुरू हो जाती हैं। गठबंधन की सरकारों में बड़े दल को बड़े भाई जैसी भूमिका निभानी पड़ती है और हर पल छोटे दलों के सम्मान का ख्याल रखना पड़ता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार इसलिए जन कल्याण के बड़े फैसले ले सकी थी क्योंकि उसने हमेशा गठबंधन धर्म का पालन किया। पुराने उदाहरण हमारे सामने हैं जब-जब भी दलों ने गठबंधन सरकार को छोड़ा है या दलों ने समर्थन वापस लिया है, उन्होंने यही आरोप लगाया है या पीड़ा जाहिर की है कि गठबंधन धर्म नहीं निभाया गया। पार्टी के नेताओं और मंत्रियों की पिछले दो कार्यकालों में बेअंदाजी भी भाजपा को महंगी पड़ी है, उस पर भी नेतृत्व को अंकुश लगाना होगा। इस बार गठबंधन सरकार बनने से राजनीति के जानकार यह भी कहने लगे हैं कि अब गठबंधन का दौर शुरू हो गया है और एक दल को बहुमत वाली सरकारों के दिन फिर से लद गए हैं। इस बार यह भी अच्छा रहा है कि एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधन के सांसदों की लोक सभा में संख्या अच्छी है। पिछली दो सरकारों का अनुभव अच्छा नहीं रहा था। विपक्ष की संख्या कम होने की वजह से सरकार ने विपक्ष को कभी विश्वास में नहीं लिया। कृषि कानून जैसे कई विधेयक बिना चर्चा के पारित कराए गए। किसानों ने इसे अस्वीकार कर दिया और लगभग एक साल तक दिल्ली के बॉर्डर पर कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन किया। मजबूर होकर सरकार को इसे वापस लेना पड़ा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार का गठन होने के बाद यह आवश्यक है कि जिन कारणों से भाजपा को बहुमत से कम सीटें हासिल हुईं, उन पर गंभीरता से विचार किया जाए और भविष्य की नीतियां तय की जाएं। प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में तेलुगु देसम पार्टी और जनता दल-यू के सहयोग से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। फिलहाल सरकार के स्थायित्व को लेकर कोई खतरा नहीं है और आशा है कि यह सरकार पहले की तरह मजबूती के साथ काम करती रहेगी और सहयोगी दल दलगत हितों अथवा अपने-अपने राज्य के हितों के बजाय राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देंगे। दस साल पहले के मुकाबले आज देश विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़ा है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। डीजीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां में बेरोजगारी और असमानता शामिल है। इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। मौजूदा जनादेश की सबसे उपयुक्त व्याख्या यही हो सकती है कि कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए सरकार विकास के अजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करे।देश के प्रधानमंत्री से यह अपेक्षा रहेगी कि वे देशविरोधी विमर्श को भी नष्ट करेंगे और देश तोड़ने वाली शक्तियों को उचित दंड देंगे। दंड विधान न होने से अराजकता का विस्तार होता है, जैसा हमने शाहीन बाग और किसान आंदोलन के दौरान देखा था। देश अब उन घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं चाहेगा। देशवासी यह चाहते हैं कि सरकार हर उस विमर्श का समूल नाश करे, जो लगातार देश को कमजोर कर रहा है क्योंकि अराजकता से देश के आर्थिक विकास पर प्रभाव पड़ता है और इसके कारण करोड़ों लोग प्रभावित होते हैं।

कविता


शर्मिष्ठा पाण्डेय

समर्पण

जीवन पथ पर कभी तुम जो थके
मैं शीतल जल बन आउंगी
बुझा सकी न प्यास तेरी
तो थके पाँव धो जाऊँगी
जो कभी लक्ष्य से भटके तुम
बन प्रकाश पुंज मैं छाऊंगी
जो लिखोगे युगकाव्य नए
मैं ऋचाओं में ढल जाऊँगी
बन सकी न मैं प्रेरणा तो क्या
शब्दों में घुल-मिल जाऊँगी
तुम नव-जीवन के स्वप्न बुनो
मैं नींदों में बस जाऊँगी
मैं हूँ यथार्थ से परे सही
आभास नए दे जाऊँगी
उन्मुक्त पवन से बहोगे तुम
मैं सुगंध बन लहराऊंगी
ना खिली तेरे उपवन तो क्या
गुलदान में शोभा पाऊँगी
तुम वीणा की झंकार बनो
मैं प्रणय राग बन जाऊँगी
जो बन न सकी स्वर की लहरी
श्रुतियों में हिल-मिल जाऊँगी।

विदेश में पढ़ाई की ललक का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव ?


अशोक भाटिया

आज कल 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा छात्र विदेश में पढ़ाई के लिए जा रहे हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों के प्रति आकर्षण को शक्तिशाली अभियान द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। इस पलायन के पीछे क्या कारण हैं? भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था पर इसका क्या प्रभाव पड़ रहा है?इस पलायन का एक कारण स्नातक होने के बाद भारत में नौकरी पाने का संघर्ष है। छात्रों का मानना है कि विदेश में बेहतर जीवन जीने की गुंजाइश है। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, वे आर्थिक और शैक्षणिक रूप से अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए वहाँ रहना जारी रखते हैं। दूसरा पहलू कई विदेशी देशों में उदार जीवनशैली है, जो छात्रों को एक स्तर की स्वतंत्रता प्रदान करती है जो उनके घरों में संभव नहीं हो सकती है। तीसरा पहलू पढ़ाई के दौरान कमाई की संभावना है। यह भी माना जाता है कि विदेशी विश्वविद्यालय में पढ़ाई करना भारतीय संस्थान में पढ़ाई करने से ज़्यादा प्रतिष्ठा वाला होता है।

यह भी सच है कि प्रतिष्ठित भारतीय संस्थानों में प्रवेश मुश्किल है और केवल कुछ प्रतिशत छात्र ही सीट पा पाते हैं। विदेशों में कॉलेजों में प्रवेश की अपेक्षाकृत आसानी के कारण, ज़्यादा छात्र उच्च शिक्षा के अपने सपने को पूरा करने में सक्षम होते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उद्देश्य भारतीय विश्वविद्यालयों को अनुसंधान, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान पर ध्यान केंद्रित करके विदेशी विश्वविद्यालयों के बराबर लाना और विविध क्षेत्रों में सीखने के समान अवसर प्रदान करना, बेहतर शिक्षक प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे का विकास करना है। लेकिन इसे लागू करने और प्रभावी होने में समय लगेगा। जबकि भारत अनुसंधान-आधारित शिक्षा स्थापित करने की चुनौतियों पर काबू पा रहा है, छात्र ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र खोजने के लिए विदेश जाना पसंद करते हैं।

वैसे देखा जाय तो विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि चिंता का विषय है। जिस रफ्तार से पढ़ाई और रोजगार की तलाश में युवा शक्ति का पलायन हो रहा है,उसे अगर समय रहते नहीं रोका गया तो अपने देश के आर्थिक विकास के लिए बुद्धि एवं कौशल युक्त श्रम शक्ति की समस्या भी खड़ी हो सकती है। उदारीकरण, स्थिरीकरण और निजीकरण पर आधारित अपनी आर्थिक नीतियों के कारण भारत तेजी से आर्थिक विकास करते हुए दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा है, लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद भी शिक्षा की पद्धति में बरकरार खामियों की वजह से भारतीय छात्रों के पलायन का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

यदि राज्यवार आंकड़ा देखें तो वर्ष 2021 तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों में 12% पंजाब से, 12% ही आंध्र प्रदेश से और 8% विद्यार्थी गुजरात से थे। अगर युवाओं की कुल संख्या के अनुपात में देखा जाए तो पंजाब से प्रत्येक हजार में से 7 युवा, आंध्र प्रदेश में प्रति हजार में चार युवा और गुजरात से प्रति हजार में कम से कम तीन युवा विदेश में हर साल पढ़ने के लिए गए हैं। यदि वर्ष 2016 से वर्ष 2022 की संचयी संख्या लें तो स्थिति काफी चिंताजनक दिखाई देती है। पंजाब में यह संख्या 50 प्रति हजार, आंध्र प्रदेश में 30 प्रति हजार और गुजरात में 16 प्रति हजार है।

किसी भी देश की पहचान उसके नागरिकों से होती है। शिक्षित, समर्थ, कुशल, सक्षम नागरिक तो समर्थ और सक्षम देश। भारत अरसे से अपनी क्षमताओं का एहसास कराने वाला देश बना हुआ है। भारतीय मेधा ने नए जमाने के आईटी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आश्वस्ति हुई है कि शिक्षा के क्षेत्र में जोरदार प्रयास किया गया तो भारत उन्नति के रास्ते पर सरपट आगे निकल सकता है। लेकिन इस हकीकत से कैसे मुंह चुराया जा सकता है कि अच्छी शिक्षा, सार्थक शिक्षा तथा रोजगार सृजन के रास्ते में आ रही अड़चनों को नहीं हटाए जाने के कारण भारतीय युवा बड़ी तादाद में पढ़ने के लिए विदेशों की ओर भाग रहे हैं और इसके साथ ही देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भी विदेशों को जा रही है।

ऐसा प्रायः देखने को मिलता है कि माता-पिता अपनी परिसंपत्तियों को बेचकर युवाओं को विदेशों में पढ़ने के लिए भेज रहे हैं। एक समय था कि विदेशों में रह रहे भारतीयों के माध्यम से बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा देश में आती थी। विदेश में अच्छी पढ़ाई के क्रेज के चलते यह प्रक्रिया उलट गई है। अब विदेशों से धन आने के बजाय भारत से विदेशों को धन भेजा जा रहा है। ऐसे में जब वर्ष 2024 तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 20 लाख से ऊपर होगी और उनके द्वारा खर्च की जाने वाली राशि और 80 अरब डॉलर से अधिक पहुंच जाएगी तो यह देश के लिए एक तरह से संकटकारी स्थिति का कारण बन सकता है।

पिछले दो-तीन दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में देश में प्रगति हुई है। यदि उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों का प्रवेश देखें तो वर्ष 1990-91 में जहां मात्र 49.2 लाख विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लिया, यह संख्या 2020-21 में 414 लाख तक पहुंच गई। मोटे तौर पर शिक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में पिछले 30 वर्षों में 10 गुना से भी अधिक की वृद्धि हुई। यदि उच्च शिक्षण संस्थानों की बात की जाए तो वर्ष 2021 में देश में 1113 विश्वविद्यालय और समकक्ष संस्थान, 43,796 महाविद्यालय और 11,296 अन्य स्वतंत्र संस्थान हैं। देश के उच्च संस्थानों में लगभग 15 लाख शिक्षक कार्यरत हैं। देश में केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ-साथ राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय, निजी विश्वविद्यालय और डीम्ड विश्वविद्यालय भी हैं। प्रबंधन, मेडिकल और इंजीनियरिंग के भी ढेर सारे संस्थान हैं।

फीस के मोर्चे पर भी भारतीय शिक्षण संस्थानों की फीस विदेशी संस्थानों की फीस से बहुत ही कम है। ऐसे में प्रश्न यह खड़ा होता है कि भारी भरकम राशि खर्च करके भारत के युवा विदेशी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेते ही क्यों है? इसका एक उत्तर यह भी है कि अधिकांश विद्यार्थी विदेश में उच्च स्तरीय शिक्षा में प्रवेश लेकर केवल डिग्री नहीं बल्कि वहां रोजगार की तलाश करते हैं। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इंग्लैंड या अन्य यूरोपीय देशों में जाने वाले भारतीय विद्यार्थियों का वास्तविक लक्ष्य शिक्षा प्राप्त करना नहीं बल्कि वहां रोजगार प्राप्त करना है। लेकिन इन विद्यार्थियों को यह समझाने की जरूरत है कि वर्तमान में उन देशों में भी रोजगार की भारी कमी है। यही कारण है कि वहां से अधिकांश विद्यार्थी खाली हाथ लौट रहे हैं।

पूर्व में गए कुछ विद्यार्थियों की सफलता को रोल मॉडल मानते हुए आज के युवा पलक झपकते सब कुछ पा लेने की होड़ में विदेशी संस्थाओं के लिए भाग तो रहे हैं लेकिन उन्हें इस बात का अहसास नहीं हो रहा है कि विदेशी शिक्षा संस्थान वर्तमान में खुद का अस्तित्व बचाने के लिए सस्ती कीमत पर भारतीय विद्यार्थियों को आसानी से प्रवेश दे रहे हैं। एक बार प्रवेश देने के बाद वे संस्थान भारतीय विद्यार्थियों को बेतहाशा लूट रहे हैं। हाल ही में कई ऐसे संस्थानों की खबरें आई हैं जिनका शिक्षा से कोई सरोकार नहीं है, शिक्षा के नाम पर दुकान खोलकर बैठे हैं।

ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारों को विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं को वास्तविकता से अवगत कराने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है ताकि वह विदेश में जाकर अपने माता-पिता की गाढ़ी कमाई को यूं ही न गंवाएं। देश के जो अनभिज्ञ युवा विदेश में शिक्षा के नाम पर ठगे जा रहे हैं, उन्हें इस समस्या से बचने के लिए सरकार को आगे आना चाहिए, साथ ही समाज के प्रबुद्ध वर्ग को भी इस समस्या के हाल के लिए व्यक्तिगत स्तर पर भी पहल करनी चाहिए। अब समय आ गया है कि सरकार भारतीय युवाओं के पलायन और उनके माता-पिता की गाढ़ी कमाई विदेश में जाने से रोकने हेतु एक विस्तृत और व्यापक कार्य योजना के साथ आगे आए, ताकि भारतीय उद्योग धंधों को कुशल श्रम शक्ति उपलब्ध होती रहे तथा भारत के दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कोई बाधा न आए।

जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।

संपादक- **आनंद अग्निहोत्री***, **सलाहकार संपादक** - गोलेश स्वामी, **एसोसिएट एडिटर**- मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय**- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।

RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

युवक के बाल पकड़कर दारोगा ने झिझोड़ा

युवक के बाल पकड़कर खींचते दारोगा

» वीडियो वायरल होने पर एसपी ने दी सफाई

» मनचले युवक कस रहे थे महिलाओं पर फब्तियां

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। हरगांव थाने पर तैनात दारोगा द्वारा एक युवक के सिर के बाल पकड़कर झिड़कने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दस सेकेंड का यह वीडियो हरगांव कस्बे के शिव मंदिर के निकट का है।

एसपी ने इस मामले की जांच सीओ सदर को देते हुए बताया कि युवक महिलाओं से छींटाकशी कर रहा था जिस पर उपनिरीक्षक योगेश कुमार शंखधार ने हल्का बल प्रयोग करने के बाद हिदायत देकर युवक को छोड़ दिया। क्षेत्राधिकारी सदर ने मौके पर जाकर जांच की तो उन्होंने पाया कि वह स्थान हरगांव कस्बे के शिव मंदिर के पास का है। व्यापारियों तथा महिलाओं द्वारा लगातार शिकायत की जा रही थी कि कुछ युवक बेवजह रोड पर खड़े होकर आने-जाने वाली महिलाओं से छींटाकशी करते हैं। 15 जून को उपनिरीक्षक उसी स्थान से गुजर रहे थे जहां उन्होने देखा कि दो युवक एक बाइक पर खड़े हैं।

उपनिरीक्षक ने रुककर पूछताछ की तो युवक भागने का प्रयास करने लगे जिनको दोबारा रोककर पूछताछ की तो वह जवाब नहीं दे सके। मौके पर मौजूद व्यक्तियों द्वारा भी इस बात की पुष्टि की गयी है। इसके बाद दारोगा योगेश कुमार शंखधार ने युवकों को हल्का बल प्रयोग करके चेतावनी देते हुए छोड़ दिया गया। एसपी चक्रेश मिश्र ने बताया कि क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा जांच की जा रही है।

जांच के पश्चात यदि किसी का दोष पाया जाता है तो विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

स्थानीय लोगों का लिया सहारा

एसपी चक्रेश मिश्र ने हरगांव कस्बे के चार व्यापारियों जिनमें एक सभासद भी हैं के वीडियो क्लिप मीडिया सेल पुलिस ग्रुप पर डाले हैं। जिनमें सभी व्यापारी युवकों को आवारा बताते हुए कह रहे हैं कि युवक महिलाओं से राह चलते अभद्रता करते हैं। इन सभी व्यापारियों ने एसआई योगेश कुमार शंखधार की सराहना करते हुए कह रहे हैं कि इनके आने के बाद से कस्बे में शांति व्यवस्था मजबूत हुई है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय व्यापारियों का एसआई के बचाव में सहारा लिया जाना प्रतीत हो रहा है।

नमामि गंगे से बाढ़ पीड़ितों को नहीं मिल सकेगी राहत

» पांच किमी लम्बी ड्रेजिंग व चौनलाइजेशन का हो रहा कार्य

» तय समय में कार्य पूरा न होने से तटवर्ती गांवों में बेचैनी

विश्ववार्ता संवाद

रामपुर मथुरा (सीतापुर)। तटबंध समेत नजदीक बसे गांवों के अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले तीन वर्षों से चलाई जा करोड़ों रुपये की लागत की परियोजनाएं तय समय में पूरी न होने से बाढ़ पीड़ितों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस वर्ष भी भारत सरकार की नमामि गंगे परियोजना के तहत सिचाई विभाग द्वारा करीब पांच किमी लम्बी ड्रेजिंग व चौनलाइजेशन का कार्य तकरीनब दो माह से चल रहा है।

इस अवधि में महज दो से ढाई किमी की लंबाई में कार्य हो सका है। तटवासियों के अनुसार जून माह के अंत तक नदीं में पानी तेजी से बढ़ जाता है। उस समय तक कार्य होना मुमकिन नहीं है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक कार्य 20 से 25 जून तक पूर्ण हो जाना चाहिए था। यदि कार्य तय समय में पूर्ण नहीं हो पाया तो अब तक हुए करोड़ों रुपये का कार्य भी नदी की धारा में बह जाएगा। मौजूदा समय में सरयू नदी धीरे-धीरे कटान शुरू कर चुकी है। जिसे देखते हुए तटीय लोगों भयभीत होने लगे हैं। कटान के सबसे नजदीक बसे देवराज तिवारी ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से इस तरह की तीन परियोजनाओं के नाम पर कई करोड़ रुपये गांवों के अस्तित्व को बचाने के नाम पर सिंचाई विभाग ने खर्च किये हैं।

बावजूद इसके बीते वर्ष में अखरी गांव के 20-22 घर, परम गोंडा के और 7-8 घर, शंकरपुरवा के 10 से 12 घर सहित करीब 45 घर नदी की धारा में समा गए थे। पक्की बनाई गई ठोकरों की वजह से बाबा कुटी के पास कटान कुछ कम हुआ है। कार्य की सुस्ती को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि अखरी गांव में बचे 7-8 घरों के कटान में बह जाने की चिंता उन्हें सताने लगी है। राजू ने बताया कि ड्रेजिंग व चौनलाइजेशन में जेसीबी द्वारा करीब 11-12 फिट चौड़ा व 6 या 7 मीटर गहराई में एक नाला बनाकर ड्रेजिंग मशीन से उसमें नदी की मुख्य धारा को लाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके पिछले बार के परिणाम अच्छे नहीं रहे। धारा मोड़ने के कार्य तय समय मे पूरे नही हुए थे, इसकी असफलता के चलते तीन गांवों से 35 घर नदी में बह गए। बीते वर्षों में कटान बचाने के नाम पर खर्च हुए बजट की बात करें तो वर्ष 2020-21 में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड लखनऊ द्वारा 937.46 लाख रुपए की लागत से करीब साढ़े चार किमी लंबा ट्रेजिंग एवं चौनिलाईजेशन कार्य करवाया गया। जिसका बाढ़ आते ही नामो निशान मिट गया। बीते वर्ष अंगरौरा गांव के पास करोड़ों रुपयों की लागत से तीन पक्की ठोकरों का निर्माण करवाया गया था। इस कार्य में लगे जिम्मेदार इंजीनियर प्रशांत कुमार से जब बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने थोड़ी देर में जानकारी देने की बात कही, किन्तु इसके बाद फोन नहीं उठाया। करोड़ो रुपये की परियोजना की न तो उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को है और न ही जिले के सिंचाई विभाग के किसी अधिकारी को। एसडीएम महमूदाबाद शिखा शुक्ला ने भी इंजीनियर से बात करने का प्रयास किया किन्तु फोन नहीं उठा। यहां कार्य कर रहे मजदूरों का भी जमकर शोषण किया रहा है। नाम न छापने की शर्त पर एक मजदूर ने बताया कि एक बोरी बालू भरकर सिलाई करके नदी में डालने के लिए हम लोगो को चार रुपये प्रति बोरी ठेकेदार द्वारा दिया जाता है।

ज़िपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बांटी राहत सामग्री

महमूदाबाद (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शमसाबाद में बीते कुछ दिनों पहले मेंथा ऑयल की टंकी फटने से आग की जद में आए 12 घरों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई थी। मामले की जानकारी पाकर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता द्वारा 12 पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री बांटी गई। साथ हीं रोजमर्रा का सामान इकट्ठा करने के लिए कुछ नगद भी दिया गया। राहत सामग्री बांटते वक्त जब शिवकुमार गुप्ता को मालूम पड़ा कि शीलू पुत्री मायाराम की शादी आगामी 13 जुलाई को है और आग लगने की वजह से उसका पूरा घर जल चुका था। साथ हीं शादी के लिए इकट्ठा किया गया सारा सामान जलने के साथ ही अन्य गृहस्थी भी जलकर खाक हो चुकी थी तो उनके द्वारा 5 हजार रुपए अधिक बढ़ा कर आशीर्वाद स्वरूप दिए गए। जिस पर ग्रामीणों ने उनका धन्यवाद दिया।

यूपीएमएसआरए की नई कार्यकारणी गठित

» देवेंद्र जिलाध्यक्ष एवं नीरज सचिव तथा विजय मौर्य कोषाध्यक्ष बने

कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। दवा प्रतिनिधियों के संगठन उत्तर प्रदेश उत्तराखण्ड मेडिकल एण्ड सेल्स रिपरजेन्टेटिव एसोसिएशन की सीतापुर इकाई की 39वीं वार्षिक आम सभा आईएमए भवन में सम्पन्न हुई। सभा में जिले के लगभग सभी दवा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश स्तर के नेता कामरेड अरुण सिंह, कामरेड सुरजीत मुखर्जी, कामरेड आदर्श मिश्रा व कामरेड एजे भट्टाचार्या ने सभा को सम्बोधित किया। सभा में विभिन्न श्रम कानूनों व दवा प्रतिनिधियों पर लागू होने वाले कानून एस.पी.ई. एक्ट 1976 को कम्पनियों द्वारा न लागू किये जाने के मुद्दे पर चर्चा हुयी।

दवा प्रतिनिधियों के दैनिक कार्य से सम्बन्धित समस्याओं पर कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये। इस दौरान (UPMSRA) सीतापुर इकाई की नयी कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें कामरेड देवेन्द्र कुमार अध्यक्ष, कामरेड नीरज शुक्ला सचिव एवं कामरेड विजय मौर्या कोषाध्यक्ष के पद पर चुने गये।

सभी साथियों ने (UPMSRA) सीतापुर इकाई को अखिल भारतीय फेडरेशन (FMRAI) के दिशा निर्देश में नयी ऊंचाइयों को स्पर्श करने की प्रतिज्ञा ली। जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने आए हुए सभी दवा प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह विश्वास दिलाया कि संगठन उनके हक की लड़ाई सदैव लड़ता रहेगा।

धूमधाम से मनाया गया मंदिर का स्थापना दिवस

लहरपुर (सीतापुर)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत टांडा कला के ग्राम टांडा खुर्द स्थित श्री ओमकारेश्वर महादेव मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस के उपलक्ष में अखंड रामायण के पाठ के उपरांत रविवार को मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। स्थापना दिवस के अवसर पर सरस संगीत मय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने मंदिर में भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना कर विश्व शांति की कामना की। उन्होंने कहा धार्मिक आयोजनों से समाज में एकजुटता आती है। उन्होंने मंदिर व्यवस्थापक व कार्यक्रम के आयोजक पंडित राम नारायण शास्त्री का आभार व्यक्त किया। मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस के पावन अवसर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ।

एक नजर

असलहा समेत एक गिरफ्तार

सीतापुर। कोतवाली बिसवां पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त सुरेश पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम लोधपुरवा मजरा समौदीडीह थाना तम्बौर को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी के दौरान सुरेश के पास से 12 बोर असलहा व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

प्रसिद्ध सूर्य कुंड मंदिर के सरोवर में लगाई डुबकी

लहरपुर। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्य कुंड मंदिर स्थित पवित्र सरोवर में रविवार को प्रातः काल से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर मां गंगा की उपासना कर भोले शंकर की विशेष पूजा अर्चना की। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान कर भगवान कामेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। मान्यता है कि गंगा दशहरा के अवसर पर इस पवित्र सरोवर में स्नान करने से मनुष्य सभी पापों एवं रोगों से मुक्त हो जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह हवन पूजन कर भगवान शंकर का रुद्राभिषेक कर यथाशक्ति जरूरतमंदों को दान किया। क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या लोगों ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। गंगा दशहरा के अवसर पर मंदिर प्रांगण में एक मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें आए हुए श्रद्धालुओं ने अपनी आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की और बच्चों ने मेले का आनंद उठाया।

लगाई गई विशेष पशु बाजार

लहरपुर। बकरीद के पर्व को लेकर रविवार को नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला में एक विशेष पशु बाजार लगायी गई। जिसमें बकरीद पर्व पर कुर्बानी के लिए बकरों की खरीद के लिए भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने अपनी क्षमता के हिसाब से बकरों की खरीद फरोख्त की। रविवार को लगाई गई विशेष बाजार में उपस्थित ग्राहको ने 5000 से 20000 तक कीमत के बकरों की खरीद की। इस मौके पर सईद अहमद, रियाजुद्दीन, सरफराज, मुशीर अहमद आदि ने बताया कि अधिकांश लोगों द्वारा विगत सोमवार को लगने वाली बाजार में ही बकरों की खरीद कर ली गई थी। रविवार को जो लोग कुर्बानी के लिए बकरों की खरीद से वंचित रह गए थे उन लोगों ने बकरों की खरीद की।

जेब काटने के आरोप में युवक को पकड़ा

लहरपुर। नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला स्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के निकट पशु बाजार से रविवार को लोगों ने एक नाबालिक लड़के को जेब काटने के आरोप में पकड़कर पुलिस के किया हवाले। जिसका वीडियो वायरल हुआ है। रविवार को नगर क्षेत्र स्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के निकट रविवार को बकरीद पर्व को लेकर विशेष पशु बाजार लगायी गई थी, जिसमें भारी संख्या में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग बकरा खरीदने के लिए आए थे। उसी समय हड़कंप मच गया जब बाजार में लोगों की जेबों से एक नाबालिग लड़के द्वारा चोरी की जा रही थी। जिसके बाद लोगों ने उसको चोरी करते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी नाबालिग लड़के को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। लोगों द्वारा घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया एक नाबालिक बच्चे को जेब से पैसा निकालने के आरोप में लाया गया है, किसी ने ना तो कोई आरोप लगाया है न ही कोई प्रार्थना पत्र दिया है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

चलती ट्रेन से नहर में गिरा युवक, तलाश जारी

महमूदाबाद (सीतापुर)। अपनी बहन के साथ दवा लेने जा रहा भाई चलती पैसेंजर ट्रेन से नहर में गिर गया। जिसकी तलाश परिजनों व पुलिस द्वारा की जा रही है।

दरअसल बहन उर्मिला के साथ सुभाषनगर निवासी महेश यादव उर्फ सुनील यादव (30) पुत्र फूलचंद यादव अपने घर से लालपुर दवा लेने के लिए पैसेंजर ट्रेन से जा रहा था। बहन उर्मिला के अनुसार करीब सुबह 9 बजे भगौली सैफन के पास उसका भाई चलती ट्रेन से शारदा सहायक नहर में अचानक से गिर गया।

जानकारी के अनुसार शख्स काफी दिनों से बीमार था जिसके चलते वह दवा लेने के लिए लालपुर जा रहा था। भागौली चौकी पर नियुक्त पुलिसकर्मियों से जानकारी ली गई है तो उन्होंने बताया कि मौके पर पुलिस मौजूद है और गोताखोरों की मदद से नहर के अंदर व्यक्ति की तलाश जारी है।

परिजनों ने बताया कि महेश उर्फ सुनील यादव की एक साल पहले ही शादी हुई थी लेकिन अभी तक गौना नहीं हुआ था।

राष्ट्रीय सेवा परिषद का विस्तार, सचिन जिलाध्यक्ष एवं विजय महासचिव मनोनीत

» पदाधिकारियों का मनोनयन व सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा स्थानीय ग्रीकगंज स्थित धर्मशाला में जिला कार्यकारणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों का मनोनयन व सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक प्रतिनिधि व पूर्व पंचायत उपाध्यक्ष मुनेंद्र अवस्थी मौजूद रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

साथ ही उनका स्वागत राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पटका पहनाकर व अभिनंदन पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व संचालन राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी ने किया।

इस दौरान सचिन त्रिपाठी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि मुनेंद्र अवस्थी ने नव मनोनीत जिला अध्यक्ष को पगड़ी व पटका पहनाकर शुभकामनाऐ दी। इसके उपरांत नव मनोनीत जिला अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला कार्यकारिणी गठित की गई।

जिसमें जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी द्वारा जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष में अशोक प्रजापति, उपाध्यक्ष अन्नी मेहरोत्रा, अनिल श्रीवास्तव, डॉ. शांति स्वरुप रस्तोगी, राजेश त्रिपाठी को मनोनीत किया गया जबकि कोषाध्यक्ष अम्ब्रीश दीक्षित, जिला मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, विनोद त्रिपाठी, संजय पांडेय प्रवक्ता लक्ष्मीकांत बाजपेई व अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ राम कुमार कटियार को बनाया गया। इसी के साथ उप सचिव वेद प्रकाश कश्यप व विकास चन्द्र जैन बने। अगले क्रम में जिला सलाहकार डॉ. राजीव मिश्रा अध्यक्ष युवा मोर्चा महिला प्रियंका सिंह, अध्यक्ष युवा मोर्चा पुरुष सोमकान्त बाजपेयी बनाए गए।

अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ संजय शुक्ला एवं अध्यक्ष आध्यत्मिक प्रकोष्ठ डॉ. कमल किशोर सेठ बने। इसी के साथ जिला कार्यकारणी सदस्य में रजनी वर्मा को मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी पदाधिकारियो को शपथ दिलायी।

दहेज का मुकदमा लिखाने पर बहनोई ने चाकू से की साले की हत्या

» 13 जून को किया गया था हमला, इलाज के दौरान मौत

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। खैराबाद के जोशी टोला में बहनोई के जानलेवा हमले से घायल एक युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जोशी टोला निवासी राहुल पुत्र संजय पर उसके बहनोई आकाश उर्फ छोटू पुत्र भोलानाथ मोहल्ला सुजावलपुर के द्वारा 13 जून को उस समय पीछे से आकर चाकू से हमला किया गया गया था जब वह घरेलू सामान लेने सुजावलपुर चौराहे पर गया था उपचार के दौरान लखनऊ के ट्रामा सेंटर में उसकी मौत हो गई।

बताया जाता है कि घटना से पूर्व राहुल द्वारा थाना खैराबाद में तहरीर दी गई थी कि उसने ढाई वर्ष पूर्व अपनी बहन प्रिया की शादी आकाश उर्फ छोटू पुत्र भोलानाथ निवासी मोहल्ला सुजावलपुर से की थी तथा दहेज में अपनी सामर्थ्य के अनुसार काफी सामान दिया था।

इसके बावजूद दहेज लोभी उसकी बहन को काफी मारते पीटते थे कि आये दिन घर से भगा देते थे। वह शादी के उपरांत दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे किसी तरह उसने उनको एक लाख रुपये दे दिए थे उसके उपरांत भी वह बहन को प्रताड़ित करते थे।

इस संबंध में थाना खैराबाद में आकाश उर्फ छोटू पुत्र भोलानाथ पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

पांच वांछित अभियुक्त व एक वारंटी हुआ गिरफ्तार

» रामकोट, तालगांव, लहरपुर, सिधौली पुलिस की कार्यवाही

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने पांच वांछित व एक वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। रामकोट पुलिस ने जानलेवा हमले में नामजद तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

इनमें कुलदीप शुक्ला पुत्र विमल कुमार शुक्ला व प्रियांशु उर्फ प्रांशु मिश्रा पुत्र मुनेश मिश्रा निवासीगण ग्राम खैरेपारा थाना रामकोट तथा मुकुल मिश्रा पुत्र सत्येन्द्र कुमार मिश्रा निवासी विकास नगर खूबपुर थाना रामकोट को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा आदर्श मिश्रा पुत्र सत्येन्द्र मिश्रा निवासी खुबपुर थाना रामकोट अदालत के समक्ष आत्मसमपर्ण कर दिया था जिसकी रिमांड प्राप्त करने की कार्यवाही भी पुलिस कर रही है। तालगांव पुलिस ने वांछित अभियुक्त हरिओम पुत्र रामसागर निवासी मुलाहिमपुर थाना तालगांव को गिरफ्तार कर लिया। लहरपुर पुलिस ने रेप के मामले में वांछित अभियुक्त कुलदीप पुत्र मेड़ई निवासी ग्राम रतौली थाना लहरपुर को 315 बोर तमंचा व कारतूस के साथ दबोच लिया। सिधौली पुलिस ने वारंटी रविशंकर निवासी अलमापुर थाना सिधौली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के विरुद्ध लिखापढ़ी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

पथराव व बलवा के मामले में पांच अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के मोहरसा गांव में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे व ईट-पत्थर चलने के मामले में वीडियो बना रहे आरक्षी शुभाष वर्मा के सिर पर पत्थर मारकर जख्मी कर दिया था। जिसका इलाज चल रहा है। सिपाही के घायल होने के बाद पुलिस की जमकर किरकिरी हुई थी।

इस मामले में पुलिस ने हरगांव थाने में कई लोगों के विरुद्ध बलवा, जानलेवा हमला व 7 सीएलए एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने नामजद यासीन उर्फ हसीन खां पुत्र इस्माइल, वसीर पुत्र यासीन उर्फ हसीन खां, तौसीफ पुत्र रोजदार खां, नसीम पुत्र यासीन उर्फ हसीन खां व परवेज पुत्र शमसाद निवासीगण ग्राम मोहरसा थाना हरगांव को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने सभी पांच अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

विधायक व पुलिस अधीक्षक ने किया नवनिर्मित कक्ष का उद्घाटन

» गाजे बाजे के साथ किया गया अतिथियों का स्वागत

विश्ववार्ता संवाद

मछरेहटा (सीतापुर)। स्थानीय थाना परिसर में रविवार को नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षक कार्यालय व महिला शौचालय का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक राम कृष्ण भार्गव व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने फीता काटकर किया। बताते चले थाना प्रभारी जेबी पांडेय द्वारा परिसर में एक महिला शौचालय व प्रभारी निरीक्षक कार्यालय का निर्माण कराया था। जिसका शुभारम्भ रविवार को पूजन हवन के साथ अथितियों द्वारा दोनों कक्षों का उद्घाटन किया गया।

मछरेहटा पहुंचते ही विधायक व पुलिस अधीक्षक का गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया। पूरे थाना परिसर को सजाया गया था तथा उपस्थित लोगों को सूक्ष्म जलपान भी कराया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ प्रवीण रंजन सिंह, राम गोपाल अवस्थी,

फीता काटते एसपी व विधायक

मनोज रावत, रामचंद्र त्रिपाठी एवं थाना मछरेहटा का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा। वही उद्घाटन से पहले हवन पूजन पं दिनेश प्रकाश अवस्थी द्वारा कराया गया।

प्रचंड गर्मी में बिजली दे रही धोखा, लोग हो रहे बेहाल

मिश्रिख (सीतापुर)। वर्तमान समय में भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी और तपन से लोग काफी परेशान है। परन्तु विद्युत उपकेन्द्र देवगवां में तैनात जिम्मेदार अधिकारी बराबर अघोषित विद्युत कटौती कर रहे है। जबकि मुख्यमंत्री ने शहरी क्षेत्रों में 21 घंटे व ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने के सख्त आदेश दिए गए है। इसके बावजूद हर दस मिनट पर ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है। ग्रामीण इलाकों में नाम मात्र की बिजली आपूर्ति की जा रही है। उसमें भी प्रत्येक दस मिनट पर ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है। जिससे उपभोक्ताओं के विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे है। कहीं तेज हवा चलने से आपात कटौती तो कहीं लोकल फाल्ट की समस्या बता अघोषित विद्युत कटौती प्रतिदिन की जा रही है। विद्युत कटौती से ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। जिससे उपभोक्ता बिजली समस्या को लेकर काफी परेशान है।

जब चलाई बाप ने बेटे की गर्दन पर छुरी, ये जमीं क्या आसमां, हूरो-मलक थर्रा गया

हिफाजतुल्ला

रेउसा (सीतापुर)। जब चलाई बाप ने बेटे के गर्दन पर छुरी ये जमीं क्या आसमां हूरो मलक थर्रा गया' कुरान शरीफ की यह इबारत हमें हर साल हजरत इस्माइल अलै. की कुर्बानी की याद दिलाती है। उक्त इबारत इस्लाम मजहब में कुर्बानी की हकीकत को बयान करते हुए उस वाक्या की तरफ इशारा करते है, जब पैगंबर हजरत इब्राहिम अलै. ने अल्लाह की राह में कुर्बानी दी थी और उसी दिन से मुसलमानों पर कयामत तक के लिए कुर्बानी फर्ज हो गई थी। अरबी माह जिलहिज्जा की दस तारीख को हर साल मनाया जाने वाला यह पकीज़ा त्योहार ईदुल अजहा हमें इसकी याद दिलाता है। इसी माह मुस्लिम तबके के लोग हर साल मक्का मदीना हज करने के लिए जाते हैं। मौलाना फहीम नदवी ने बताया कि अल्लाह के नबी हजरत इब्राहीम अलै. के बेटे हजरत इस्माइल अलै. जब चलने के काबिल हुए तो एक दिन

बकरीद पर विशेष

हजरत इब्राहिम अलै. को रात में ख्वाब आया कि अल्लाह की राह में सबसे कीमती चीज कुर्बान करो। तब उन्होंने सौ ऊंट कुर्बान कर दिए। दूसरी रात फिर ख्वाब आया तो दो सौ ऊंट कुर्बान कर दिए। फिर तीसरी बार ख्वाब आया तो अगले दिन सुबह हजरत इब्राहीम अलै. ने ख्वाब की बात अपनी शरीके हयात से बताई और कहा कि इस्माइल को तैयार कर दो दावत में जाना है। हजरत हाजरा ने अपने जिगर के टुकड़े यानी अपने बेटे हजरत इस्माइल को तैयार कर दिया। हजरत इब्राहीम अलै. एक रस्सी और एक छुरी लेकर अपने बेटे के साथ घर से रवाना हुए। जब आप अपने बेटे के साथ मक्का शरीफ से तीन मील की दूरी पर पहुंचे तो शैतान ने बीबी हाजरा के पास पहुंचकर उनसे पूछा कि इस्माइल कहाँ है। आपने फरमाया कि अपने वालिद मोहतरम के साथ दावत में गए हैं। तब शैतान ने कहा कि इब्राहिम-इस्माइल की कुर्बानी देने के वास्ते गए हैं। इतने पर हजरत हाजरा ने कहा कि यह तो मेरी इकलौती औलाद है। मैं तो अल्लाह के हुक्म पर हजारों इस्माइलों की कुर्बानी दे सकती हूं। शैतान हजरत इस्माइल अलै. के पास आकर बोला आपके वालिद अल्लाह के हुक्म से आपको जिबह करने के लिए ले जा रहे हैं तो इस्माइल अलै. ने जवाब दिया कि यह मेरे लिए बड़ी खुशनसीबी की बात है कि अल्लाह के लिए मैं कुर्बान होने जा रहा हूँ। परेशान होकर शैतान हजरत इब्राहीम अलै. से कहने लगा कि एक ख्वाब को सच मानकर आप अपने बेटे को कुर्बान करने जा रहे हैं। तो आप ने फ़रमाया कि नबियों का ख्वाब कभी झूठा नहीं होता है। यह सुन शैतान बुरी तरह से बौखला गया। फिर उस ख्वाब का जिक्र करते हुए हजरत इब्राहीम अलै. ने अपने बेटे से कहा कि बेटे मैंने रात में ख्वाब में देखा है कि मैं तुझे अल्लाह की राह में कुर्बान कर रहा हूँ। उनके बेटे इस्माइल ने जवाब दिया अब्बा हुजूर आपको जो भी हुक्म हुआ है उसे जरूर पूरा करें, इंशा अल्लाह आप मुझे सब्र करने वाला पायेंगे। हजरत इब्राहीम अलै. ने अपने बेटे को कुर्बान होने वाली जगह पर पेशानी के बल लिटा दिया और आंखों पर पट्टी बांधकर जैसे ही छुरी चलाई अल्लाह तआला ने हजरत जिब्राइल अलै. को हुक्म दिया कि जन्नत से दुम्बा (भेड़) ले आओ और हजरत इस्माइल की जगह दुम्बा को लिटा दो, और हजरत इस्माइल की जगह भेड़ की कुर्बानी हो गई। तब अल्लाह ने हजरत इब्राहीम से कहा कि तुम इम्तिहान में पास हो गए और तुम्हारी कुर्बानी कुबूल हो गई। इसी के साथ अल्लाह ने कयामत तक के लिए कुर्बानी का हुक्म फरमा दिया। मौलाना साहब ने बताया इस्लाम के तहत जिस मुसलमान के पास बावन तोला चांदी, साढ़े सात तोला सोना या इसके बराबर की मालियत है तो उस पर कुर्बानी वाजिब है।

खुशखबरी एमएलसी जासमीर अंसारी ने विधान परिषद में रखा था प्रस्ताव

शारदा नहर के किनारे लगेगा डब्ल्यू मेटल क्रैश बैरियर

» एक करोड़ 79 लाख से अधिक होगी लागत, रुकेंगी दुर्घटनाएं



विश्ववार्ता संवाद

लहरपुर (सीतापुर)। शारदा सहायक नगर मार्ग पर आए दिन होने वाले हादसों में अब कमी आएगी। सपा एमएलसी जासमीर अंसारी ने विधान परिषद में नहर रेगुलेटर पुल से सूरजकुंड तीर्थ स्थल तक नहर पटरी के चौड़ीकरण व किनारों पर फेसिंग लगाने का प्रस्ताव रखा था, जिसे मंजूरी मिल गई है। जल्द ही एक करोड़ 79 लाख 17 हजार रुपये की लागत से इसे बनाया जाएगा।लहरपुर क्षेत्र से गुजरने वाली शारदा सहायक नहर मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती थीं।

इस मामले में विधान परिषद सदस्य जासमीर अंसारी ने सदन में नियम 111 के अंतर्गत 30 नवंबर 2023 को प्रस्ताव रखकर उक्त मार्ग पर किनारों पर फेंसिंग लगाए जाने की मांग की थी। इस मार्ग पर नहर में गिरने से कई दुर्घटनाएं एवं जनहानि भी हो चुकी हैं। जासमीर अंसारी ने इस प्रकरण पर सरकार से वक्तव्य दिए जाने की मांग की थी। इस संबंध में अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड ने विधान परिषद सदस्य जास्मीर अंसारी को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि शारदा सहायक नहर किलोमीटर 41,800 नहर रेगुलेटर से 46,100 सूर्यकुंड मंदिर पुल तक नहर पटरी के किनारे डब्लू मेटल क्रैश बैरियर लगाने के कार्य की परियोजना की तकनीकी व वित्तीय स्वीकृत प्राप्त हो गई है, साथ ही धन आवंटन के पश्चात कार्य होना प्रस्तावित है।

ज्ञातव्य है कि नहर मार्ग पर नहर के किनारे क्रैश बैरियर लग जाने से आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग जाएगा। इस परियोजना के स्वीकृत होने पर स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। इनमें प्रमुख रूप से हाशिम अंसारी, हसीन अंसारी, उमेश मल्होत्रा, अखिलेंद्र यादव, ताहिर अंसारी, वसीम अंसारी व हारून अंसारी आदि प्रमुख हैं।

लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

इटियाथोक व तरबगंज पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो आरोपी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता

गोंडा। रविवार को इटियाथोक व तरबगंज पुलिस ने लड़की को बहला फुसला कर भाग ले जाने वउसके साथ बलात्कार किए जाने के दो आरोपी वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 09.05.2024 को थाना इटियाथोक क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा थाना इटियाथोक में लिखित तहरीर दी कि उनकी बहन आम के बगीचे में गयी थी और अभी तक घर वापस नही आयी है। वादी की तहरीर पर थाना इटियाथोक में सुसंगत धाराओं में

नाबालिक लड़की को भगा ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया आरोपी अभियुक्त।

अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक राजेश यादव को सुपुर्द की गयी थी। विवेचना के दौरान रविवार को थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाये गए आरोपी अभियुक्त संदीप पाण्डेय को रेलवे स्टेशन जाने वाले बाजार रास्ते (इटियाथोक) से गिरफ्तार कर लिया गया इसी क्रम में दिनांक 05.06.2024 को थाना तरबगंज क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा थाना तरबगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि विपक्षी सुनील राजभर उनही नाबालिग बहन को बहला-फुसला कर भगा ले गया है। वादी की तहरीर पर थाना तरबगंज में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा विवेचना उपनिरीक्षक कुबेर तिवारी को सुपुर्द की गयी थी। रविवार को थाना तरबगंज पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाये गए आरोपी अभियुक्त सुनील राजभर को कस्बा तरबगंज से ग्राम सेझिया जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

एक नजर

अचानक मकान में लगी आग, 7 घर जलकर राख

नवाबगंज गोंडा। थाना क्षेत्र के तुरकौली गांव मे रविवार दोपहर लगी आग सात घरो मे करीब दस लाख रुपये का नुकसान दो जानवर मर गये है। हल्का लेखपाल मौके पर पहुंच नुकसान का लिया जायजा रिपोर्ट भेजी तहसील जानकारी प्रधान प्रतिनिधि राहुल सिंह ने दी। मिली जानकारी थाना क्षेत्र के तुरकौली गांव मे भुसयी के घर रविवार दोपहर अचानक लगी आग से आसपास के सात घर चपेट मे आ गये जब तक लोग समझ पाते इन घरो के करीब दस लाख रुपये का सामान व गृहस्थी पुरी तरह से जल गया गांव प्रधान प्रतिनिधि राहुल सिंह ने दी जानकारी मे बताया कि घटना के बाद दमकल कर्मी आये आग पर गांव वालो के प्रयास से काबू पाया गया इस घटना मे कांशीराम राजकुमार मनीराम भुसयी मीरा सिंह कनिक राम बाबूराम का घरेलू सामान जिसमे बाइक व भुसयी कि दो भैसे व दो बाइक इन सभी की जल कर मर गयी है। हल्का लेखपाल गौरव गांधी को सूचना दे दी गई है इसकी रिपोर्ट तहसील को सौपने पर पीडितों का लाभ दिलाया जाएगा वही फौरी तौर पर लोगों की आवश्यक मदद की जा रही है।

30 गैर जमानती वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न न्यायालय से लम्बित गैर जमानतीय वारण्टी/वांछित अभियुक्तों को विशेष अभियान चला कर अधिक से अधिक गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को कड़े निर्देश दिये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के नेतृत्व में समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो ने थाना स्तर पर टीमों का गठन कर विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें समस्त थानों से कुल 30 गैर जमानतीय वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना खरगुपुर पुलिस ने 05, थाना इटियाथोक पुलिस ने 03, थाना धानेपुर पुलिस ने 02, थाना खोड़ारे पुलिस ने 03, थाना तरबगंज पुलिस ने 05, थाना वजीरगंज पुलिस ने 01, थाना नवाबगंज पुलिस ने 01, थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने 02, थाना कर्नलगंज पुलिस ने 06 व परसपुर 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

दहेज हत्या के 3 आरोपी अभियुक्तों को 10 वर्ष का कारावास

गोंडा। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन कनविक्शन' जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राथमिकता से करते हुए प्रभावी पैरवी करायी जा रही थी। जिसके फलस्वरूप दहेज मृत्यु करने के आरोपी अभियुक्तों. शोभाराम साहू, . श्रीमती सीतापति, पवन साहू को 10-10 वर्षों का कारावास व प्रत्येक को रु0 70,000/- रूपये अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई। थाना कोतवली नगर पुलिस द्वारा दहेज मृत्यु के आरोप में आरोपी अभियुक्तों – 01. शोभाराम साहू, 02. श्रीमती सीतापति, 03. पवन साहू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। शासकीय अधिवक्ता, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल, थाना कोतवाली नगर के पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर द्वारा निरंतर की गई सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप उक्त अभियुक्तों को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश गोण्डा द्वारा अभियुक्तों को 10-10 वर्षों का कारावास व रु0 70,000/- रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

भाजपा का पोस्टर दुकान पर लगा देख तलवार से किया हमला

बहराइच। परचून की दुकान में भाजपा का पोस्टर लगा देख भड़के युवकों ने दुकानदार पर तलवार से हमला कर दिया। इसके पूर्व हमलावरों ने पीड़ित के परिवार की दो महिलाओं को भी लाठियों से पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष की ओर से थाना प्रभारी को तहरीर दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना मोतीपुर के ग्राम पुरैना निवासी ओमकार ने बताया कि वह गांव में परचून की दुकान चलाता है। शुक्रवार की देर शाम नशे में धुत दो युवक उसकी दुकान पहुंचे दुकान पर भाजपा का पोस्ट देख अब शब्दों का प्रयोग करने लगे कि तुमने बीजेपी को वोट क्यों दिया समाजवादी पार्टी को क्यों नहीं दिया। पीवित ने बताया कि इसके पहले कि वह कुछ समझ पाता आरोपी गाली गलौज करते हुए चले गए और उसके परिवार की दो महिलाओं को लाठियां से पिता इसकी सूचना पाकर जब वह घर पहुंचा तो हमलावरों ने उस पर तलवार से हमला कर दिया। लाठियां की पिटाई से जहां दोनों महिलाएं घायल हैं वहीं तलवार के हमले से ओमकार का हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया है उसके हाथ में फ्रैक्चर भी है। पीड़ित ने बताया कि थाने में सूचना दी गई है। इस पर पुलिस की ओर से जांच का भरोसा दिलाया गया है। प्राथमिकी दर्ज किए जाने की सूचना नहीं मिली है।

ट्रक से टकराई इनोवा कार, 60 वर्षीय बुजुर्ग घायल

श्रावस्ती। इकौना थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे 730 पर शनिवार देर रात मुन्नी ढाबा के पास ट्रक खड़ा था बहराइच की ओर से तेज रफ्तार इनोवा गाड़ी आ रही थी जिसमें सवार मिश्रौलिया निवासी 60 वर्षीय अब्दुल कादिर पुत्र शुबराती थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती जो बहराइच से इकौना की तरफ आ रहे थे तभी मुन्नी ढाबा के पास ट्रक दिखाई नहीं दिया। जिससे इनोवा गाड़ी ट्रक से टकरा गई और उसमे बैठे अब्दुल कादिरगंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर एंबुलेंस और पुलिस की टीम ने पहुंचकर घायल बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोना पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा प्रथम उपचार करने के उपरांत हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल बहराइच के लिए रेफर कर दिया जहां दवा इलाज चल रहा है।

कोटेदार द्वारा कम राशन देने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

श्रावस्ती। जनपद के विकासखंड सिरसिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिशुनपुर पड़वलिया का पूरा मामला है जहां पर बिसनापुर में राशन की दुकान पर राशन

लेने गए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया है इस दौरान ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार राजकुमार जायसवाल के द्वारा प्रत्येक कार्ड धारकों को 1 किलो कम राशन दिया जाता है. ग्रामीणों के द्वारा कई बार जिले स्तर के अधिकारियों को भी शिकायत पत्र दिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुआ. लल्लू सोनी तथा अनारकली, राजू, ढोरी लाल सहित दर्जनों स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि कोटेदार मनमानी करते हैं. प्रत्येक कार्ड धारक को 1 किलो कम राशन देते हैं इस पर जब हम लोगों के द्वारा पूछताछ किया जाता है तो सीधे मना कर देते हैं कि हमारे यहां पर राशन मत लो. इस पर बड़ा सवाल यह उठता है की आखिरी यहां के कार्ड धारक राशन ना ले तो फिर कहां जाएं. विभाग का ध्यान इस ग्राम पंचायत की ओर आकर्षित होता नहीं नजर आ रहा है. ग्राम पंचायत के रहने वाले अर्जुन प्रसाद भार्गव के द्वारा सप्लाई इंस्पेक्टर को फोन कर पूरे मामले से अवगत कराया गया लेकिन इस पर भी कोई कार्यवाही होता नजर नहीं आया। आखिर कब तक ऐसे दबंग कोटेदारों पर विभाग कार्यवाही नहीं करेगा।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग की शिथिलता उजागर

विश्ववार्ता संवाददाता

» जिलाधिकारी ने डाटा में सुधार न होने तक सीएमओ, एमओआईसी व डीपीएम का जून माह का वेतन किया बाधित

बहराइच। जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय तथा जिला स्तरीय पोषण समिति व कुपोषण मुक्त गांवों की प्रगति की समीक्षा हेतु शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी के स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की सघन समीक्षा करते हुए पीपीआईयूसीडी डाटा में सुधार न होने तथा शल्य चिकित्सकों द्वारा मानक से कम सर्जरी करने पर कड़ी नाराज़गी जताते हुए डाटा में सुधार न होने तक मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त एमओआईसी व डीपीएम का माह जून का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। जबकि मानक से कम सर्जरी करने पर डीएम ने सभी सम्बन्धित शल्य चिकित्सकों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जरवल में तैनात सीएचओ आकाश के निरन्तर अनुपस्थित रहने का कड़ा संज्ञान लेते हुए पदेन कर्तव्यों के प्रति लापरवाह सीएचओ को सेवा से हटाये जाने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि भरथापुर में बाढ़ से पूर्व पुष्टाहार का वितरण करा दिया जाय तथा वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामवासियों को स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध करा दी जाएं। डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सुझाव दिया कि अभिनव पहल के तहत जनपद के सामुंदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपचार हेतु आने वाले मरीज़ों विशेषकर महिलाओं के साथ आने वाले बच्चों के लिए एक कक्ष को पालन घर के रूप में विकसित कर वहां पर खिलौनों का प्रबन्ध करते हुए केयर टेकर के तौर पर एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री को तैनात कर दिया जाय ताकि मरीज़ सुकून के साथ चिकित्सक से परामर्श/इलाज करा सकें।

डीएम ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुडवर्क करने के वाले स्वास्थ्य वर्करों को उचित मंच पर सम्मानित किया तथा दूसरे कर्मचारी भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित हों। डीएम ने कहा कि सीएचसी एवं पीएचसी भवनों के टूटे खिड़की दरवाज़ों एवं इलेक्ट्रानिक उपकरणों की आवश्यक मरम्मत करा दी जाये तथा भवनों का रंग रोगन भी करा दिया जाय। डीएम ने स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध अतिरिक्त भूमि पर पेड़ पौधे लगाने का भी सुझाव दिया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा के दौरान कतिपय विभागों से सहयोग प्राप्त न होने पर निर्देश दिया कि सभी विभाग कार्ययोजना के अनुसार समस्त कार्यवाही समय से पूर्ण करा लें ताकि जनपद में सफलतापूर्वक अभियान संचालित हो सके।

नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वर्ष 2020 से पैदा होने वाले समस्त बच्चों का पंजीकरण कराकर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत कराया जाय। आयुष्मान कार्ड की धीमी प्रगति पर निर्देश दिया गया कि प्रति समीक्षा कर अधिकाधिक लोगों के गोल्डेन कार्ड बनवाया जाय। स्कूल आई स्क्रीनिंग कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि शत-प्रतिशत बच्चों एवं बुज़ुर्गों को चश्मे का वितरण किया जाय। इस सम्बन्ध में बीएसए को सीएमओ से समन्वय करने के निर्देश दिये गये। टीकाकरण की समीक्षा के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक बुधवार होने वाली बैठक में आशावार टीकाकरण की समीक्षा कर प्रगति में सुधार लाया जाय।

स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाएं : पटेल

विश्ववार्ता संवाददाता

» पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य ने जिले का किया भ्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं का जाना हाल

बहराइच। जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य बौद्ध अरविंद सिंह पटेल ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय, सीएचसी कैसरगंज व 50 बेडेड मैटरनिटी विंग कैसरगंज का निरीक्षण विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि चिकित्सालयों में सरकार द्वारा प्रदत्त सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाए।

सदस्य श्री पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व 50 बेडेड मैटरनिटी विंग कैसरगंज के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका, ओपीडी, लेबर रूम, ब्लड बैंक, कोल्ड चेन, स्टाफ, दवाओं की उपलब्धता एवं रख-रखाव, एक्सरे रूम, पैथोलॉजी, इमरजेंसी तथा वार्डो का अवलोकन किया। वार्ड के निरीक्षण के दौरान मरीज़ों व तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की रही सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। कोल्ड चेन मे मौजूद प्रतिरक्षण अधिकारी संगीता श्रीवास्तव से स्टाक व दवाओ के रखरखाव की जानकारी ली। श्री पटेल ने चिकित्सालय की साफ सफाई में और सुधार लाने के निर्देश दिये।

महिला मैटर्निटी विंग के निरीक्षण के दौरान श्री पटेल ने सुझाव दिया कि नियमित अन्तराल पर ब्लड डोनेशन कैम्प लगाये जाये ताकि ब्लड बैंक में खून की कमी न होने पाये। श्री पटेल ने संस्थागत प्रसवों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा मोबाइल पर मरीज़ों से फीड बैक भी प्राप्त किया। श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयासरत है उसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने अधीक्षक डा. एनके सिंह को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में सरकार द्वारा प्रदत्त सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाए। उन्होंने अस्पताल की ओवर आल व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

मैटरनिटी विंग के निरीक्षण के उपरान्त श्री पटेल ने तहसील सभागार कैसरगंज पहुंचकर एसडीएम पंकज दीक्षित के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए एसडीएम व सीओ रूपेन्द्र गौड़ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्री पटेल ने नगर पंचायत कैसरगंज का भी निरीक्षण कर विकास कार्यों में तेज़ी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि स्टाफ की कमी की समस्या का शीघ्र ही निदान कराया जायेगा।

केडीसी के भौतिक विज्ञान विभाग प्रभारी को मिली पीएचडी की उपाधि

बहराइच। शहर के किसान पीजी कॉलेज में भौतिक विज्ञान विभाग के प्रभारी किसुनवीर को डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने के बाद डॉ. किसुनवीर ने बताया कि उनका शोध शीर्षक फाइबर ऑप्टिक सेंसर्स फॉर असेसिंग कंपोजिट स्ट्रक्चरल हेल्थ आफ एयरक्राफ्ट रहा।

उनके शोध निर्देशक गणपत सहाय पीजी कॉलेज सुल्तानपुर में भौतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर समीर सिंह रहे। बाय परीक्षक प्रोफेसर राजीव त्रिपाठी रहे। पीएचडी उपाधि प्राप्त कृष्ण वीर पिछले कई वर्षों से किसान पीजी कॉलेज में भौतिक विज्ञान विभाग की प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं महाविद्यालय प्रशासन की ओर से उन्हें के प्राप्त का भी प्रभार सोपा गया है।

तहसील सदर में डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह जून के तृतीय शनिवार को तहसील सदर बहराइच में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने राजस्व व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस में भूमि से सम्बन्धित प्राप्त होने वाले प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। विशेषकर संवेदनशील प्रकरणों का वरिष्ठ अधिकारी स्वयं अपने देख-रेख में निस्तारण कराये।

उल्लेखनीय है कि तहसील सदर बहराइच में कैसरगंज में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 69 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 08 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 13 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 187 में 12, महसी में प्राप्त 65 में 08, नानपारा में प्राप्त 34 में 05 तथा पयागपुर में प्राप्त 88 में 07 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

धूमधाम से मनाई गई महेश नवमी

पयागपुर, बहराइच। शनिवार को भूपगंज बाजार पयागपुर में महेश नवमी के अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम माहेश्वरी समाज द्वारा अपने आराध्य भगवान महेश अर्थात शिवजी की पूजा अर्चना की गई।माहेश्वरी समाज द्वारा भगवान शिव के बताए गए रास्ते पर चलते हुए लोक कल्याण की भावना से कार्य करने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजन में अशोक मांलानी, अंशुल मालानी, राधेश्याम अग्रवाल सहित अग्रवाल और मारवाड़ी समाज के तमाम युवा सक्रिय रहे।

इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग सप्ताह का शुभारम्भ

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग के प्रति जागरूक करने एवं योगाभ्यास कार्यक्रम में जोड़ने के उद्देश्य से ''योगा-स्वयं और समाज के लिए'' की थीम पर 15 से 21 जून 2024 तक आयोजित होने वाले योग सप्ताह के शुभारम्भ अवसर पर इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. द्वारा सुयंक्त रूप से दीप प्रज्जवलन एवं आदिदेव भगवान धन्वन्तारि के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर योग सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। जबकि सामूहिक योगाभ्यास का संचालन राकेश दूबे, कादिम्बरी पटेल एवं गायत्री परिवार के योगाचार्य दीप नरायण द्वारा किया गया।

इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में योगाभ्यास करती एमएलसी व सीडीओ।

योग सप्ताह के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित हुए सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालन एवं घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, बज्रासन, उष्ट्रासन, शशांक आसन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मकराआसन, भुजंगासन, सेतुबंधआसन, अर्धहलासन, पवनमुक्तासन, शवासन, शलभ आसन, नाड़ी शोधन, शीतली प्राणायम, ध्यान मुद्रा, भ्रामरी प्राणायम इत्यादि योगासनों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रंजन वर्मा ने बताया कि योग सप्ताह अन्तर्गत 15 से 21 जून 2024 तक इन्दिरा स्टेडियम में प्रातः 06.00 बजे से 07.00 बजे तक योगा प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया जायेगा।

बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं जिलेवासी

विश्ववार्ता संवाददाता

गोंडा। भीषण गर्मी मे लगातार बिजली कटौती की वजह से लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है। बिजली आपूर्ति बहाल होते ही वोल्टेज के घटने बढ़ने से लोगों के घरों में लगे कूलर एसी पंख मोटर फ्रिज व उन इलेक्ट्रिक सामान अचानक वोल्टेज घटने बढ़ने की वजह से खराब हो रहे हैं पिछले 15 दिनों से इस समस्या से जिले वासी जूझ रहे हैं।

पिछले एक सप्ताह से लगातार पड़ रही प्रचंड गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया है इस भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग अपने घरों में रहकर एसी कूलर पंखा के सहारे अपना दिन व्यतीत कर रहे है।

मगर बिजली कटौती की वजह से लोगों को घरों में रहकर भी सुकून नहीं मिल रहा है भीषण गर्मी की वजह से शहरी और ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति के दौरान वोल्टेज घटने बढ़ने के वजह से घरों के भीतर लगे पंखे कूलर एसी फ्रिज खराब हो रहे हैं जिसकी वजह से लोगों को भारी नुकसान उठाना पढ़ रहा है।

विद्युत ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी से कई मोहल्लों की बिजली गुल

सांयकाल मनकापुर नगर क्षेत्र के सबसे बडें विद्युत ट्रांसफार्मर में आयी तकनीकी खराबी के चलते कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई. जिससे उपभोक्ता पूरी रात व दूसरे दिन भीषण गर्मी में हलकान रहे। नगर पंचायत के मोहल्ला रफी नगर चौक के मध्य लगा 630 केवी का विद्युत ट्रासफार्मर में बीते शुक्रवार शांयकाल तकनीकी खराबी आ जाने से मोहल्ला रफी नगर,जवाहर नगर, सुभाष नगर, गांधी नगर,राजेन्द्र नगर व आंशिक भाग शास्त्री नगर के रहने वाले विद्युत उपभोक्ता इस भीषण गर्मी में पूरी रात रतजगा करने को मजबूर रहे। सबसे ज्यादा छोटे बच्चो व बुर्जुगो को परेशानी हुई और इस दौरान इन्वर्टर भी दगा दे गया किसी तरह रात कटने के बाद उक्त नगर वासी सुबह बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते रहे विद्युत विभाग के लाइन मैन से एसडीओ तक के मोबाइल स्वीच नाट रीचबल रहे जब कि योगी सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि आपात कालीन मे ही विद्युत आपूर्ति बंद किया जाये लेकिन स्थानीय विद्युत विभाग द्वारा बताया जा रहा है 630 केवी का ट्रांसफार्मर जिला मुख्यालय पर उपलब्ध न होने के कारण पडोसी जनपद अयोध्याधाम से मंगाया जा रहा है नगर के तनवीर खान,नीरज सिह,अंकित गुप्ता,राजू,डंपी खान, रानू, दिलीप गुप्ता,लालजी, गिरजेश कसौधन आदि लोगो का कहना है कि स्थानीय विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के चलते हम लोगो को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड रहा है।बीते शुक्रवार को केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिह उर्फ राजा भैय्या के प्रतिनिधि कमलेश पान्डेय के नेतृत्व में चेयर मैन दुर्गेश कुमार सोनी, सभासद वैभव सिह, विकास हांडा,प्रेम चंद चौहान,राजेश मौर्या का एक प्रतिनिधि मंडल जिला मुख्यालय के मुख्य अभियंता से मिलकर नगर के जर्जर तार व विद्युत पोल बदलने व विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने के पांच नये ट्रांसफार्मर रखवाने की बात कही है जेई शत्रुघन सिंह यादव ने कहा कि ट्रांसफार्मर आ जाने के बाद विद्युत व्यवस्था शाम तक बहाल होगी। समाचार लिखे जाने तक विद्युत सप्लाई प्रभावित रही।

अग्नि पीड़ित परिवार को जिला पंचायत सदस्य ने पहुंचाई सहायता

विश्ववार्ता संवाददाता

नवाबगंज गोंडा। क्षेत्र के गैलन ग्रंट गांव मे आगजनी घटना से पीड़ित गरीब परिवारों को पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल सिंह ने पचास पचास किलो गेंहू चावल देकर बधाया ढाढस।

मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र के गैलन ग्रंट गांव मे शुक्रवार की रात मे आग लगने से छ घरो की गृहस्थी जलकर राख हो गया था घटना के बाद मनकापुर भाजपा विधायक रमापति शास्त्री व गोंडा सांसद राजा भैया प्रतिनिधि कमलेश पांडेय ने मौके पर जाकर पीडित परिजनों को ढाढस बधाया वही राजा भैया ने मौके पर ही अग्निपीडितो के लिए टेंट लगवा कर लेखपाल से रिपोर्ट शासन को भेज जल्द प्रधानमंत्री आवास देने की बात कही वही विधायक ने आर्थिक मदद की थी घटना के दूसरे दिन युवा भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल सिंह ने अग्निपीडितो से मुलाकात कर उन्हें गेहू और चावल उपलब्ध कराकर कुशल पुछा और हर संभव मदद का भरोसा दिया इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राकेश मौर्या प्रेमप्रकाश भारती दुर्गेश गुप्ता राजू गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बहराइच के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. पुनीत मेहता सम्मानित

बहराइच। जिले के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ पुनीत मेहता को वाराणसी में आयोजित एक विज्ञान समारोह में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. पुनीत मेहता मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे।

वाराणसी से वापस आने के बाद डॉक्टर मेहता ने बताया कि मैकलियाड्स नामक संस्था ने एवि- डेंट नामक कार्यक्रम का आयोजन वाराणसी में किया इस कार्यक्रम के साइंटिफिक सेशन अर्थात वैज्ञानिक सत्र में उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया डॉक्टर मेहता ने बताया कि इस कार्यक्रम में दंत रोगों के संबंध में विभिन्न प्रकार की चर्चा की गई तथा लोग दांतों को किस प्रकार से सुरक्षित रखें इसके भी उपाय पर मंथन किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में देश व प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए दंत विशेषज्ञों के अतिरिक्त अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

वर्कशॉप नए कानूनों के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों व उसकी उपयोगिता के विषय में कार्यशाला आयोजित

नए कानून लागू होने से अपराध और अपराधियों पर प्रभावी ढंग से कसेगा शिकंजा

विश्ववार्ता संवाददाता

» गंभीर अपराधों पर फॉरेंसिक टीम द्वारा वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही अनिवार्य

गोण्डा। रविवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस लाइन गोण्डा सभागार कक्ष में अभियोजन अधिकारियों द्वारा जनपदीय पुलिस को केन्द्र सरकार के द्वारा संशोधित नए कानूनों के विषय में वर्कशॉप आयोजित कर नए कानूनों के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों व उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया।

एसपी द्वारा बताया गया कि नए कानून (भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) एक जुलाई से लागू हो रहे है। इन नए कानूनों के लागू होने से अपराध एव अपराधियों पर और प्रभावी ढंग से शिंकजा कसा जा सकेगा। 30 जून तक सभी पुलिस कार्यवाही पूर्व से लागू आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य अधिनियम के अनुसार ही की जाएगी। इन तीन नए प्रमुख कानूनों का उद्देश्य दंड देने की बजाय न्याय देना है। नए कानूनों में फोरेंसिक साक्ष्य संकलन और फॉरेंसिंक लैब की स्थापना पर

पुलिस लाइन सभागार में नए कानून की कार्यशाला में मौजूद पुलिस अधीक्षक।

विशेष बल दिया गया है तथा इन कानूनों में ई-रिकार्ड का प्रावधान किया गया है जिसके अन्तर्गत जीरो एफ0आई0आर0, ई0 एफ0आई0आर0 व चार्जशीट डिजिटल होगे। 07 साल या उससे अधिक की सजा वाले गंभीर अपराधों में फॉरेंसिक टीम द्वारा विज्ञानिक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही को अनिवार्य किया गया है। थाने से कोर्ट तक की सभी प्रक्रिया आनलाइन होगी।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, अभियोजन अधिकारी, चौकी प्रभारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें।

विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कैसरगंज, बहराइच। थाना जरवल रोड के अंतर्गत ग्राम बिसैंधा में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने सबको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र कुमार गौड़ और थाना अध्यक्ष जरवल रोड अंतर्गत मृतका आरती उम्र लगभग 26 वर्ष पति नीरज ने फांसी लगाकर कर जान दे दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की गंभीरता पूर्वक जांच की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र कुमार गौड़ ने बताया कि फांसी लगाने वाली मृतका का पता ग्राम बिशैंधा की रहने वाली है। किस वजह से फांसी लगाई इसका भी पता नहीं चल पाया है। सीओ रूपेंद्र कुमार गौड़ ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले दोषियों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा।

एक नजर

पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम सधुवापुर में आम तोड़ते समय पेड़ से गिरकर 49 वर्षीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।
जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के कुंदौरा गांव निवासी स्व. राम बहोरी का पुत्र रामखेलावन शनिवार को अपरान्ह तीन बजे खखरेरू थाने के सधुवापुर के रहने वाले एक व्यक्ति के आम के पेड़ में चढ़कर आम तोड़ रहा था तभी अचानक पैर फिसल जाने से वह सिर के बल नीचे गिर पड़ा और बुरी तरह घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के साले गुरू प्रसाद ने दी है।

वृद्ध की अचानक बिगड़ी हालत, मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के सदाशिव टाकीज के सामने शनिवार की शाम अचानक चक्कर आने पर 75 वर्षीय सेवानिवृत्त बस चालक की हालत बिगड़ गई जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कन्नौज जिले के थाना तिरवा निवासी स्व. सूबेदार श्रीवास्तव का पुत्र श्याम प्रकाश श्रीवास्तव रोडवेज बस का चालक था और कई सालों से अपने पूरे परिवार सहित शहर के जोशियाना मुहल्ले में मकान बनवाकर रह रहा था। बताते हैं कि सेवानिवृत्त होने के बाद कल शाम वह पैदल घर से निकला था। तभी सदाशिव टाकीज के पास अचानक चक्कर आ जाने पर गिर पड़ा। मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने वृद्ध को सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेजा है।

महिला ने फांसी लगा दी जान

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पहरवापुर में शनिवार की शाम संदिग्ध अवस्था में 24 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार पहरवापुर गांव निवासी वीरेंद्र यादव की पत्नी गुड़िया देवी ने शनिवार की शाम घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हलांकि पोस्टमार्टम हाउस में मृतका का कोई भी परिजन नहीं आया था। जेठ जितेंद्र कुमार ने बताया कि पति से अनबन के बाद उसने घटना को अंजाम दिया है।

वारंटी गिरफ्तार

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बैधा गांव निवासी एक युवक के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी होने पर पुलिस ने रविवार की सुबह वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया है।एसआई शैलेश सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल राजकुमार सिंह के साथ न्यायालय से वारंट जारी होने पर वारंटी संतोष विश्वकर्मा को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया है। संतोष विश्वकर्मा के विरुद्ध किसी मामले में न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर न्यायालय ने वारंट जारी कर वारंटी को न्यायालय में हाजिर करने के लिए पुलिस को निर्देश दिया था।इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि न्यायालय से वारंट जारी होने पर एक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया गया है।

किसान की अचानक तबीयत बिगड़ी, मौत

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के कोलहा गांव निवासी किसान की शनिवार की देर शाम लूं लगने से अचानक तबियत बिगड़ी और कुछ देर बाद मौत हो गई। किसान की मौत होने के बाद परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।वहीं किसान की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया है। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के कोलहा गांव निवासी किसान 50 वर्षीय श्याम नारायण मिश्र शनिवार को घर से पचास मीटर दूर धान की डाली गई नर्सरी की निगरानी कर रहे थे कि उसी दौरान अचानक शरीर में बैचेनी महसूस होने लगी और किसान की तबियत बिगड़ गई परिजन तुरंत किसान को अस्पताल लेकर जाने लगे कि कुछ देर में किसान ने घर पर ही दम तोड़ दिया । घटना से परिजनों में कोहराम मच गया किसान के परिजनों ने लू लगने से मौत की आशंका जताई है। किसान के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए किसान का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृत किसान को एक पुत्र व एक पुत्री है। किसान खेती-बाड़ी पर परिवार का जीविकोपार्जन करता था।

बाइक सवार ट्रैक्टर से भिड़कर घायल, रेफर

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बरयां गांव में शनिवार की देर रात बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली में भीड़ गये जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है।हलिया थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी 40 वर्षीय कालेश्वर व 42 वर्षीय सूरज के साथ बाइक से बरयां की तरफ से घर लौट रहे थे कि बरयां गांव में बाइक तेजगति से होने के कारण विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली से भीड़ गये जिससे बाइक सवार दोनों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है।इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि बाइक सवार दो युवक ट्रैक्टर ट्राली से भीड़ कर गंभीर रूप से घायल होकर उपचार के लिए आये थे प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

संस्था के स्थापना दिवस पर सदस्यों ने किया रक्तदान

फतेहपुर। सर्व फॉर ह्यूमैनिटी संस्था के स्थापना दिवस पर कई सदस्यों ने रक्तदान किया। उधर एक इमरजेंसी केस में भर्ती मिथलेश पत्नी त्रिवेणी प्रसाद निवासी ग्राम पोस्ट लदिगवां को एबी पाजिटिव रक्त की अवश्यकता थी। जिला अस्पताल में एबी पाजिटिव रक्तसमूह का रक्त उपलब्ध नहीं था, संस्था को सूचना मिलने पर संस्था ने केस को वेरीफाई कर ग्रुप में डाला। केस देखते ही संस्था के सदस्य दक्षिणी गौतम नगर निवासी राम जौहरी जिनका रक्तसमूह एबी पाजिटिव था रक्तदान के लिए तैयार हो गए और जिला अस्पताल के रक्तकेन्द्र पहुंच कर अपना नवां रक्तदान किया। वही दूसरे केस में लक्ष्मी शंकर गुप्ता पुत्र सत्यनारायण गुप्ता निवासी असनी को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से सम्पर्क किया। केस वेरीफाई कर जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से मरीज के परिजन संगीता को रक्त डोनर कार्ड के माध्यम से उपलब्ध करवा दिया गया जिससे मरीज को समय से रक्त मिल सका। श्याम रक्तकेन्द्र में अपने जन्मदिन के अवसर पर नृपेंद्र सिंह निवासी देवीगंज ने अपना पांचवा रक्तदान किया। अपने मित्र अनुज को भी रक्तदान के लिए प्रेरित कर शपथ पत्र भरवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया। इस अवसर पर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह, जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से संतोष, सुभाष व श्याम रक्तकेन्द्र से निशा, कंचन व प्रवीण प्रसून उपस्थित रहे।

तारापुर क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन मैच

फतेहपुर। तारापुर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन बहुजन समाज पार्टी के पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर व क्रिकेट टूर्नामेंट के संयोजक चंद्रभान यादव ने किया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि के रूप में बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप जडेजा ने शिरकत की। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच रावतपुर बनाम तारापुर के बीच में खेला गया। जिसमें रावतपुर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अंकित टिल्ला ने धमाकेदार 53 रन की पारी खेलते हुए अपनी टीम का स्कोर 10 ओवर में 145 रन तक पहुंचा। वहीं तारापुर की टीम की तरफ से शिवम यादव ने 49 रन की अच्छी पारी खेली पर अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके। 10 ओवर में तारापुर की टीम महज 130 रन ही बना सकी और रावतपुर ने आसानी से 15 रन से जीत दर्ज की। 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेलने वाले अंकित टिल्ला को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। जिनको पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप जडेजा ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सैकड़ो की तादाद में लोग मौजूद रहे।

एसडीएम ने कर्मियों के साथ किया योग्याभ्यास

हलिया (मिर्जापुर)। आने वाले दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर 15 जून से 21 जून तक चल रहे योग सप्ताह के अवसर पर रविवार को एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने तहसील कर्मियों के साथ तहसील परिसर में योगाभ्यास किया है।इस दौरान एसडीएम के नेतृत्व में तहसील कर्मियों ने योग कर योगाभ्यास किया है।कई प्रकार के योगासन कर योग किया है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया जा सके।इस संबंध में एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चल रहे योग सप्ताह के अवसर पर योगाभ्यास के लिए तहसील कर्मियों के साथ तहसील परिसर में योगाभ्यास किया गया है।इस दौरान शंभू यादव आदि मौजूद रहे।

गंगा दशहरा पर स्नान करने गई चार लड़कियां डूबीं, दो की मौत

पुलिस ने स्थानीय गोताखोर नाविकों की मदद से नैन्सी और आँचल के शव को बाहर निकाला गया

विश्ववार्ता संवाददाता

मिर्जापुर। जिले के चिल्ह थाना क्षेत्र के डिंगुर पट्टी गांव के गंगा घाट पर गंगा दशहरा पर्व के दिन बड़ा हादसा हो गया। गंगा स्नान करने गई चार लड़कियां डूब गई जिसमें दो को बचा लिया गया और दो की डूबने से मौत हो गई। सभी एक ही परिवार के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार गंगा दशहरा के मौके पर गंगा स्नान करने गई थी गहरे पानी में चले जाने से हादसा हो गया।

बताया जा रहा है चील्ह थाना क्षेत्र डिंगुरपट्टी गांव के रहने वाले सभी चारो लड़किया डिंगुरपट्टी घाट पर गंगा नदी में स्नान करने गई थी इस दौरान गहरे पानी में चले जाने से शालू पुत्री मुन्ना सरोज 15 वर्ष, शिवांनी पुत्री दीना सरोज 14 वर्ष, आचल पुत्री रविन्दर 15 वर्ष और नैन्सी पुत्री राम हौसिला सरोज 13 वर्ष डूबने लगी गई है। चारों लड़कियों को डूबता देख स्थानी लोगों ने गंगा नदी में कूद कर शालू और शिवानी को बचा लिया तो वहीं आंचल और नैंसी डूब गई, स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची चिल्ह पुलिस ने स्थानीय गोताखोर नाविकों की मदद से नैन्सी और आँचल के शव को बाहर निकाला गया। आंचल नैंसी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सेवटी नदी में स्नान करने गये 11 वर्षीय बालक की डूबने से मौत

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव स्थित सेवटी नदी में बच्चों के साथ रविवार की सुबह स्नान करने के लिए गये 11 वर्षीय बालक की नदी के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई बालक के साथ स्नान करने के लिए गये अन्य बच्चों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने बालक के शव को नदी से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दिया मौके पर पंहुची पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है।वहीं बालक के परिजनों में कोहराम मच गया है। प्रयागराज जनपद के मेजा थाना क्षेत्र के पाती गांव निवासी 11 वर्षीय दीपक अपने बहन हलिया थाना क्षेत्र के पंवारी कला गांव निवासी रोशनी के यहां रहता था बचपन में ही माता पिता की मौत हो जाने पर बहन के यहां रहता था । ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पंहुची बालक की बहन व बहनोई बालक के शव को नदी से बाहर निकालकर ग्राम प्रधान पंवारी कला जीतेंद्र सिंह को सूचना दिया ग्राम प्रधान की सूचना पर मौके पर पहुंचे हल्का प्रभारी एसआई श्यामलाल ने घटना स्थल ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र का होने की पुष्टि किया जिस पर ग्राम प्रधान की सूचना पर मौके पर पंहुची ड्रमंडगंज पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालक अपने माता पिता का एकलौता पुत्र था एक बहन है।इस संबंध में थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि सेवटी नदी में स्नान करने के लिए गये बालक की नदी में डूबने से मौत हो गई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है कार्रवाई किया जा रहा है।

गंगा दशहरा पर्व पर दो युवकों की गंगा में डूबकर मौत

फतेहपुर। गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में जिले के अलग-अलग गंगा घाटों पर स्नान करने के लिए पहुंचे। जहां अलग-अलग स्थानों पर तीन युवक डूब गए। जिनमें दो युवओं की जहां मौत हो गई वहीं तीसरे को वहां मौजूद लोगों ने बचा लिया। इस हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। उधर गंगा घाटों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से पुलिस बल भी तैनात किया गया था। इसके बावजूद दो युवकों की जान चले जाने पर लोगों ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान भी लगाया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खजुरियापुर गांव निवासी श्रीराम मौर्य का 18 वर्षीय पुत्र अमन मौर्य गांव के ही प्रताप मौर्य के 16 वर्षीय पुत्र शुभम के साथ गंगा दशहरा पर्व पर नौबस्ता घाट नहाने गया था। बताते हैं कि नहाते समय अचानक अमन गहरे पानी में चला गया। अमन को गहने पानी में जाता देख शुभम उसे बचाने के लिए जैसे ही आगे बढ़ा वह भी डूबने लगा। दो युवकों को डूबता देख वहां मौजूद पुलिस बल व अन्य लोगों ने युवकों को बचाने का प्रयास किया। जिसमें शुभम को तो गहरे पानी से निकाल लिया लेकिन जब तक अमन को बाहर निकाला जाता उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। शुभम को एंबुलेंस के जरिए उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उधर मलवां थाना क्षेत्र के आदमपुर गंगा घाट पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा दशहरा पर्व पर स्नान के लिए गए थे। जहां एक युवक गहरे पानी में चला गया। आस-पास मौजूद लोगों ने किसी तरह उसको बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। मृतक का नाम हर्षित बताया जा रहा है। अमन व हर्षित की मौत के बाद से परिवारीजनों के बीच कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। जिन्हें पास-पड़ोस के लोग ढाढंस बंधाते रहे।

गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

नौबस्ता गंगा घाट पर मुस्तैद एसडीएम व सीओ साथ में व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

विश्ववार्ता संवाददाता

» घाट पर एसडीएम, सीओ व सुल्तानपुर घोष थाना प्रभारी रहे मुस्तैद

खागा, फतेहपुर। गंगा दशहरा के मौके पर जिले सहित खागा तहसील क्षेत्र के नौबस्ता गंगा घाट पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। सभी ने गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत घाट पर एसडीएम, सीओ व सुल्तानपुर घोष थाना प्रभारी मुस्तैद रहे। उधर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला ने पदाधिकारियों संग स्नान को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

रविवार को गंगा दशहरा पर्व पर खागा तहसील क्षेत्र के नौबस्ता घाट पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल अपने पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी अतुल कुमार गंगवार, क्षेत्राधिकारी ब्रजमोहन राय, थाना सुल्तानपुर घोष प्रभारी राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, नौबस्ता चैकी इंचार्ज सूरज कनौजिया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर गंगा दशहरे पर आए हुए हजारों भक्तों को कोई आसुविधा न हो, इसके लिए पूरी तन्मयता से तहसील प्रशासन व व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने सभी की सेवा की।

गंगा दशहरा पर गंगा नदी में डुबकी लगाने का विशेष महत्व है। जिसके चलते जिले के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। इस दौरान प्रमुख रूप से व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष राजेश चैधरी, खागा व्यापार मंडल के मंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, धीरज, धीरेंद्र शुक्ला, मीडिया प्रभारी अनुपम शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

ई-रिक्शा पलटने से दंपति घायल

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के नवाबगंज के समीप रविवार की सुबह अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से दंपति घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के नयानी गांव निवासी रामकुमार का 40 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश अपनी 35 वर्षीय पत्नी सुमन की दवा कराने के लिए ई-रिक्शा से हथगाम कस्बा गया था। बताते हैं कि लौटते समय जैसे ही ई-रिक्शा नवाबगंज के समीप पहुंचा तभी अचानक पलट गया। जिससे दंपति घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल दंपति को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

स्प्लेंडर लूट की घटना का खुलासा, दो अभियुक्त गिरफ्तार

पत्रकारों से बातचीत करते अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र एवं पीछे खड़े लुटेरे।

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। चैबीस दिन पूर्व जहानाबाद-बिंदकी मार्ग पर स्प्लेंडर लूट की हुई घटना का बकेवर पुलिस ने खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को जहां गिरफ्तार कर लिया वहीं तमंचा-कारतूस के साथ ही लूटी गई बाइक भी बरामद की गई है। इस घटना में शामिल अन्य तीन अभियुक्तों को घाटमपुर थाना पुलिस ने तीस मई को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि विद्याशंकर यादव पुत्र स्व. रामपति यादव निवासी ग्राम किशोरी थाना हंडिया जिला प्रयागराज ने बकेवर थाने पर सूचना दी थी कि 24 मई की रात्रि लगभग नौ बजे वह अपनी स्प्लेंडर बाइक नं. यूपी-66आर/0836 से सानी गढ़वा जहानाबाद से बिंदकी अपनी ब्रांच के लिए निकला था। जब वह फौजी ढाबा के समीप पहुंचा तो मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने उससे खजुहा का रास्ता पूछा और दो व्यक्तियों ने उसकी बाइक व मोबाइल छीन लिया ओर भाग निकले। सूचना पर बकेवर थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इस लूट की घटना में पांच अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए थे। रविवार को बकेवर थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

तभी पतारी मोड़ के समीप पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जिन्होने अपने नाम आयुश अवस्थी पुत्र विमल अवस्थी निवासी ग्राम पहुर थाना कल्यानपुर व सुमित यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी बीबीपुर थाना सजेती जनपद कानपुर नगर बताया। युवकों से जब वाहन के कागजात मांगे गए तो वह दिखा न सके। जांच-पड़ताल में सामने आया कि यह बाइक बकेवर थाने में दर्ज मुकदमें से संबंधित है। युवकों की तलाशी लेने पर पुलिस ने तमंचा-कारतूस भी बरामद किया। एएसपी ने बताया कि इस घटना में शामिल अन्य तीन अभियुक्त राघवेंद्र उर्फ राघव, मुस्तफा कुरैशी व अर्पित प्रजापति को थाना घाटमपुर पुलिस ने 30 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में बकेवर थाने के उपनिरीक्षक राय साहब यादव, उपनिरीक्षक रमेश कुमार राय, कांस्टेबल दिनेश कुमार पाल, सचिन कुमार, अजीत सिंह के अलावा एसओजी प्रभारी विनोद कुमार यादव व सर्विलांस प्रभारी शैलेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

विंध्य किसान परिषद ने नहरों में पानी छोड़े जाने के लिए भरी हुंकार

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के अदवा बांध जलाशय से संचालित नहरों में पंद्रह जून तक पानी छोड़े जाने तक विंध्य किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद शेखर गिरि ने किसानों के साथ बैठकर हुंकार भरी है। नहरों में पानी नहीं छोड़ें जाने से किसानों की धान की नर्सरी नहीं डाली जा रही है अगर समय से नहरों में पानी छोड़ दिया जाए तो किसानों को धान कि नर्सरी डालने के लिए निजी साधन का सहारा ना लेना पड़े।अदवा बांध जलाशय में पानी का भंडारण होने के बाद भी सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण नहरों में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है जिससे किसानों की धान कि नर्सरी पिछड़ रही है।किसान नहरों में पानी आने का इंतजार कर रहे हैं। जबकि पद्रह जून तक धान कि नर्सरी डालने के लिए उपयुक्त समय है।धान उत्पादन के मामले मेंमगरबिला, महुगढ, हलिया, हथेड़ा, मझिगवां ,पंवारी कला, अमदह, इंद्रवार, मड़वा धनावल, आदि गांवों में किसानों ने धान कि नर्सरी नहीं डाल पाये है। नहरों में पानी छोड़े जाने के मामले को लेकर विंध्य किसान परिषद ने हुंकार भरी है।

प्रेस क्लब ऑफ यूपी ने संगठन की मजबूती पर की चर्चा

» जिला व नगर कमेटी का विस्तार, नए पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। प्रेस क्लब ऑफ यूपी की एक आवश्यक बैठक कैंप कार्यालय नवीन मार्केट में आयोजित हुई। बैठक में जहां संगठन मजबूती पर चर्चा की गई वहीं जिला व नगर कमेटी का विस्तार कर नए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। दायित्व मिलने के बाद नवमनोनीत पदाधिकारियों ने कहा कि वह संगठन को विस्तारित करेंगे और साथी पत्रकारों की समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मो. शमशाद ने की। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम संगठन मजबूती पर चर्चा की गई। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव की संस्तुति पर जिला व नगर कमेटी का विस्तार कर पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया।

जिसमें जिला उपाध्यक्ष पद पर मुकीम अहमद, जिला सचिव पद पर महफूज अहमद, सगीर अहमद उर्फ मटरू, नगर उपाध्यक्ष पद पर मो. मोबीन, पंकज पटेल, नगर सचिव पद पर मसरूर अहमद, लईक अहमद, बलराम सिंह शामिल हैं। नवमनोनीत पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात सभी ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जाएगा। उधर बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मो. शमशाद ने कहा कि संगठन दिनों दिन विस्तारित हो रहा है। जिले के पत्रकारों की विभिन्न समस्याएं हैं।

बैठक के पश्चात साथी पत्रकार विवेक श्रीवास्तव का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। सभी ने उनके दीर्घायु होने की कामना की। बैठक में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नफीस अहमद जाफरी, सुनील गुप्ता, विनय त्रिवेदी उर्फ बीनू, प्रवीण कुमार, देवेंद्र सिंह उर्फ रवि सिंह, मुकेश कुमार, उमेश चंद्र, गुफरान नकवी, अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, छोटकू सविता, इरफान काजमी, मो. अनस, आदित्य सिंह चैहान, वसीम खान, इरशाद उर्फ गुड्डू, जगन्नाथ प्रजापति, कफील सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी के पिता ने रविवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी युवक के विरुद्ध नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

तहरीर में बताया है कि बीते 1 जून की रात्रि में गांव निवासी असर्फी विश्वकर्मा ने नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं पता नहीं चलने पर सूचना दे रहा हूं जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित व किशोरी की तलाश करने में जुट गई है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

विधानसभा उपचुनाव को लेकर सपा ने बनाई रणनीति

विश्ववार्ता संवाददाता

मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी मझवां विधानसभा उपचुनाव को दृष्टिगत देख उपचुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मझवां विधानसभा की विकास खण्डवार हुई बैठक में चुनाव जीतने की रणनीति तय की गई।

मझवां ब्लाक की बैठक ब्लाक अध्यक्ष सौरभ सिंह, सीटी ब्लाक की बैठक ब्लाक अध्यक्ष भोलानाथ यादव व पहाड़ी ब्लाक की बैठक ब्लाक अध्यक्ष कन्हैया यादव एवं सीटी ब्लाक की आंशिक बैठक अध्यक्ष लाल बहादुर यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी ने कहा कि मझवां विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओ के बदौलत जीतेगी। कहा कि वोटर लिस्ट में नाम बढ़ रहा है। नाम बढ़वाने का काम करे। इस मौके पर जोन, सेक्टर व बूथ की समीक्षा की गई। बैठक में प्रदेश सचिव दामोदर प्रसाद मौर्या, शिवशंकर सिंह यादव, रामजी मौर्या, आदर्श यादव, संजय यादव, झल्लू यादव आदि मौजूद रहे।

उत्तर वाहिनी तट पर भृगु गंगा काव्य गोष्ठी का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। जनपद के कवि एवं साहित्यकारों ने गंगा दशहरा पर उत्तर वाहिनी गंगा तट पर भृगु गंगा काव्य गोष्ठी का आयोजन शिव शरण सिंह चैहान अंशुमाली की अध्यक्षता में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए काव्य गोष्ठी के प्रेरणा स्रोत स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती ने कहा कि यह तीसरा वर्ष है जब हम गंगा दशहरा पर काव्य गोष्ठी का आयोजन कर रहे हैं।

आयोजन के पीछे उद्देश्य है कि आज की युवा पीढ़ी किताबें और साहित्य से दूरी बनाए हुए हैं और दिन भर मोबाइल पर ही अपना सारा वक्त गुजरता है। इसी क्रम में स्वामी जी ने बताया कि आज की काव्य गोष्ठी का विषय है, जनपद के अमर शहीदों की वीरगाथा एवं गंगा का महत्व था। जिसे उपस्थित कवियों ने अपनी रचनाओं में डाल कर प्रस्तुत किया। इसी उद्देश्य को लेकर के आगामी वर्ष में जनपद के अमर शहीदों की वीरगाथा पर पद्य शैली में लिखे जाने हेतु एक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाना है जिसमें प्रथम पुरस्कार 11000 रुपए एवं द्वितीय 7100 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 5100 रुपए की राशि रखी गई है। पैनल के माध्यम से चयनित उत्कृष्ट रचनाओं के चुने जाने पर उनको फतेहपुर साहित्य रत्न के नाम से नवाजा जाएगा। काव्य गोष्ठी में डॉ चंद्र कुमार पांडेय, महेश चंद्र त्रिपाठी, केपी सिंह कछुवाह, प्रेम नंदन, शिव सिंह सागर, शिवम हथगामी, अनुज, राजेश तिवारी, शैलेंद्र द्विवेदी आदि उपस्थित होकर अपनी रचनाओं का पाठ कर उपस्थित गन्यमान व्यक्तियों को अवगत कराया। संचालन शिवशरण बंधु हथगामी ने किया। उन्होंने अपनी रचना पानी को पढ़ते हुए कहा वो जो कुछ लोग करना चाहते हैं, उन्हें करने न देना तुम कभी भी कि पानी आंख का हो या ज़मीं का, इसे मरने न देना तुम कभी भी।। इसके बाद भृगु गंगा पुस्तकालय का शुभारंभ भाजपा नेता संतोष द्विवेदी ने फीता काटकर किया। जहां पर जनपद के तमाम साहित्यकारों की रचनाएं व वैदिक रचनाओं का संग्रह रखा गया है। कार्यक्रम का संयोजन राजेंद्र प्रसाद, रमेशचंद्र किया। आयोजन के सफल आयोजन में मणिशंकर मौर्य, कृष्ण दुबे, रामजी आचार्य, अरविंद मौर्य, सत्यराम, रामधनी ने सहयोग दिया।

आंदोलन घेराव की जानकारी मिलते ही एसडीएम, सीओ सिटी पहुंचे

भाकियू ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं. 2 का किया घेराव

विश्ववार्ता संवाददाता

रेलवे स्टेशन घेराव के दौरान अधिकारियों से वार्ता करते भाकियू के पदाधिकारी।

» जिले में 17 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने सहित उठी कई मांगे

फतेहपुर। जिले में सत्रह घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने सहित अन्य कई मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 2 का घेराव किया। घेराव की जानकारी मिलते ही उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी व पुलिस उपाधीक्षक नगर वीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित किसानों को शांत कराया। आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम पटेल के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 2 पर बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर रेलवे स्टेशन का घेराव किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने हिस्सा लिया। श्री सिंह ने बताया कि उनके एक कार्यकर्ता की समस्या पर पुलिस हीलाहवाली कर रही थी। जिस पर निर्णय लिया गया था कि दून एक्सप्रेस को जाने नहीं दिया जाएगा। जब तक इन समस्याओं का निराकरण नहीं हो जाता।

उनकी समस्या को सुना गया और इस दौरान सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को सौंप कर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अपना निर्णय बदल दिया। थाना हथगांव के प्रभारी निरीक्षक द्वारा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सिंह पूर्व पप्पू के बेटे के खिलाफ फर्जी गुंडा एक्ट की कार्रवाई को तत्काल समाप्त किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। जिस पर त्वरित कार्रवाई की गई।

वहीं थाना कल्याणपुर के प्रभारी निरीक्षक द्वारा जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल सोनकर के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया उसे तत्काल समाप्त किए जाने की मांग की गई। थाना बिंदकी के प्रभारी निरीक्षक द्वारा किसानों के ऊपर फर्जी मुकदमा कायम किए गए उसे तत्काल समाप्त किए जाने की मांग उठाई गई। ग्राम कुन्नू का डेरा में नदिया में बन रहे पुल का तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराए जाने की उठी।

ग्राम बडोरी में एचएच-2 रोड क्रॉसिंग पर कई बार आवेदन देने के बाद भी क्रॉसिंग का कार्य नहीं कराया गया जिसे तत्काल निर्माण कराए जाने के साथ ही जनपद में विद्युत की सप्लाई 17 घंटे तक सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में ज्ञान सिंह, रामसहाय पटेल, विनोद सिंह उर्फ पप्पू सिंह, नवल सिंह पटेल, दिनेश शुक्ला, कप्तान सिंह, रिशु सिंह चंदेल, हीरालाल प्रजापति, संतोष द्विवेदी, राकेश सिंह यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मैं और सैमी रोहित शर्मा से अनुशासन की कला सीख रहे

रोहित शर्मा के साथ अनबन की खबरों के बीच शुभमन गिल की इंस्टा स्टोरी आई सामने

एजेंसी

फ्लोरिडा। भारतीय टीम इस समय यूएसए और वेस्टइंडीज में टीम विश्व कप 2024 खेल रही है, लेकिन इस बीच एक खबर ने सभी को चौंका दिया था, जिसमें दावा किया जा रहा था कि शुभमन गिल और रोहित शर्मा के बीच कुछ अनबन हुई है, जिससे कि दोनों ने एकदूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। हालांकि, इसमें कितनी सच्चाई थी, इसके बारे में खुद शुभमन गिल ने एक इंस्टा स्टोरी शेयर करके बता दिया है।

दरअसल, T20 वर्ल्ड कप 2024 के बीच कप्तान रोहित शर्मा के साथ अनबन की खबरों के बीच शुभमन गिल ने एक इंस्टा स्टोरी शेयर की है, जिसमें दो तस्वीरें हैं। एक में वे और रोहित शर्मा हैं, जबकि दूसरी फोटो में रोहित शर्मा की गेंद में उनकी बेटी समाय है और वे साथ में खड़े हैं। इसके कैप्शन में शुभमन गिल ने लिखा है, मैं और सैमी (समायरा) रोहित शर्मा से अनुशासन की कला सीख रहे हैं। गिल की इस इंस्टा स्टोरी से साफ हो गया है कि दोनों के बीच कोई अनबन नहीं है। हालांकि, एक तबका ऐसा भी है, जो इसे डैमैज कंट्रोल बता रहा है। गिल और रोहित की अनबन की खबरें उस समय सामने आईं, जब शुभमन गिल को टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रेवलिंग टीम से रिलीज कर दिया गया। वे ट्रेवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम के साथ थे, लेकिन अब घर लौट रहे हैं। एक और खिलाड़ी भारत लौट रहा है, जो 15 सदस्यीय टीम में नहीं था। उनकी घर वापसी को लेकर ये भी रिपोर्ट सामने आई है कि उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई है। शायद यही वजह है कि रोहित शर्मा को लेकर शुभमन गिल ने ये पोस्ट किया है। एक चीज और गौर करने वाली है कि शुभमन गिल अभी भी रोहित शर्मा को इंस्टाग्राम पर फॉलो नहीं कर रहे हैं। शुभमन गिल और रोहित शर्मा ने तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया के लिए ओपनिंग की है, लेकिन गिल इस समय मुख्य टीम का हिस्सा नहीं हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हराया

हेड और स्टोयनिस का अर्धशतक, स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड सुपर-8 में पहुंचा

एजेंसी

सेंट लूसिया। ऑस्ट्रेलिया ने ICC टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के 35वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। सेंट लूसिया के डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया।

पहले बैटिंग करते हुए स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 181 रन का टारगेट दिया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

स्कॉटलैंड की हार का फायदा इंग्लैंड को मिला। इंग्लैंड 5 पॉइंट्स के साथ सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर गया। उसका रनरेट स्कॉटलैंड से ज्यादा रहा। स्कॉटलैंड ग्रुप बी में तीसरे नंबर पर रहा। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पांचवें नंबर पर बैटिंग करने आए मार्कस स्टोयनिस ने 29 बॉल पर 59 रन की पारी खेली। स्टोयनिस और ट्रैविस हेड के बीच चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी हुई। स्टोयनिस को प्लेयर ऑफ मैच चुना गया। स्कॉटलैंड के तीसरे नंबर के बल्लेबाज ब्रैंडन मैकमुलेन ने अर्धशतकीय पारी खेली और टीम का स्कोर 180 तक ले जाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 34 बॉल पर 60 रन बनाए। यह उनकी चौथी टी-20 इंटरनेशनल फिफ्टी रही। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली है। ऑस्ट्रेलिया की पारी के पांचवें ओवर में माइकल जोन्स ने ट्रैविस हेड का कैच ड्रॉप कर दिया। तब वे 17 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। यह कैच ड्रॉप उनकी टीम पर पड़ा, क्योंकि हेड ने इसके बाद मार्कस स्टोयनिस के साथ 80 रन की साझेदारी की। वहीं, 49 बॉल में 68 रन की पारी खेल ऑस्ट्रेलिया के लिए मैच बना दिया। स्कॉटलैंड की ओर से ब्रैंडन मैकमुलेन ने 60, कप्तान रिची बेरिंगटन ने नाबाद 42, जॉर्ज मुन्से ने 35 और मैथ्यू क्रॉस ने 18 रन बनाए। मैकमुलेन और मुन्से के बीच दूसरे विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी हुई।ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल ने दो विकेट झटके। एश्टन एगर, नाथन एलिस और एडम जम्पा को 1-1 विकेट मिला। स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहले ही ओवर में झटका लगा। ओपनर माइकल जोन्स को एश्टन एगर ने क्लीन बोल्ड कर दिया। लेकिन यहां से टीम ने वापसी की और पावरप्ले में 54 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रैविस हेड और मार्कस स्टोयनिस ने अर्धशतक लगाया। हेड ने 65 और स्टोयनिस ने 59 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। टिम डेविड ने 14 बॉल पर नाबाद 24 रन बनाए। स्टोयनिस और हेड के बीच चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी हुई। स्कॉटलैंड की ओर से मार्क वॉट और सफयान शरीफ ने 2-2 विकेट झटके। ब्रैड व्हील को एक विकेट मिला। 181 रन का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में दो बड़े विकेट गंवा दिए। शुरुआती 6 ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने महज 36 रन बनाए और डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श का विकेट गंवाया।

दरअसल, जब ये सिनेरियो सामने आया कि ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच होने वाले मैच पर इंग्लैंड की टीम का भविष्य अटका हुआ तो ऑस्ट्रेलिया के पेसर जोश हेजलवुड ने एक कमेंट किया था कि उनकी कोशिश होगी कि इंग्लैंड की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाए। हालांकि, उन्होंने ये नहीं कहा था कि वे जानबूझकर ऐसा करेंगे। उन्होंने नामीबिया के खिलाफ मिली जीत के बाद कहा था, इस टूर्नामेंट में, आप किसी समय फिर से इंग्लैंड के खिलाफ खेल सकते हैं और वे शीर्ष टीमों में से एक हैं और टी20 क्रिकेट में उनके खिलाफ हमें काफी संघर्ष करना पड़ा है, इसलिए अगर हम उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर सकते हैं तो यह हमारे और शायद सभी के हित में होगा।

वहीं, जब उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया तो पैट कमिंस ने कहा था कि ऐसा कुछ नहीं होगा। ये खेल भावना के खिलाफ है। हालांकि, जब ऑस्ट्रेलिया की टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबला खेलने उतरी तो कुछ हरकतें ऐसी नजर आईं, जिन पर फैंस ने सवाल खड़े कर दिए हैं।

शादी को लेकर सोनाक्षी सिन्हा ने बताया सच

बोलीं- वो नहीं चाहेंगे मैं शादी करूं...

हीरामंडी में फरदीन और रेहाना आपा के किरदार से सभी का दिल जीत चुकीं सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने कथित लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी करने जा रही हैं। सोनाक्षी और जहीर ने शादी के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन उनके परिवार और दोस्तों पूनम ढिल्लों, यो यो हनी सिंह और डेजी शाह ने इस खबर की पुष्टि की है। जहां प्रशंसक सोनाक्षी को दुल्हन के अवतार में देखने के लिए उत्साहित हैं, वहीं सोनाक्षी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा कभी नहीं चाहेंगे कि वह शादी करें। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 2021 में एक इंटरव्यू के दौरान सोनाक्षी ने अपनी शादी के बारे में अपने परिवार के विचारों के बारे में खुलकर बात की थी। सोनाक्षी ने कहा था, अगर यह बात उनके पिता (शत्रुघ्न सिन्हा) पर निर्भर करती है तो वह कभी नहीं चाहते कि मैं शादी करूं। मां कभी-कभी यह छोटा सा बम गिराती हैं कि अभी तो टाइम हो गया, (शादी) कर लेना चाहिए, और मैं उन्हें बस एक नजर देखती हूं और फिर वह कहती हैं कि अच्छा ठीक है ठीक है।" आगे सोनाक्षी ने कहा, ₹नहीं, ऐसा नहीं है कि मैं खुश हूं कि उन्होंने मुझे उस तरह की आजादी मिली है, जहां जब तक मैं शादी के लिए तैयार नहीं हो जाती, वे मेरे सिर पर बैठकर यह नहीं कहेंगे कि 'शादी कर लो बेटा', क्योंकि उन्हें पता है कि मैं अपने काम से खुश हूं और अच्छा कर रही हूं।

बाबा बागेश्वर धाम की शरण में पहुंचे अभिनेता संजय दत्त

छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में शनिवार शाम को बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त पहुंचे। यहां पर उन्होंने बागेश्वर धाम बालाजी महाराज के दर्शन किए। शनिवार शाम चार बजे मुंबई से अभिनेता संजय दत्त हवाई जहाज से निकले थे। जिसके बाद वह 6 .30 बजे खजुराहो एयर पोर्ट पर पहुंचे। जहां पर धाम परिवार की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद संजय दत्त चार पहिया वाहन में सवार होकर ग्राम गढ़ा बागेश्वर धाम पहुंचे। इसके बाद अभिनेता संजय दत्त ने सबसे पहले भगवान बालाजी के दर्शन किए और परिक्रमा लगाकर माथा टेका। इसके बाद संजय दत्त ने धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मिलकर उनका भी आशीर्वाद लिया है। इस दौरान संजय दत्त ने कहा कि यह देश और दुनिया की लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र है। यहां भक्तों की आस्था देखकर अभिभूत हो गया हूं। महाराज जी से मिलकर ऐसा लगा कि जैसे मैं इन्हें बरसों से जानता हूं उनके साथ जो वक्त बिताया वह मेरे जीवन का सबसे अच्छा वक्त में से एक है और मैं बार-बार बागेश्वर धाम आऊंगा। यह अद्भुत स्थान है। बालाजी सरकार की अद्भुत कृपा इस स्थान पर बनी हुई है।

1,500 करोड़ में होगी डील, 2022 में ब्लिंकिट को 4,447 करोड़ में खरीदा था

पेटीएम का मूवी टिकटिंग और इवेंट बिजनेस खरीदेगा जोमैटो

एजेंसी

बेंगलुरू। ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो फिनटेक फर्म पेटीएम का मूवी टिकटिंग सर्विस और इवेंट बिजनेस खरीदने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों कंपनियों के बीच इस डील की बात फाइनल स्टेज में है। जोमैटो को इस डील के लिए पेटीएम को 1,500 करोड़ रुपए देने होंगे।

पेटीएम के साथ इस डील के जरिए जोमैटो फूड और ग्रोसरी के साथ-साथ एंटरटेनमेंट जैसी कैटेगरीज में कंज्यूमर डिमांड को पूरा करना चाहता है। अगर डील फाइनल हो जाती है, तो यह जोमैटो के लिए दूसरा सबसे बड़ा बायआउट होगा। इससे पहले कंपनी ने 2022 में क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट को 4,447 करोड़ रुपए में खरीदा था। मामले से जुड़े एक व्यक्ति के मुताबिक, इस डील के साथ ही पेटीएम मूवी और पेटीएम इनसाइडर को मर्ज करके एक यूनिट बनाया जाएगा। इस सेगमेंट में जोमैटो की दिलचस्पी काफी समय से है, इसलिए यह डील के लिए यह फिट बैठता है। पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने 2017 में इवेंट मैनेजमेंट कंपनी ओनली मच लाउडर (OML) बैक्ड ऑनलाइन टिकटिंग और इवेंट प्लेटफॉर्म इनसाइडर डॉट इन को 35 करोड़ में खरीदा था। जोमैटो ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 175 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया था। एक साल पहले की समान तिमाही यानी Q4FY23 में, जोमैटो को 188 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था।

ये लगातार चौथी तिमाही है जब कंपनी की कमाई हरे निशान यानी मुनाफे में रही। वहीं, पूरे वित्त वर्ष की बात करें, तो कंपनी ने 2024 में 351 करोड़ रुपए का कंसॉलिडेटेड मुनाफा दर्ज किया। सालभर में कंपनी ने 12,114 करोड़ रेवेन्यू जुटाया। वित्त वर्ष 2023 में जोमैटो 971 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था और रेवेन्यू 7,079 करोड़ रुपए रहा था।

जोमैटो की चौथी तिमाही में कंसॉलिडेटेड कमाई

तिमाही आधार पर

जोमैटो	FY24 (जनवरी-मार्च)	FY24 (अक्टूबर-दिसंबर)	चेंज(%)
ऑपरेशनल रेवेन्यू	3,562	3,288	8.33%
अदर इनकम	235	219	7.30%
टोटल इनकम	3,797	3,507	8.26%
टोटल एक्सपेंस	3,636	3,383	7.47%
नेट प्रॉफिट	175	138	26.81%

सालाना आधार पर

जोमैटो	FY24 (जनवरी-मार्च)	FY23 (जनवरी-मार्च)	चेंज(%)
ऑपरेशनल रेवेन्यू	3,562	2,056	73.24%
अदर इनकम	235	171	37.42%
टोटल इनकम	3,797	2,227	70.49%
टोटल एक्सपेंस	3,636	2,431	49.56%
नेट प्रॉफिट/लॉस	175	-188	-

नोट - आंकड़े करोड़ रुपए में हैं...

स्टार्स के प्रति फैन की दीवानगी को लेकर सोनाली हुईं चिंतित

बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। पिछले दिनों वे वेब सीरीज 'ब्रोकन न्यूज' सीजन 2 में नजर आई थीं। दर्शकों को उनका यह शो काफी पसंद भी आया। इस शो में उनके सात जयदीप अहलावत भी दिखाई दिए थे। हाल ही में अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू दिया है जिसमें वे बॉलीवुड स्टार्स के प्रति फैंस की दीवानगी के बारे में बातें करती नजर आईं। सोनाली बेंद्रे 'दिलजले' से लेकर 'डुप्लीकेट' और 'मेजर साब' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि जब वे 1990 में भोपाल गई थीं तब कथित तौर पर उनके एक फैन ने आत्महत्या कर ली थी क्योंकि वे उस फैन से नहीं मिल पाई थीं। इस बात को सुनकर अभिनेत्री कहती हैं, 'क्या यह सच है और अगर सच है तो यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इस हद की दीवानगी नहीं है'। सोनाली बेंद्रे अविश्वास के साथ प्रतिक्रिया देते हुए बोलती हैं, 'यह गलत है। आप किसी इंसान को ऐसे कैसे भगवान के जैसे मान सकते हैं। स्टार्स भी सधारण इंसान होते हैं। मुझे नहीं पता है कि ऐसा कुछ हुआ था और यह सही नहीं है। मुझे प्रशंसकों के चिट्ठी आते थे और शायद उनमें से कई चिट्ठी खून से लिखे होते थे। मुझे इस बात से भी तकलीफ होती थी'। सोनाली बेंद्रे इस फैन कल्चर को गलत मानती हैं। वे कहती हैं, 'किसी के काम को सराहना सही है, लेकिन एक हद में रहकर। ऐसे खुद को नुकसान पहुंचा लेना समझदारी नहीं है। मैंने अपनी बीमारी से एक बात सीखी है कि कोई भी सुंदर चीज अपने आप में संपूर्ण नहीं होती है। फैंस सिर्फ पर्दे पर हमें अभिनय करते देखते हैं। वास्तव में उन्हें नहीं पता होता है कि हम एक इंसान के तौर पर कैसे हैं या हम निजी जिंदगी में किन चीजों से गुजर रहे हैं'।

धमकी का नया वीडियो वायरल, फिर आया लॉरेंस बिश्नोई का नाम

'मैं सलमान खान को मार डालूंगा'...

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग के सिलसिले में मुंबई पुलिस ने एक नई एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में आपराधिक धमकी देने के आरोप में राजस्थान से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के बूंदी निवासी बनवारीलाल लटूरलाल गूजर (25) के रूप में हुई है। मुंबई पुलिस इस आरोपी से पूछताछ कर रही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बनवारीलाल लटूरलाल गूजर ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो अपलोड किया था, जिसमें उसने कहा था, लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बरार और उनके गिरोह के सदस्य मेरे साथ हैं। मैं सलमान खान को मार डालूंगा, क्योंकि उन्होंने अभी तक माफी नहीं मांगी है। आरोपी ने राजस्थान में एक हाईवे पर वीडियो बनाया। उसे अपने चैनल पर अपलोड किया। मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि धमकी वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए एक टीम राजस्थान भेजी गई थी। इस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई के साइबर पुलिस स्टेशन में इस मामले में केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी का क्रिमिनल बैकग्राउंड भी जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया, हम जांच कर रहे हैं कि आरोपी बनवारीलाल गूजर का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड है या नहीं। उसे भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं, जिसमें 506(2) (आपराधिक धमकी के लिए दंड) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के प्रावधान शामिल हैं, के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में आगे की जांच की जारी है। बताते चलें कि 14 अप्रैल को सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर दो बाइकसवार शूटरों ने 5 राउंड फायरिंग की थी। इसमें से एक गोली सलमान के घर की दीवार पर लगी थी, जबकि एक गोली वहां लगे नेट को चीरती हुईघर के अंदर ड्राइंग रूम की दीवार पर जा कर लगी थी। इसके बाद आरोपी चर्च के पास बाइक छोड़कर फरार हो गए थे। इस मामले में 4 जून को दोपहर करीब 12 बजे के मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के चार अधिकारी सलमान खान का बयान दर्ज करने उनके घर पहुंचे थे। सलमान का बयान दर्ज करने में करीब तीन से चार घंटे का वक्त लगा था। वहीं उनके भाई अरबाज खान का बयान दर्ज करने में दो घंटे लगे थे। क्राइम ब्रांच की टीम शाम 5 ।30 बजे के बाद उनके घर से निकली थी। अरबाज खान का बयान 4 पन्ने में दर्ज किया गया, जबकि सलमान खान का बयान 9 पन्नों में दर्ज किया गया।

एक नजर

सत्य प्रकाश बने रामगंज चौकी प्रभारी

अमेठी। कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश को पुलिस अधीक्षक में अनूप सिंह ने रामगंज चौकी का प्रभारी नियुक्त किया है। सत्य प्रकाश के चौकी प्रभारी बनाए जाने पर कोतवाल अमर सिंह ने उन्हें माला पहनकर सम्मानित किया और नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी है। सिपाहियों ने उन्हें माला पहनकर विदाई की। कार्यक्रम में उप निरीक्षक आर सी यादव , उपनिरीक्षक राणा उदय भान , उपनिरीक्षक मंजीत सिंह ,उप निरीक्षक रामचेत कांस्टेबल अंकित यादव ,कांस्टेबल राशिद , कांस्टेबल राजेश ,दीवान अमर सिंह,राजेश यादव ,अमित सिंह आदि मौजूद रहे ।

बस अड्डे पर शरबत वितरण कार्यक्रम

अमेठी। भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए रविवार को बस अड्डे पर दुकानदारों ने शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राहगीरों को शरबत पिलाया गया। यह कार्यक्रम दुकानदारों ने आपस में सहयोग करके कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इश्तियाक अहमद, संतोष कुमार,सूरज, राहुल सत्तू के साथ कई लोगों ने कार्यक्रम सहयोग किया।

पशुशाला में मिला बुजुर्ग का शव

जामों। रविवार को कोतवाली अंतर्गत चिटहुला गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक बुजुर्ग का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। राम अवध सिंह पुत्र राम भवन सिंह का शव रविवार को पशु शाला में मिला। राम अवध सिंह एक महीने पहले अपनी बेटी के घर से गांव आए थे।राम अवध सिंह के चार बेटियां हैं। काफी दिनों से पति पत्नी अपनी लड़कियों के यहां रहना शुरु कर दिया था।सरैनी, रायबरेली में रहने वाली अपनी बेटी के घर से राम अवध अपने घर चले आये थे, उनकी पत्नी वापस नहीं आई। शनिवार की रात उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

स्नान करते समय युवक की डूबने से मौत

सुलतानपुर। जिले के थाना लंभुआ के प्रसिद्ध घाट धोपाप में रविवार को गंगा दशहरा पर स्नान करने आए एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के लंभुआ निवासी विनोद सोनी (32) वर्ष रविवार की सुबह गंगा दशहरा पर स्नान करने आये थे। स्नान करते समय धारा की गहराई में चले जाने से डूब गए। प्रशासन के कड़ी मशक्कत के बाद मछुवारों ने शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

तालाब में पानी न होने से बढ़ी मुश्किल

अम्बेडकरनगर। विकासखंड कटेहरी के रग्धूपुर स्थित तालाब में पानी न होने से पशु पक्षियों की मुश्किल बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने तालाब में कई बार पानी भरवाने की मांग की लेकिन अब तक जिम्मेदारों ने इसकी सुध नहीं ली है। कटेहरी विकासखंड के रग्बूपुर में करीब दस वर्ष पहले तालाब की खोदाई हुई थी। इसका उद्देश्य भूगर्भ जलस्तर को बेहतर बनाने के साथ ही पशु-पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना था। मौजूदा समय में तालाब में एक बूंद भी पानी नहीं है। तालाब की भूमि में दरारें आने के साथ ही उसमें धूल उड़ रही है। ऐसे में एक तरफ जहां पशु-पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है वहीं, पशुओं को स्नान कराने आदि की अव्यवस्था भी बन गई है। ग्रामीण रामदुलार, मंशाराम व अनिल ने कहा कि तालाब में पानी भराने के लिए कई बार मांग की गई, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया है। मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी दिनेश राम ने बताया कि ग्राम प्रधानों की तालाबों में पानी भरवाने के निर्देश दिए गए हैं।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, अज्ञात वाहन ने पीछे से मारी टक्कर

पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध दर्ज की रिपोर्ट

विश्ववार्ता संवाददाता

जामो। थाना क्षेत्र के भीखीपुर गांव के पास बाजार से बाइक से वापस लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने देर रात टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों की मदद से घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। रास्ते में ले जाते समय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस से अज्ञात वाहन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

भीखीपुर निवासी रवि सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह (25) अपनी बाइक से स्थानीय बाजार गया था। बीती रात्रि लगभग 10:00 बजे वह बाइक से वापस आ रहा था। गांव के पास से ही उसे पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया । डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

रास्ते में ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । अज्ञात वाहन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की कर रही है।

सड़क दुर्घटना बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल

अमेठी। कोतवाली अंतर्गत गुंगवाछ के पास अमेठी आ रहे एक ही बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। रविवार को कमासिन निवासी घनश्याम सिंह पुत्र स्वामी सेवक सिंह, फूलचंद यादव पुत्र रामकुमार यादव और हरिश्चंद्र यादव पुत्र राममिलन यादव एक ही बुलेट गाड़ी पर सवार होकर अमेठी किसी काम से आ रहे थे। गुंगवाछ गांव के पास जैसे ही पहुंचे, अज्ञात पिकअप वाहन ने उसे टक्कर मार दी । सड़क दुर्घटना में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया । जहां पर सभी का इलाज हुआ। टक्कर मारने वाली पिकअप मौके से फरार हो गई।

गायत्री जयंती पर 44 महादानियों ने किया रक्तदान, एसपी की पत्नी ने भी किया रक्तदान

» नदी स्वच्छता का संदेश देते हुए दिलाई गई शपथ

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार की अगुवाई में गोमती मित्र मंडल के साथियों के साथ गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के पावन पर्व पर 44 लोगों ने रक्तदान करके नदी स्वच्छता के लिये संकल्प लिया। जिला रक्तकोष में आयोजित इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ निवेदिता भट्टाचार्य पत्नी पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने दीपक जलाकर एवं स्वयं रक्तदान करके किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी रक्तदान के लिए आगे आने की आवश्यकता है।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एके सिंह ने कहा कि रक्तदान में युवाओं की भागीदारी से अनेकों जरुरत मंदों की मदद में आसानी हो रही है। सीएमएस डॉ. एसके गोयल ने कहा कि रक्तदान सुरक्षित प्रक्रिया है। नियमित रक्तदान करने वालों को बीमारियों का खतरा कम होता है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरए वर्मा ने रक्तदानियों के उत्साह की सराहना की। वरिष्ठ समाजसेवी सरदार बलदेव, आज़ाद समाज सेवा समिति से अशोक सिंह, राकेश पालीवाल, वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना, गोमती मित्र मंडल के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन के संरक्षण में युवाओं ने रक्तदान के साथ संकल्प लिया कि नदियों को बचाने के लिए हम भी प्रयास करेंगे। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक व गंगा संरक्षण समिति के सदस्य डॉ. सुधाकर सिंह ने सभी का रक्तदान को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर अम्बे दल से पारितोष, रमेश माहेश्वरी, गौरव सिंह, संदीप सिंह बिट्टू, शिवम शुक्ला, सच्चिदानन्द सिंह, डा. दिनकर प्रताप सिंह, अजय सिंह, राकेश सिंह, पंकज अग्रवाल, आशीष अग्रहरि, डॉ. आशुतोष, सन्दीप, पिंकू मिश्रा, अनुराग पाण्डेय, बृजेश, भूपेंद्र मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

पौधारोपण के लिए नहीं हो पाई गड्ढों की खुदाई, बारिश का इंतजार

» ग्राम्य विकास विभाग में सात जून के बाद काम शुरू हुआ है

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। भीषण गर्मी के कारण वृक्षारोपण की तैयारी प्रभावित हैं।वन विभाग को छोड़ कर अन्य कोई भी विभाग निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गड्ढों की खुदाई नहीं करा पाया है। वर्षा काल में 43लाख पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

पौधारोपण के लिए सभी विभागों को एक महीने पहले ही विभाग वार लक्ष्य आवंटित करते हुए 15 जून तक गड्ढों की खुदाई कराने के निर्देश दिए गए थे।

वन विभाग ने लक्ष्य के अनुसार गड्ढों की खुदाई का काम पूरा कर लिया है। ग्राम्य विकास विभाग में सात जून के बाद काम शुरू हुआ है। अन्य सरकारी विभागों ने अभी तक पौधारोपण की तैयारी का काम शुरू नहीं किया है।

डीएम ने ली वृक्षारोपण की तैयारी की जानकारी

गौरीगंज। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं गंगा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा वर्षाकाल 2024 में होने वाले वृक्षारोपण को लेकर की गई। तैयारियों के संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी से जानकारी ली गई तथा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभागों द्वारा वृक्षारोपण से पूर्व गड्ढा खुदाई का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए एवं कहा कि वृक्षारोपण के दौरान विभागों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाए तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ज्येष्ठ की तपती दोपहरी में की गई शरबत सेवा

भगवान परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक ने किया आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। गंगा दशहरा पर जिले के परशुराम चौक चौराहे पर परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक के सदस्यों द्वारा ज्येष्ठ की तपती दोपहरी में शर्बत वितरण किया गया। संगठन के संरक्षक विपिन मिश्रा एडवोकेट, रमा शंकर पांडेय एडवोकेट ने पदाधिकारियो के साथ भगवान परशुराम के चित्र पर पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दोपहर तक शर्बत वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। हजारों राहगीरों ने मीठे शरबत का आनंद लिया।

बताते चलें परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक शहर के डीएम चौराहे पर बीते कई वर्षों से विविध आयोजन करता चला आ रहा है। जिले भर के विप्र समाज की भावनाओं को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने उस चौराहे का नामकरण परशुराम चौक के नाम की मंजूरी दे दी है।

अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के साथ भव्य शोभायात्रा का व भोज का कार्यक्रम बीते कई वर्षों से संगठन के लोग करते चले आ रहे हैं। इसी क्रम में गंगा दशहरा के दिन जयेष्ठ की तपती दोपहरी में लोगों को निजात दिलाने के लिए पदाधिकारियो ने शरबत सेवा का कार्यक्रम किया। संरक्षक विपिन मिश्रा ने बताया संस्था वर्ष भर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर काम करती है। गरीब परिवार के बेटियों की शादी में आर्थिक योगदान हो

लोगों को शरबत पिलाते समाजसेवी

सामाजिक योगदान हो तीज त्योहार पर आयोजन हो यह सब बड़े तरीके के साथ बीते कई वर्षों में संपन्न कराया जा रहा है। ब्राह्मण समाज सनातन समाज का अगुआ माना जाता है। देश और समाज की सेवा उसका पहला धर्म है। उन्होंने संस्था में आर्थिक व शारीरिक सहयोग करने वाले सभी को धन्यवाद दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा समाज के सहयोग से समाज की सेवा का भाव परशुराम युवा वाहिनी का संकल्प है। उन्होंने आवाहन किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग उनके संगठन की सदस्यता ले जिससे वह सेवा के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों का एक संगठन बना सके और समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनकी सेवाएं पहुंच सके। इस मौके पर जयशंकर मिश्रा, देवेंद्र तिवारी, गौरेश शुक्ला, शरद प्रसाद मिश्रा, राजू मिश्रा, नानकन तिवारी, अनिल तिवारी, आशुतोष शुक्ला, संतोष तिवारी, संजय मिश्रा, दीपू मिश्रा उर्फ़ भानु, एडवोकेट देवेन्द्र पाठक, संजय पाण्डेय,रजनीश उपाध्याय उर्फ़ रज्जन,सत्यम तिवारी, मोहित पाण्डेय, विनोद मिश्रा,राम मिश्रा, अनुराग मिश्रा शुभ, सूरज पांडेय आदि मौजूद रहे।

गंगा दशहरा पर हुआ शर्बत वितरण

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर जयसिंहपुर पर ग्रामीणों द्वारा गंगा दशहरा के मौके पर शर्बत वितरण किया गया। गंगा दशहरा के मौके पर गोमती नदी के धोपाप घाट पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान करते हैं, लेकिन वहीं कुछ ऐसे भी श्रद्धालु हैं जो। गंगा दशहरा पर भीषण गर्मी से राहत दिलाने और इसी बहाने पुण्य प्राप्त करने के लिए शर्बत वितरण करते हैं। रविवार को गंगा दशहरा के मौके पर जयसिंहपुर बाजार के प्राचीन शिव मंदिर पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आने जाने वाले राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। इस मौके पर जिलाजीत मिश्रा, चिंता हरण मिश्र रमेश पांडेय, आशु पांडेय, सुनील दुबे, राहुल मिश्रा, रॉबिन मिश्रा, मुन्ना शर्मा, अजय अग्रहरि, लालू अग्रहरि आदि लोग मौजूद रहे।

योग को दिनचर्या का अंग बनाएं, कभी बीमार नहीं होंगे : बीडीओ

योग दिवस की शुरुआत करते बीडीओ

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। योग दिवस सप्ताह की शुरुआत के अवसर पर विकास खंड में योग शिविर का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा सहित सभी ब्लाक कर्मियों ने योग करके जीवन को स्वस्थ, सुखी और बीमारियों से मुक्त बनाने के संदेश दिए।

खंड विकास अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में प्रकृति प्रदूषण के ख़तरों से जूझ रही हैं। खेती में रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से हर परिवार में कोई न कोई बीमार है और बीमारियों पर खर्च बढ़ गया है। हम योग तब करते हैं जब डाक्टर सलाह देते हैं, यदि हम योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लें तो कभी बीमार नहीं होंगे। ए डी ओ मुईजुल्ला ने कहा कि योग हमारे जीवन को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध बनाता है। बीमारियों के इस युग में प्राकृतिक जीवन शैली ही स्वस्थ रहने का सशक्त माध्यम है।

ए डी ओ आई एस बी मनीराम, ग्राम पंचायत अधिकारी चंदन मौर्य , चन्द्र शेखर,सूरज,लाल बहादुर सिंह, संदीप मिश्रा, अजय प्रजापति,जय प्रकाश, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

जारी हैं योग सप्ताह के कार्यक्रम

अमेठी। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के कार्यक्रम जारी हैं। रविवार को भी योग दिवस पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने योगाभ्यास करके फोटो अपने उच्चाधिकारियों के पास भेजे हैं। अमृत सरोवरों पर भी ग्रामीणों ने योगाभ्यास किया। योग दिवस सप्ताह के कार्यक्रम शुरू हो गये हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से जिला अधिकारी निशा अनंत ने योग दिवस सप्ताह का आरम्भ किया । डी एम ने सेहत ठीक रखने के लिए प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम करने और प्राकृतिक जीवन शैली अपनाने के संदेश दिए। योग प्रशिक्षक धर्मेंद्र वर्मा, प्रेम सुधा सिंह एवं राघवेंद्र द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया। योग के विभिन्न आसन सिखाए गए। 21 जून को आयोजित होने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शासन के निर्देश पर 15 से 21 जून तक योग सप्ताह आयोजित कर सामूहिक योगाभ्यास कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को प्रात : 6 :00 बजे से 7 :00 तक जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। सभी तहसीलों, ब्लॉकों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, नगरीय निकायों आदि जगहों पर भी सामूहिक योग्याभ्यास के कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को योग के महत्व के बारे में बताया गया। योग दिवस में जनप्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं तथा जन सामान्य ने योगाभ्यास किया।

गंगा दशहरा पर्व पर धोपाप धाम में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

सुलतानपुर। लंभुआ मुख्यालय से लगभग आठ किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित प्रसिद्ध पौराणिक स्थल धोपाप में गंगा दशहरा पर्व पर रविवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। धाम में स्थित आदि गंगा गोमती में लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान कर राम जानकी मंदिर में विधि विधान से पूजन अर्चन किया। रविवार की भोर तीन बजे से ही स्नानार्थियों ने स्नान ध्यान शुरू कर दिया जो पूरे दिन भर चलेगा। आसपास के अलावा कई राज्यों एवं जनपदों से आये श्रद्धालु ने स्नान किया। भक्त गणों ने अन्न दान, पिंड दान तथा गौ दान कर पुण्य अर्जित किया।

शनिवार की शाम से ही भक्तों का धाम में आने का सिलसिला जारी हो गया था। धोपाप धाम का बहुत बड़ा महत्व है। मान्यता है कि त्रेता युग में भगवान राम के आगमन से धोपाप धाम चर्चित हुआ था। प्रत्येक वर्ष गंगा दशहरा पर्व पर लाखों श्रद्धालु आदि गंगा गोमती में स्नान करते हैं और भगवान राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं।

ऐसी मान्यता है कि भगवान राम इसी स्थान पर स्नान करके ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति पाए थे। जिस घाट पर भगवान राम ने स्नान किया था उसे रामघाट के नाम से भी जाना जाता है।

सांसद नहीं बल्कि सेवक के रूप में आपकी सेवा करूंगा : किशोरीलाल शर्मा

» जीत के बाद पहली बार हलियापुर पहुंचे सांसद केएल शर्मा

विश्ववार्ता संवाददाता

बल्दीराय, सुलतानपुर। आप लोगों ने हमे अमेठी का सांसद चुना, हम आपके ऋणी है। आपके बीच सांसद नहीं सेवक के रूप में काम करेगे। उक्त बातें अमेठी संसदीय क्षेत्र के बल्दीराय तहसील के गांव में कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करने के दौरान कांग्रेस सांसद के एल शर्मा ने कही।

अमेठी सांसद केएल शर्मा पिपरी में जिला पंचायत सदस्य नरेश चंद्र उपाध्याय दीपू, प्रधान प्रतिनिधि राजा सिंह, प्रधान असलम, डीह में अवधेश सिंह के आवास पर कार्यकर्ता आभार समारोह में अमेठी सांसद केएल शर्मा के जीत के बाद पहली बार पहुंचे। आगमन पर बड़ी संख्या में कांग्रेस व सपा कार्यकर्ताओ ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सांसद केएल शर्मा ने

लोगों को सम्बोधित करते अमेठी सांसद केएल शर्मा

उपस्थित सभी जनता का जीत के लिए धन्यवाद किया। चर्चा के दौरान लोगों से कहा कि आप लोगों ने हमें अमेठी से सांसद के रूप में चुना है कभी भी आप लोगो को कोई समस्या हो तो मुझसे सीधे सम्पर्क व अमेठी आकर कभी भी मिल सकतें हैं मैं आप लोगो की समस्याओं को अपनी समास्या समझकर निस्तारण करने की भरपूर कोशिश करुंगा। सांसद निधि में हर क्षेत्र की बराबर हिस्सेदार रहेगी। आपके सुख-दुख में बराबर शामिल होने का प्रयास करुंगा। कभी शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। अमेठी जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, सुलतानपुर जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, विजय पासी, पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, सहदेव सिंह फौजी, अजय सिंह, बबलू सिंह, सपा नेता अजय सिंह, नफीस, राम मूरत शुक्ला, राम कुमार, निर्भय सिंह, रणविजय सिंह, दिलीप शुक्ला आदि मौजूद रहे।

पुण्यतिथि पर याद आए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबा 'रामलाल'

» बाबा रामलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। अवध किसान आंदोलन की प्रणेता महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबा रामलाल मिश्र की 68वीं पुण्यतिथि जिला पंचायत के सभागार में श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाई गई। बाबा रामलाल के चित्र पर वक्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनूप संडा ने कहा कि बाबा रामलाल जी अंग्रेजों के शासन में समान लोकतंत्र की बात करते थे, जो उस समय बहुत दुस्साहस का काम था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार कमल नयन पांडेय ने कहा कि देश की आज़ादी की लड़ाई में भी जातीय व्यवस्था नहीं शामिल थी, जिस तरह आज हो गई है। उन्होंने कहा कि बाबा रामलाल आजादी की लड़ाई का वो अध्याय हैं जो किसी दशा में भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने देश के किसानों का दर्द जमीदार होते हुए भी समझा और उनके साथ आंदोलन में शामिल होकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ते रहे। डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने कहा कि आज की पीढ़ियों को बाबा रामलाल जी से सीखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के आयोजक बाबा रामलाल के प्रपौत्र व पूर्व नगर पालिका के प्रत्याशी वरुण मिश्र ने आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश पाण्डेय ने किया। इस मौके पर साहित्यकार कवि डीएम मिश्र, डॉ इंद्रमणि कुमार, पूर्व न्यायाधीश आरपी शुक्ल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामार्य पाठक, किशन पाठक, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्र मुन्नू, हौसिला प्रसाद भीम, डॉ. आशुतोष सिंह, हिमांशु मालवीय, योगेश पांडेय, दिनेश मिश्र, नितिन मिश्रा, ज्ञान प्रकाश यादव सभासद अखिलेश मिश्र, गिरीश मिश्र, आशुतोष मिश्र, रजत श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता राहुल त्रिपाठी, महेश मिश्र, अनुराग मिश्र, सत्यम तिवारी, मोहित तिवारी, जयप्रकाश मिश्र, आनंद मिश्र, राजीव मिश्र, अंजनी तिवारी आदि मौजूद रही।

चेतावनी भारत ही नहीं पूरी दुनिया में कम हुआ पानी, सचेत न हुए तो पानी के लिए होगा अगला विश्व युद्ध

हिमाचल से है प्राण दायिनी गंगा का अस्तित्व, कचरा ढोने वाली नदी बनकर रह गई गंगा

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। गंगा दशहरा के अवसर पर अमेठी जल बिरादरी ने संगोष्ठी आयोजित कर भविष्य के जल संकट और जलवायु परिवर्तन के ख़तरों के प्रति जनसामान्य को सचेष्ट करने की कोशिश की है। संगोष्ठी में प्रसिद्ध पानी कार्यकर्ता अरुण तिवारी ने देश के विभिन्न राज्यों में जल भंडार की मौजूदा स्थिति और भूमिगत जल के अंधाधुंध दोहन के कारण उपजे जल संकटों का उल्लेख किया और कहा कि उभरते जल संकट से निपटने के लिए राज और समाज दोनों को आगे आने की जरूरत है।

भारत ही दुनिया के अन्य देशों में भी पानी कम हुआ है। यदि लोग सचेत न हुए तो अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा। रविवार को अमेठी जलबिरादरी की ओर से स्थानीय डाक-बंगला में गंगा दशहरा के अवसर पर गंभीर जल संकट एवं हो रहे व्यापक जलवायु परिवर्तन को लेकर एक विचार गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। पर्यावरणविद् डॉ अर्जुन

कार्यक्रम में शामिल लोग

पाण्डेय ने कहा कि दुनिया भर में गंगा जैसी कोई नदी नही है, जिसका अवतरण हुआ हो। प्राण दायिनी गंगा का अस्तित्व हिमालय से है। हिमालय रहेगा तभी मां गंगा बहेंगी,जब गंगा बहेंगी तभी देश बचेगा। आज मां गंगा कचरा ढ़ोने वाली नदी बनकर रह गयी है।माई को कमाई का साधन बना दिया गया है,जो चिन्ता का विषय है। मुख्य अतिथि अरुण तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गंगा गंगा हैं, यमुना गंगा नहीं हैं। गंगा अस्तित्व एक न एक दिन कायम होके रहेगा।अमेठी का भादर ब्लाक जलभराव का क्षेत्र नही है।एक न एक दिन कोकाकोला बन्द होकर रहेगी। स्थानीय स्तर पर इस उभरते जल संकट से उबरने के लिए राज एवं समाज दोनों को आगे आने की जरूरत है। अध्यक्षता करते हुए एस एन पाल ने कहा कि पंचमहाभूतों में जल का महत्व सर्वोपरि है। जलसंकट से निजात मिले इसके लिए पुरानी पीढ़ी की तरह नैतिक बनने की जरूरत है। मां गंगा पतित पावनी है।

इनके प्रति अपार जनमानस में आस्था है , प्रोफेसर जीडी अग्रवाल उर्फ स्वामी ज्ञान स्वरूप सानंद के बलिदान को यह देश कभी भुला नही सकता, उन्होंने मां गंगा के प्रति जो त्याग किया है वह अविस्मरणीय है।कैलाश नाथ शर्मा ने कहा कि ग्लैशियर का सिकुड़ना खतरनाक है। पहाड़ खोखला होता जा रहा है,जो घोर चिन्ता का विषय है। ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि जल स्वराज से ही ग्राम स्वराज सम्भव है। जल नल योजना बिना बिजली के सम्भव हो सकेगी। सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल ने कहा कि गंगा सकल मुद मंगल मूला।दशहरा दश पापों को हरता है। जगदम्बा तिवारी मधुर ने कहा कि चौमासे में होने वाली वर्षा से धरती के पेट को भरा जा सकता है।रामकुमारी साहु ने कहा कि पौधरोपण से ज्यादा जरूरी उनका रखरखाव करना है।

रामबहोर यादव ने कहा कि बनों का कटान रोकना जरूरी है अन्यथा जीव-जंतुओं का जीना दूभर हो जायेगा। विनीत तिवारी ने कहा कि अब गांवों में भी पानी के पाउच का प्रयोग किया जा रहा है। पानी के बाजारीकरण को रोकना होगा।इस विचार गोष्ठी में जगन्निवास मिश्र, आशुतोष गुप्ता ने भी अपने विचार रखे। ग्राम पंचायत स्तर पर गठित जल प्रबंधन समितियों को सक्रिय करने का बीड़ा अमेठी जल बिरादरी ने उठाया।

एक नजर

मां को देखने एम्स ऋषिकेश पहुंचे योगी

देहरादून। उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में पिछले कई दिन से उपचाराधीन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का स्वास्थ्य स्थिर है। रविवार अपराह्न वह स्वयं अस्पताल पहुंचे और अपनी माता की कुशलक्षेम जानी। योगी निजी दौरे पर एम्स पहुंचे जहां वृद्धावस्था के रोगों के कारण जिरियात्रिक वार्ड में भर्ती माता से मिले। तकरीबन तीस मिनट उनके साथ रहने के बाद वह यहां ट्रामा सेन्टर में उपचाराधीन शनिवार को रुद्रप्रयाग में और रविवार को पौड़ी में हुई दुर्घटना के घायलों से भी मिले। यहां उन्होंने करीब 10 मिनट तक घायलों का हाल-चाल पूछा। उसके बाद वह हेलीकॉप्टर से अपने गंतव्य को रवाना हो गए। उल्लेखनीय है कि शनिवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उनकी माता को देखने पहुंचे थे।

कोटा में एक और छात्र ने की आत्महत्या

कोटा। राजस्थान की कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोटा के महावीर नगर थाना क्षेत्र में एक मकान में पेइंग गेस्ट के रूप में रहकर जेईई की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे मूल रूप से बिहार के रहने वाले एक कोचिंग छात्र आयुष (17) ने शनिवार दोपहर से ही अपने कमरे को बंद कर रखा था। जब शनिवार रात को खाना खाने के लिए भी उसने कमरे को नहीं खोला तो उसके साथी छात्रों ने जाकर दरवाजा खटखटाया। इसके बावजूद जब छात्र ने दरवाजा नहीं खोला तो मकान मालिक को बताया जिन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे तैसे दरवाजा खोला तो कोचिंग छात्र आयुष छत से लटका मिला जिसे लेकर पुलिस अस्पताल गई जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कोटा में किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की इस साल की यह 11वीं घटना है।

अमरनाथ के लिए ऑनलाइन हेलीकॉप्टर बुकिंग

जम्मू। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने इस 29 जून से शुरू होने वाली 52 दिवसीय श्री अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल और पहलगाम मार्गों के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा शुरू कर दी है। बाबा अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। बालटाल मार्ग के लिए, नीलग्रथ-पंजतरणी-नीलग्रथ पर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जा रही है और पहलगाम मार्ग के लिए यह पहलगाम-पंजतरणी-पहलगाम मार्ग पर उपलब्ध होगी। आधिकारिक वेबसाइट पर हेलीकॉप्टर सेवा की ऑनलाइन बुकिंग का लाभ उठाया जा सकता है। ऑफलाइन टिकट या प्राथमिकता उपलब्ध नहीं होगी। बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी। पहलगाम से पंजतरणी तक एक तरफ का किराया 4900 रुपये, दो तरफ का किराया 9800 रुपये, नीलग्रथ से पंजतरणी तक एक तरफ का किराया 3250 रुपये और दोनों तरफ का किराया 6500 रुपये तय किया गया है।

गंगा में चार बच्चों के डूबने की आशंका

आरा। बिहार में भोजपुर जिले के बहोरनपुर पुलिस आउट पोस्ट क्षेत्र में रविवार को गंगा नदी में चार बच्चों के डूबकर मरने की आशंका है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर कुछ लोग शिवपुर घाट पर गंगा नदी में स्नान कर रहे थे। इस दौरान चार बच्चे गहरे पानी में चले गये। डूबे हुए सभी चार बच्चे बिहिया थाना क्षेत्र के बराखरौनी गांव के रहने वाले हैं। सूत्रों ने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल और गोताखोरों की मदद से डूबे बच्चों की तलाश की जा रही है।

अंतिम संस्कार करने आये थे, पांच गंगा में डूबे

पटना। बाढ़ के उमाशंकर घाट पर रविवार की सुबह पांच लोग गंगा में डूब गए। सभी नालंदा से शव का अंतिम संस्कार करने आए थे। अंतिम संस्कार के बाद स्नान के लिए नाव से गंगा के दूसरे छोर पर जाने के दौरान यह हादसा हुआ। डूबने वालों में एनएचएआई के पूर्व क्षेत्रीय अधिकारी अवधेश कुमार और उनके पुत्र समेत पांच लोग शामिल बताए जा रहे हैं। एनडीआरएफ की टीम डूबे लोगों की तलाश कर रही है। पटना के डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली। पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि नाव पर एक ही परिवार के 17 लोग सवार थे। इनमें 12 को नाविकों और स्थानीय गोताखोरों की मदद से बचा लिया गया। एसडीआरएफ टीम भी मौके पर पहुंच गई है और गंगा में डूबे लोगों की तलाश में जुटी है। नाव हादसे में डूबने वालों में अवधेश कुमार (60 वर्ष), उनके पुत्र नीतीश कुमार (30 वर्ष), हरदेव प्रसाद (65 वर्ष) और एक महिला समेत कुल पांच लोग शामिल है।

तेलंगाना में दो समुदायों में झड़प, बाजार बंद

मेडक। तेलंगाना में पशु वध को लेकर दो समूहों के बीच झड़प के बाद मेडक शहर रविवार को बंद रहा। व्यापारिक एवम वाणिज्यिक परिसर स्वेच्छा से बंद हो गए और हिंसा को रोकने के लिए पुलिस को तैनात किया गया। अधिकारी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर को एक समूह ने बकरीद के मौके पर मेडक शहर में पशु वध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस को बंगला तालाब के पास गायों के बारे में शिकायत मिली थी जिन्हें कथित तौर पर वध के लिए लाया गया था। नरसिखेड में जब सर्कल इंस्पेक्टर गायों के बारे में सूचना दे रहे थे, तभी एक समुदाय के एक व्यक्ति ने दूसरे समुदाय के एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इससे दो गुटों के बीच पथराव होने से कस्बे में तनावपूर्ण माहौल बन गया। आंदोलनकारियों ने एक निजी अस्पताल की कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

हज के दौरान जॉर्डन के 14 यात्रियों की मौत

अम्मान। जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। बयान के अनुसार सऊदी अधिकारी 17 लापता तीर्थयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं, हालांकि, उन्होंने त्रासदी के कारण का खुलासा नहीं किया है। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि हज यात्रा के दौरान छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

नयी तबादला नीति में दिव्यांगों को राहत

योगी सरकार ने नीति में खास परिस्थितियों के तहत किया है विशेष छूट का प्रावधान

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। योगी सरकार ने अपनी स्थानांतरण नीति 2024-25 में दिव्यांगों को विशेष रूप से राहत प्रदान की है। नीति के तहत निर्धारित प्राविधानों के अनुसार दिव्यांग कार्मिकों या ऐसे कार्मिक जिनके आश्रित परिवारीजन 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता से प्रभावित हों को सामान्य स्थानांतरण से मुक्त रखा जाएगा। ऐसे दिव्यांग कार्मिकों के स्थानांतरण गंभीर शिकायतों या अपरिहार्य कारणों से ही किए जाएंगे। यही नहीं, दिव्यांग कार्मिक के द्वारा अनुरोध किए जाने पर पद की उपलब्धता के आधार पर उसे उनके गृह जनपद में तैनात करने पर विचार किया जा सकता है। उल्लखेनीय है कि लोकसभा चुनावों के बाद पहली कैबिनेट बैठक में योगी सरकार ने नई

» पति और पत्नी का एक ही जिले में हो सकेगा स्थानांतरण

स्थानांतरण नीति 2024-25 को मंजूरी प्रदान की है। इस नीति में विशेष परिस्थितियों में स्थानांतरण में कई तरह की राहत भी प्रदान की गई हैं।

नयी स्थानांतरण नीति में विशेष परिस्थितियों में स्थानांतरण के लिए विशेष प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इसके अनुसार मंदित बच्चों, चलन क्रिया से प्रभावित दिव्यांग बच्चों के माता-पिता की तैनाती अधिकृत सरकारी चिकित्सक के प्रमाण पत्र के आधार पर विकल्प प्राप्त करके ऐसे स्थान पर की जा सकेगी, जहां चिकित्सा की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो या जहां से उनकी उचित देखभाल हो सके। इसके अलावा किसी अधिकारी/कर्मचारी के व्यक्तिगत कारणों जैसे चिकित्सा या बच्चों की शिक्षा, शासकीय सेवा के दौरान मृत माता या पिता के अवयस्क बच्चों के पालन पोषण, देखभाल के आधार पर स्थान रिक्त होने या दूसरे अधिकारी/कर्मचारी के सहमत होने पर स्थानांतरण या समायोजन किया जा सकेगा बशर्ते कि उस पर कोई प्रशासनिक आपत्ति न हो।

नयी नीति के अनुसार यदि पति और पत्नी दोनों सरकारी सेवा में हों तो उन्हें यथासंभव एक ही जनपद, नगर या स्थान पर तैनात करने के लिए स्थानांतरण किया जा सकेगा। इसी तरह 2 वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले समूह ग एवं घ के कार्मिकों को उनके गृह जनपद एवं समूह क एवं ख के कार्मिकों को उनके गृह जनपद को छोड़ते हुए इच्छित जनपद में तैनात करने पर विचार किया जाएगा। इसके पूर्व में उस मंडल या जनपद में उसकी तैनाती अवधि को संज्ञान में नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा प्रोन्नति, सेवा समाप्ति, सेवानिवृत्ति आदि स्थितियों में प्राप्त रिक्त पदों पर स्थानांतरण किए जा सकेंगे। यदि किसी कार्मिक को प्रोन्नति के उपरांत किसी अन्य स्थान पर रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्त किया जाता है तो इस प्रक्रिया को स्थानांतरण नीति से आच्छादित नहीं माना जाएगा तथा प्रोन्नति के बाद रिक्त पदों पर तैनाती, नियुक्ति प्राधिकारी के स्तर से की जाएगी। हालांकि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस प्रकार के स्थानांतरण पारदर्शी व वस्तुनिष्ठ सिद्धांत के अनुसार हों।

भारत सरकार द्वारा घोषित प्रदेश की आकांक्षी जिला योजना से संबंधित 8 जिले (चित्रकूट, चंदौली, सोनभद्र, फतेहरपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती व बहराइच) एवं प्रदेश के घोषित 100 आकांक्षी विकासखंडों में प्रत्येक विभाग द्वारा प्रत्येक दशा में समस्त पदों पर तैनाती करके संतृप्त किया जाएगा।

इन आकांक्षी जिलो एवं बुंदेलखंड के सभी जनपदों के साथ ही 34 जनपदों के 100 आकांक्षी विकास खंडों में तैनात कार्मिकों को स्थानांतरण के बाद उनके नियंत्रक प्राधिकारियों द्वारा तब तक अवमुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि उनके प्रतिस्थानी द्वारा कार्यभार ग्रहरण न कर लिया जाए। यह प्रतिबंध आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, पीसीएस एवं पीपीएस अधिकारियों पर लागू नहीं होगा।

जसोदा बेन ने मनाया उत्तराखंड में जन्मदिन

देहरादून। देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी की पत्नी जशोदा बेन अपने जन्म दिन पर पिछले तीन दिन से देवभूमि उत्तराखंड में अध्यात्मिक यात्रा पर हैं। वह अपने भाई और उनकी पत्नी अर्थात अपनी भाभी के साथ शनिवार पूर्वाह्न ऋषिकेश पहुंची, जहां उन्होंने हरिद्वार मार्ग स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। पुष्ट जानकारी के अनुसार, पूजन अर्चन के पश्चात यह सभी अत्यन्त गोपनीय रूप से लगभग तीन घंटे तक अपने व्यक्तिगत परिचित के निवास पर समय बिताने के बाद, हरिद्वार के लिए रवाना हुए। हरिद्वार में श्रीमती बेन अपने परिजनों के साथ, मायाकुंड में अपने पारिवारिक गुरु महामंडलेश्वर अभिराम दास त्यागी महाराज के यहां पहुंची। उल्लेखनीय है कि श्रीमती बेन अपने गुरु के गुरु श्री रामानंद संत आश्रम में प्रायः आती रहती हैं। उनका ऋषिकेश से विशेष लगाव है। वह यहां भी प्रायः आती हैं। पिछले वर्ष वह नीलकंठ की यात्रा पर भी गईं थीं।

राफा में सामरिक विराम, रुका कत्लेआम

एजेंसी

राफा। दक्षिणी गाजा के शहर राफा में जमकर नरसंहार के बीच इजरायली सेना और हमास ने कत्लेआम रोक दिया है। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के आदेश पर आईडीएफ और दूसरी तरफ हमास ने रविवार को लगातार जंग की अपनी जिद छोड़ दी। आईडीएफ की तरफ से घोषणा की गई कि अधिक से अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक दिन शहर में हमला नहीं होगा।

सेना ने बताया कि राफा में सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक 'सामरिक विराम' रहेगा और अगले आदेश तक यह प्रभावी रहेगा। उधर हमास ने भी सामरिक विराम के लिए हामी भरी है। इजरायल और हमास के बीच महीनों से चल रहे कत्लेआम का आलम यह है कि मरने वालों में ज्यादातर संख्या निर्दोष फिलिस्तीनियों की है। अब तक इस युद्ध में करीब 40 हजार लोग काल के ग्रास में समा चुके हैं। इजरायल राफा में पिछले कुछ दिनों से उन राहत शिविरों को निशाना बना रहा है, जहां गाजा से अपनी जान बचाकर लोगों ने शरण ली है। हालांकि इजरायल का यह भी दावा है कि उसका निशाना हमास के आतंकी हैं, जो राहत शिविरों में आम फिलिस्तीनियों के वेश में शरण लिए हुए हैं।

राफा से पहले गाजा में भी मौत का जमकर तांडव हो चुका है और अब बारी राफा की है। इजरायली सेना का कहना है कि गाजा के बाद अब राफा ही इकलौती जगह बची है, जो हमास का आखिरी गढ़ है। इजरायल ने पिछले दिनों दो राहत शिविरों पर हमला किया था, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे मारे गए।

» बेंजामिन नेतन्याहू और हमास दोनों ने छोड़ी जिद

हालांकि सेना की तरफ से कहा गया कि हमले में हमास के कमांडर भी ढेर हुए। इजरायल ने कुछ दिन पहले एक ऑपरेशन में अपने चार नागरिकों को हमास की कैद से छुड़ाया था, जो पिछले साल 7 अक्तूबर को हुए हमले के बाद से हमास की गिरफ्त में थे। इजरायल की सेना लगातार हमलों से हमास ही नहीं निर्दोष फिलिस्तीनियों की जान ले रही है। जान ही नहीं आम लोगों के लिए जीना भी मुहाल हो गया है। खाने को दाना नहीं बचा है और कई लोग भुखमरी से दम तोड़ रहे हैं। जब से इजरायल और हमास के बीच युद्ध शुरू हुआ है, संयुक्त राष्ट्र से लेकर तमाम अंतरराष्ट्रीय मानवीय एजेंसियां गाजा और अब राफा के लोगों के लिए नर्क बने जीवन पर चिंता जता रहे हैं। अमेरिका से लेकर तमाम देश संघर्ष विराम की मांग उठा रहे हैं। अब हालांकि रविवार को इजरायली सेना और हमास की तरफ से एक दिन के सामरिक विराम की घोषणा हुई है। सेना ने बताया कि एक दिन का यह संघर्ष विराम आम लोगों को अधिक से अधिक सहायता पहुंचाने के लिए किया गया है।

आईडीएफ ने जानकारी दी कि इजरायल के नियंत्रण वाले केरेम शालोम चौराहे तक सहायता ट्रकों को पहुंचाने के उद्देश्य से सामरिक विराम की घोषणा की गई है। ये ट्रक केरेम शालोम चौराहे से गाजा के अन्य भागों में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए सलाह-ए-दीन राजमार्ग पर सुरक्षित रूप से जा सकेंगे।

अयोध्या लाया जा रहा है देश का सबसे बड़ा धनुष

लंबाई इतनी कि हाईवे के तारों में फंसा, चार हजार किलो की गदा पहुंची

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। अयोध्या में देश का सबसे लंबा धनुष और बाण स्थापित होगा। धनुष की लंबाई 33 फीट और वजन 3400 किलो है। धनुष के साथ 3900 किलो की गदा भी लगेगी।

गदा और धनुष-बाण पंच धातु से बनाए गए हैं। इसे राजस्थान में सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्रीजी सनातन सेवा संस्थान ने बनवाया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा- सूचना मिली है कि कुछ भक्त गदा और धनुष-बाण लेकर आ रहे हैं। पहले उसे कारसेवकपुरम में रखा जाएगा, फिर तय किया जाएगा कि इन्हें कहां स्थापित किया जाए।

राजस्थान से अयोध्या के बीच पांच पड़ाव पार करते हुए यह कारवां अयोध्या पहुंच रहा है। इसमें पहला पड़ाव बर में, दूसरा जयपुर में, तीसरा आगरा में था। चौथा पड़ाव लखनऊ में, फिर पांचवां और आखिरी पड़ाव है अयोध्या। हर पड़ाव में कई प्रमुख राजनेताओं, साधु-संतों और आम लोग इस गदा और धनुष का स्वागत कर रहे हैं। इस यात्रा को निकालने के लिए पिछले तीन महीने से तैयारी की जा रही थी। मार्च से कारीगरों से लेकर यात्रा निकालने वाले लोग इसमें लगे हुए थे। यात्रा में साथ चलने वाले लोगों के लिए 105 एसी बसों का इंतजाम किया गया। राजस्थान से ही इन बसों में लोग धनुष-बाण और गदा के साथ अयोध्या पहुंच रहे हैं।

सबसे पहले पाली में हाईवे पर 72 फीट बालाजी से कुछ आगे राम धनुष का रथ रोकना पड़ा था। वजह बनी हाईटेंशन लाइन। दरअसल धनुष की लंबाई ज्यादा होने से वह हाईवे पर हाईटेंशन तार से टकरा रहा था। यात्रा को रोककर बिजली विभाग को सूचना दी गई। हाईवे टीम मौके पर पहुंची और धनुष लिए रथ को सड़क के किनारे कराया ताकि किसी हादसे से बचा जा सके। आगे बढ़ने से पहले रास्ते में ही धनुष की लंबाई कम की गई। धनुष को लेकर ट्रोला लखनऊ के करीब पहुंच गया है।

अब तक की जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा में 17 फीट लंबा और 900 किलो वजनी धनुष स्थापित है। वहीं देश की सबसे वजनी और लंबी गदा इंदौर के पितृ पर्वत पर स्थापित है। इसका वजन 21 टन और लंबाई 45 फीट है। सुमेरपुर के कारीगर कैलाश सुथार धनुष-बाण और गदा के बारे में बताते हुए कहते हैं कि भगवान श्रीराम का धनुष और भगवान हनुमान की गदा बनाने का काम उनकी फर्म वास्तु आर्ट शिवगंज को मिला था। उन्होंने और उनके साथी हितेश सोनी की देखरेख में 20 कारीगरों ने लगातार 75 दिन काम किया। कारीगरों ने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है। हर किसी को ऐसा सौभाग्य नहीं मिलता है। हमें मिला तो लग कर इसे पूरा किया।

श्रीराम के धनुष-बाण और हनुमान की गदा भक्तों के दान दिए पैसों से बनी है। इसकी प्लानिंग से लेकर तैयार होने तक सब का जिम्मा श्रीराम भक्तों ने अपने कंधे पर लिया। 12 जून को यात्रा निकलने से पहले भी लोगों ने चर्चा की आगे की रूपरेखा को आकार दिया। भक्तों ने ही इसके निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग दिया है। इसमें करीब 35 से 40 लाख रुपए राशि इकट्ठा की गई। इसके आयोजक गोपालजी मंदिर के पुजारी रमेश पंडित, आयोजन के सूत्रधार रामलाल माली शिवगंज, कान्तिलाल माली अरठवाड़ा, कैलाश सिरोही शामिल रहे।

ओवरस्पीड और नींद से होते हैं पहाड़ में हादसे

विश्ववार्ता ब्यूरो

देहरादून। उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे मुश्किलों भरे गुजरे है। चिंता की बात है कि पिछले 24 घंटे में पांच अलग-अलग सड़क हादसों में 19 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अलग-अलग जिलों में सड़क हादसों में 35 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। घायलों को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एम्स ऋषिकेश पहुंच कर घायलों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

उत्तराखंड के 13 जिलों में से पौड़ी में रविवार शाम तक तीन कारें गहरी खाई में गिरी हैं। रुद्रप्रयाग में शनिवार को टेंपो ट्रैवलर के अलकनंदा नदी में गिरने से 14 यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई थी। हल्द्वानी में भी एक कार गहरी खाई में गिर गई थी जिसकी वजह से परिवार के छह सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एक्सपर्ट की बात मानें तो पहाड़ों पर ओवर स्पीडिंग के साथ ही ड्राइवर को नींद की झपकी आने से सड़क हादसे हो रहे हैं। चिंता की बात है कि ड्राइवर की थोड़ी सी भी लापरवाही की वजह से गाड़ी गहरी खाई में गिर जा रही है।

एम्स ऋषिकेश में सड़क दुर्घटना में घायलों का हालचाल लेते सीएम योगी आदित्यनाथ।

» सीएम योगी ने एम्स में भर्ती घायलों का हालचाल जाना

रविवार शाम तक पौड़ी जिले में एक टैक्सी समेत दो प्राइवेट कारें खाई में गिर गईं। तीन अलग-अलग सड़क हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए। हादसों में घायल हुए दो को एयरलिफ्ट भी किया गया।पौड़ी जिले में रविवार की सुबह को सतपुली-कोटद्वार हाइवे पर कुल्हाड़ बैंड के पास एक बुलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे वाहन में सवार 10 लोग घायल हो गए। ये सभी लोग बीरोंखाल ब्लाक के कसानी के रहने वाले है और हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। इसके बाद खिर्सू-कठूली लिंक मोटरमार्ग पर एक शादी की कार दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में जा गिरी। जिसमें 4 की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 3 घायल हो गए।

गंभीर दो घायलों को एयरलिफ्ट किया गया। वहीं सतपुली में दंगलेश्वर महादेव मंदिर के पास रेतपुर से सतपुली की ओर जा रही एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। पौड़ी के डीएम डा.आशीष चौहान ने हादसों पर दुख जताते हुए कहा कि हादसों की समीक्षा की जाएगी। सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

यह लास्ट है, अब और नहीं मांगूगा

आईएमएफ के दरवाजे पहुंचा पाक, निकाला भीख का कटोरा

विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी

नयी दिल्ली। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने अपनी अवाम से वादा किया है कि उनकी सरकार पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को खड़ा करेगी। विदेशी फंडिंग और बेलआउट पैकेज पर उसकी निर्भरता को कम करके पड़ोसी देशों को आर्थिक मोर्चे पर पीछे छोड़ देंगे। अपनी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर टेलीविजन पर देश को संबोधन दे रहे शरीफ ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि यह बेलआउट पैकेज पाकिस्तान के इतिहास का आखिरी पैकेज होगा।



पाकिस्तान की सरकार अपनी धीमी अर्थव्यवस्था को ताकत देने के लिए आईएमएफ से एक और बेलआउट पैकेज लेने पर बातचीत कर रही है। यह पैकेज 6 से 8 बिलियन डॉलर का हो सकता है। हाल ही में आए पाकिस्तानी बजट में भी पाकिस्तान ने आईएमएफ की शर्तों के अनुसार ही नीतियां बनाने का प्रयास किया था। शरीफ ने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि हमारी सरकार अगले पांच साल में गैर-जरूरी खर्चों को कम करेगी और युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा और स्किल्स के लिए नयी नीतियां बनाने और उनको लागू करने पर काम करेगी। उन्होंने कहा इंशाअल्लाह, यह पाकिस्तान के इतिहास का आखिरी बेलआउट पैकेज होगा।

पाक पीएम ने कहा कि इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हम सभी को अपने मुल्क की खातिर परेशानियां उठानी पड़ेगी। यह रास्ता मुश्किल भरा है, हमारी सरकार यह बदलाव करने के लिए तैयार है। शरीफ ने कहा कि हम उन सभी संस्थानों, विभागों और मंत्रालयों को बंद करेंगे जो अवाम के लिए कोई काम नहीं करते और देश पर एक बोझ की तरह हैं।

अपनी 100 दिन की सरकार की पीठ थपथपाते हुए शरीफ ने दावा किया कि 4 मार्च, जबसे वह सत्ता में बैठे हैं तबसे मंहगाई दर 38 फीसदी से घटकर 12 फीसदी पर आ गई है साथ ही साथ लोन की ब्याज दर भी 22 फीसदी से घटकर 20.5 फीसदी पर आ गई है। भ्रष्टाचार से अपनी लड़ाई की बात करते हुए पीएम ने जोर देकर कहा कि फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू जो कि 100 प्रतिशत डिजिटलकृत होगा हमारी सरकार उसको इन सबसे बचाए रखने का प्रयास करेगी। शरीफ ने कहा कि हर दहशतगर्द, स्मगलर और टैक्स चोर अर्थव्यवस्था के दुश्मन हैं। सरकार और अवाम को साथ में प्रयास करना होगा तभी पाकिस्तान लोन के इस दुष्चक्र से बाहर निकल पाएगा।

दिल्ली में पानी के लिए होने लगी मारपीट

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली में पानी को लेकर हंगामा मचा हुआ है। मारपीट तक होने लगी है। छतरपुर स्थित दिल्ली जल बोर्ड के कार्यालय में लोगों ने जमकर तोड़फोड़ की है। इस तोड़फोड़ के बाद दिल्ली सरकार और बीजेपी के बीच तकरार और बढ़ गई है। दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में पानी रोकने को लेकर तीन तरह की साजिशें चल रही हैं। आतिशी ने कहा कि इस वक्त दिल्ली भीषण गर्मी का सामना कर रही है और इस मुश्किल घड़ी में बीजेपी दिल्ली वालों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। बीजेपी दिल्ली वालों के ख़िलाफ़ साज़िश रच रही है। इस साज़िश के तीन हिस्से हैं। जिसमें पहला हिस्सा हरियाणा की बीजेपी सरकार से दिल्ली के हक़ का पानी रुकवाना है। जिस वजह से वज़ीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर एक बूंद पानी नहीं बचा है।

जल मंत्री आतिशी ने कहा कि सुबह साउथ दिल्ली के विभिन्न इलाकों में सुबह से पानी नहीं आ रहा है क्योंकि शनिवार

» छतरपुर जल बोर्ड कार्यालय में तोड़फोड़, आतिशी ने कहा- सब भाजपा की साजिश

को मुख्य पाइपलाइन को जानबूझ कर तोड़ दिया गया है। हरियाणा सरकार को पानी नहीं देने के लिए बोलना पहली साजिश है। पाइपलाइनों को तोड़ना और वाटर सप्लाई को रोकना साजिश का दूसरा चरण है। तीसरे चरण के बारे में आज पता चला है कि बीजेपी हंगामा करने के लिए गुंडों को दिल्ली जल बोर्ड के ऑफिस में भेज रही है। आतिशी ने कहा कि जितना भी पानी दिल्ली के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट उत्पादित करते हैं, उतना पानी पाइपलाइन के द्वारा आगे भेजा जाता है। अब इन पाइपलाइनों को नुक़सान पहुंचाया जा रहा है। भाजपा के नेता कैसे टूटी पाइपलाइन के आगे पहुंच जाते हैं? वो फोटो क्लिक कराते हैं। कल साउथ दिल्ली को पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइन जो सोनिया विहार से दक्षिणी दिल्ली को पानी देती है, वह टूटी हुई पाई गई।

खुलासा त्रिपुरा में भूमिगत सुरंगों से 10 लाख में बॉर्डर पार कराने का इंतजाम, बसाये जाते हैं देश के 14 राज्यों में

बांग्लादेश से हर महीने भारत आ रहे 200 रोहिंग्या

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। भारत सरकार एक ओर जहां देश में अवैध रूप से बसे 40 हजार से अधिक रोहिंग्या घुसपैठिये मुसलमानों को वापस उनके देश में भेजने के प्रयास कर रही है, वहीं बांग्लादेश की सीमा में घुसपैठ कर हर महीने 200 से अधिक रोहिंग्या भारत लाये जा रहे हैं। इसके बाद इन रोहिंग्या मुसलमानों को फर्जी पहचान देकर देश के 14 राज्यों असम, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और केरल में बसाया भी जा रहा है। यह सब कार्य एक अंतरर्राष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह द्वारा किया जा रहा है।

हाल ही में एनआईए की टीम ने इस मानव तस्कर गिरोह के मास्टरमाइंड जलील मियां को गिरफ्तार किया है। उसने पूछताछ के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। एनआईए जलील से उसके गिरोह के अन्य संदिग्धों के बारे में पूछताछ कर रही है। आरोपी जलील मियां त्रिपुरा का रहने वाला है। उस पर एनआईए ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। जलील मियां पकड़े गए गिरोह के मुखिया जिबोन रूद्र पाल उर्फ सुमन का पार्टनर है, जिसे एनआईए ने पहले गिरफ्तार किया था। जलील मियां के सहयोगी जज मियां और शंतो अभी भी फरार हैं। एनआईए उनकी तलाश कर रही है। ये सभी मानव तस्करी के गिरोह को त्रिपुरा से ही ऑपरेट करते थे। जलील को पहले भी एनआईए ने 8 नवंबर 2023 को उसके घर पर गिरफ्तार करने का प्रयास किया था, मगर वह फरार होने में कामयाब रहा था।

इसके बाद एनआईए ने उसके गिरोह के 29 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। जांच में सामने आया है कि बांग्लादेश में मौजूद गिरोह के लोग भारत में बसने की चाह रखने वाले रोहिंग्या मुसलमानों को 10 से 20 लाख रुपये (14 से 28 लाख बांग्लादेशी टका) में उन्हें सीमा पार करा कर भारत पहुंचाने और यहां पर फर्जी पहचान के जरिये बसाने का पैकेज दे रहे हैं। एनआईए के सूत्र बताते हैं कि मानव तस्करी गिरोह की जांच के दौरान जांच एजेंसियों को एक चौंकाने वाला तथ्य भी पता चला है। सामने आया है कि रोहिंग्या घुसपैठियों को भारत में घुसपैठ कराने से पूर्व या बाद में उन्हें भारतीय लहजे में हिंदी, असमी और अन्य भारतीय भाषाओं का ज्ञान और ट्रेनिंग भी दी जाती है ताकि जब रोहिंग्या घुसपैठिए भारत पहुंचे तो उसके बोलने के लहजे से उसकी पहचान न हो सके। इसके अलावा घुसपैठिए द्वारा जो भाषा सीखी जाती है, वह तय करती है कि उसे अवैध रूप से भारत के किस राज्य में बसाया जा सकता है।

यह गिरोह हर रोज बांग्लादेश से 5 से 10 लोगों को भारत में घुसपैठ कराता था। इसके लिए बांग्लादेश की सीमा के साथ लगते असम, मिजोरम, मेघालय और त्रिपुरा राज्यों में भूमिगत सुरंगें बना रखी है। घुसपैठ के जरिए भारत में आने के बाद घुसपैठियों का हुलिया बदल दिया जाता है ताकि कोई उन पर शक न कर सके। इसके बाद उन्हें किसी अज्ञात जगह पर कुछ दिनों के लिए रखा जाता है। इस दौरान घुसपैठियों की फोटो लेकर उनके फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्हें दिए जाते हैं।

यूनाइटेड नेशंस हाई कमिश्नर फॉर रिफ्यूजीज के अनुसार दिल्ली में 1000 रोहिंग्या शरणार्थी रजिस्टर्ड हैं। हालांकि इनकी वास्तविक संख्या इससे ज्यादा होने का अनुमान है। भारत में रोहिंग्या की बसावट के मामले में दिल्ली प्रमुख स्थानों में से एक है। दिल्ली में कम से कम पांच ऐसे अनौपचारिक शिविर मौजूद हैं, जहां रोहिंग्या की आबादी बड़ी संख्या में है। यहां जसोला, यमुना नदी के किनारे, श्रम विहार, कंचन विहार और साउथ दिल्ली स्थित मदनपुर खादर समेत पांच ऐसे इलाके हैं, जहां रोहिंग्या मुस्लिमों की आबादी है। दिल्ली में रोहिंग्या मुस्लिम अपना धर्म तक बदलने लगे हैं।

भारत में 2012 के बाद से रोहिंग्या मुस्लिमों की संख्या तेजी से बढ़ी है। गृह मंत्रालय ने यूएनएचआरसी के हवाले से बताया कि भारत में दिसंबर 2021 तक 18 हजार रोहिंग्या मुस्लिमों के होने की जानकारी मौजूद है। 2017 में मोदी सरकार ने राज्यसभा में बताया था कि भारत में करीब 40 हजार रोहिंग्या आबादी अवैध रूप से रह रही है। सरकार ने कहा था कि महज दो साल के अंदर ही देश में रोहिंग्या की आबादी 4 गुना बढ़ गई।